वर्ष-07 - अंक 272
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
गुरुवार ,09 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

दीक्षांत समारोह में 1246 विद्यार्थियों को उपाधि, 125 मेधावियों ....... 3
महसूस होने वाला तापमान बने गर्मी का पैमाना.............................. 4
विद्यालय के मार्ग की दशा दयनीय व चिंताजनक ~ कांग्रेस नेता........ 11

## अगले वर्ष तक सभी राज्य मुख्यालयों पर शुरू होंगे एफआरआरओ कार्यालय : अमित शाह

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं आप्रवासन प्रणाली की समीक्षा की। सभी हवाई अड्डों पर चरणबद्ध तरीके से स्वचालित एक्स-रे ट्रे रिटर्न प्रणाली लागू की जाएगी। अगले वर्ष तक सभी राज्य मुख्यालयों पर एफआरआरओ कार्यालय स्थापित होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अगरतला एवं जेवर हवाई अड्डों पर अधिकृत आप्रवासन जांच चौकियां शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। अमित शाह ने मानव संसाधन लागत को कम करने के उद्देश्य से देश के सभी एयरपोर्टों पर चरणबद्ध तरीके से स्वचालित एक्स-रे ट्रे प्रणाली स्थापित करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नये हवाईअड्डों में स्वचालित एक्स-रे ट्रे प्रणाली ही स्थापित करने के उचित मापदंड तय किये जाएं। उन्होंने एयरपोर्ट में प्रवेश के लिए एंट्री लेन, चेक-इन काउंटर, सुरक्षा जांच लेन और आप्रवासन काउंटर के मध्य आपसी पारस्परिक निर्भरता को ध्यान में रखते हुए एक समीकरण तैयार किया जाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी टचपॉइंट पर पैसेंजर प्रवाह में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो। यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एयरपोर्ट के प्रत्येक टचपॉइंट पर समन्वित योजना तैयार की गई है।गृह मंत्री अमित शाह ने निर्देश दिया कि नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के सुरक्षा मापदंड अनुसार यात्री-सुविधा




बढ़ाने और वाणिज्यिक क्षेत्र को निर्धारित मानक में ही रखने के लिए 21 प्रक्रियाधीन तथा शेष 41 एयरपोर्ट को विकसित करने के लिए पैसेंजर्स ट्रैफिक के अनुसार प्राथमिकता निर्धारित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इन 62 एयरपोर्ट पर अगले दो वर्ष में कार्य पूर्ण किया जाए।नागरिक विमानन मंत्रालय पैसेंजर ट्रैफिक और एयर ट्रैफिक के आधार पर सभी एयरपोर्ट्स के लिए एरोब्रिज की संख्या संबंधी मानदंड निर्धारित करे। बैगेज ड्रॉप की सुविधा प्रमुख 16 हवाई अड्डों के अतिरिक्त अन्य उच्च पैसेंजर आवागमन वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि एक्स-रे स्क्रीनिंग के लिए प्रायोजित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) स्टाफ की शैक्षणिक योग्यता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। साथ ही उपयुक्त शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उपलब्ध अधिकारी और कर्मचारियों को एक्स-रे स्क्रीनिंग कार्य में नियोजित किया जाए। अगरतला और जेवर एयरपोर्ट पर अधिकृत आप्रवासन चौकी शीघ्रता से प्रारंभ की जाए।

# चित्रकूट शस्त्र और शास्त्र का अनुसंधान केंद्र बनेगा : सीएम योगी

### मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 950 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**चित्रकूट(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15वीं बार भगवान श्रीराम की तपोभूमि पहुंचे। सीएम योगी का विशेष विमान चित्रकूट एयरपोर्ट की हवाई पट्टी पर पहुंचा। इसके बाद चित्रकूट इंटर कालेज के परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। यहां लोगों ने जय श्रीराम उद्घोष के साथ सीएम का स्वागत किया। उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट इंटर कालेज मैदान में आयोजित जनसभा में 950.89करोड़ रुपये की लागत वाली 124 विकास परियोजनाएं जनपद को समर्पित कीं। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 950 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।सीएम ने संबोधन की शुरुआत जय श्रीराम के उद्घोष से की। उन्होंने कहा, आज मुझे प्रभु श्रीराम के संकट के समय में संबल बना चित्रकूट आध्मिक नहीं है बल्कि त्रिकाल दर्शी महर्षि वाल्मीकि को आश्रम बनाना पड़ा। गोस्वामी तुलसीदास ने जन्म लिया। कामदगिर और मंदाकिनी की कृपा और सती अनुसुइया आश्रम के ऊर्जा पूरे प्रदेश को गौरवान्वित करती है। ऐसी धरा में आने का मौका मिला है।सीएम ने 950 करोड़ की सौगात के लिए बधाई दी। महर्षि वाल्मीकि की आज्ञा से भगवान राम चित्रकूट आए। यहां पर 12



वर्ष उन्होंने ऋषि मुनियों व कोल भीलों के साथ रहे। पहले चित्रकूट में डकैतों के भय यहां कोई नहीं आते थे। सड़के नहीं थी। राजापुर में कोई काम नहीं हुआ था। पहले आते थे तो यहां उपेक्षित सा लगता था। पहली बार मैंआया था तो अधिकारियों को चित्रकूट को विकसित करने को कहा। आज मैं मिर्जीपुर से आया तो बदला चित्रकूट दिखा। चोटी में एयरपोर्ट है बुंदेलखंड एक्सप्रेस लाइफ लाइन है। उन्होंने कहा, आजादी के बाद से क्षेत्र उपेक्षित था। अब डिफेंस कारिडोर बन रहा है जल्द ही हम बड़े निवेश को आने वाले हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के प्रधानमंत्री के दौरा का उल्लेख करते हुए कहा कि चित्रकूट शस्त्र और शास्त्र का अनुसंधान केंद्र बनेगा। सपा को ठेका और पट्टा से फुर्सत नहीं है। उनको जमीन कब्जा करने से फुर्सत नहीं है। वह तो सरकार का डंडा है कि कर नहीं पा रहे है। उन्हें 2022 विधान सभा व 2024 की हार की टीस साफ नजर आई। कहा कि चित्रकूट से कोई विधायक होता और सांसद होता को और विकास होगा। कहा, मैं विकास के लिए पीडब्लूडी को मंत्री को साथ में लेकर आया है कि चित्रकूट, राजापुर और कर्वी मे क्या होना है। उसके लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे। वह डॉक्टर लोहिया के नाम पर सियासत करते हैं। लेकिन सत्ता में आते हैं तो परिवार को बढ़ाते है। वंश वाद और परिवार वाद से ऊपर उठ नहीं पाते है विकास से कोई मतलब नहीं है। डॉक्टर लोहिया के नाम पर प्रदेश में रामायण मेला शुरू हुआ था लेकिन आज समाजवादी राम से दूरी बनाते हैं बाबर को आर्दश बनाते हैं। जब ये लोग भारत की विरासत का सम्मान नहीं कर सकते तो भारत का विकास नहीं कर सकते है मैं यही कहने आया हूं। सीएम ने कहा, जगद्गुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय को राज्य का दर्जा पहले भी मिल सकता था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पहले गरीबों के आवास की धन में सपाई डांका डालते थे। अब डबल इंजन की सरकार में नहीं है। अब निवेश चित्रकूट में भी आ रहा है भय नहीं है फोर लेन सड़कें है। किसान को फसल बीमा और सिंचाई योजना का लाभ मिल रहा है किसान सम्मान निधि भी मिल रही है आज उसकी उपज को खरीदा जा रहा है।

## दिल्ली में पांच मंजिला मकान ढहा: मलबे में दबकर एक की मौत और दो घायल

**दिल्ली(एजेंसी)।** राजधानी में मंगलवार से रह-रहकर हो रही बारिश के बीच बुधवार शाम रोहिणी में एक पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत जमींदोज हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। एल-शेप कोने की इमारत का मलबा सड़क पर आ गिरा। वहां से गुजर रहा एक बाइक सवार मलबे की चपेट में आ गया, जबकि रोड पर खड़ी कई गाड़ियां भी मलबे की चपेट में आ गईं। अफरा-तफरी के बीच फौरन पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी गई। हादसे के समय इमारत में कई मजदूर काम कर रहे थे। वह मलबे में दब गए। कुछ ही देर बाद पुलिस व दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव का काम शुरू हुआ। मलबे से निकालकर बाइक सवार व दो मजदूरों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया गया जबकि बाकी दो मजदूरों का उपचार जारी है। दूसरी ओर हादसे की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, डीडीएमए, एमसीडी समेत बाकी बचाव दल मौके पर पहुंच गए। कई जेसीबी लगाकर मलबा हटाने का काम जारी है। मलबे में चार से पांच और लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।पुलिस के मुताबिक हादसा रोहिणी सेक्टर-16 के जी-4 में हुआ। यहां कौने पर प्लॉट नंबर-150 में 26-26 गज के दो प्लॉट को जोड़कर ग्राउंड फ्लोर के अलावा ऊपर चार मंजिलों का निर्माण किया गया था। सभी फ्लोर का लेंटर भी डाल



दिया गया था। अब बाहर से बल्लियां लगाकर उसके प्लस्टर करने के अलावा फिनिशिंग का काम चल रहा था।मंगलवार से हो रही बारिश की वजह से बुधवार को काम करने वाले राजमिस्त्री और मजदूरों की संख्या भी अन्य दिनों के मुकाबले कम थी। शाम करीब 4.20 बजे अचानक इमारत भरभराकर गिर गई। इसका मलबा जी-4 और जी-5 के बीच मौजूद 20 फुटा रोड पर जा गिरा। यहां सड़क पर कई कारें खड़ी थीं। इसके अलावा सड़क से भी लोग गुजर रहे थे। मलबे में वहां से गुजर रहा बाइक सवार दब गया। तेज आवाज के साथ इमारत गिरी तो आसपास मौजूद लोग घरों से निकले और मदद के लिए भागे। सबसे पहले मलबे में दबे दो मजदूरों को निकाला गया। इसके बाद बाइक सवार को भी निकाल लिया। बाद में इनको पीसीआर की मदद से अंबेडकर अस्पताल भेजा गया। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस, दमकल की 6 गाड़ियां, एंबुलेंस, डीडीएमए की टीम, एनडीआरएफ और दूसरी सिविक एजेसियां वहां पहुंची। बाद में जेसीबी की मदद से मलबा हटाना शुरू हुआ। इसके अलावा दमकल कर्मियों व एनडीआरएफ की टीम ने कटर की मदद से लेंटर को काटना भी शुरू कर दिया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन: हिमकोटी मार्ग पर बैटरी कार सेवा बंद

**कटड़ा (जम्मू)।** श्री माता वैष्णो देवी भवन जाने वाले हिमकोटी मार्ग पर भूस्खलन (लैंडस्लाइड) होने की वजह से ट्रैक को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए एहतियातन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। फिलहाल बैटरी कार सेवा रोक दी गई है। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, भूस्खलन के तुरंत बाद ट्रैक पर गिरे मलबे और पत्थरों को हटाने का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। मशीनों और कर्मचारियों की मदद से रास्ते को जल्द से जल्द साफ करने के प्रयास किए जा रहे हैं। बोर्ड प्रशासन का कहना है कि मलबा पूरी तरह हटने और मौसम सामान्य होने के बाद सुरक्षा जांच की जाएगी, जिसके बाद ही इस मार्ग को दोबारा खोला जाएगा।प्रशासन ने यात्रा पर आए श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और भवन तक जाने के लिए पारंपरिक व अन्य वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। श्राइन बोर्ड लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। श्रद्धालुओं को सलाह दी गई है कि वे आगे बढ़ने से पहले मार्ग की ताजा स्थिति की जानकारी जरूर ले लें।

### जन्मदिन पर सौरव गांगुली को मिला बड़ा तोहफा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज बाएं हाथ के बल्लेबाज सौरव गांगुली को बुधवार (8 जुलाई) को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। इसके साथ ही वह यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले भारत के 12वें क्रिकेटर बन गए। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने के बाद सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने करियर का बड़ा सम्मान बताया।गांगुली ने लिखा 'आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का मुझे हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के लिए धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। इतने महान खिलाड़ियों की सूची का हिस्सा बनना अद्भुत एहसास है।' उन्होंने आगे कहा कि हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले भारतीय क्रिकेटरों की विशेष सूची में जगह मिलना उनके लिए गर्व की बात है।आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने के बाद सौरव गांगुली अब भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों की खास सूची का हिस्सा बन गए हैं। इस सूची में सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीरेंद्र सहवाग, बिशन सिंह बेदी, कपिल देव, अनिल कुंबले, वीनू मांकड़, डायना एडुल्जी, नीतू डेविड और एमएस धोनी जैसे महान खिलाड़ियों के नाम पहले से शामिल हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर दी ईरान को धमकी

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अमेरिका आज रात ईरान पर एक और हमले की तैयारी कर रहा है। इससे कुछ घंटे पहले ही उन्होंने बयान दिया था कि युद्धविराम खत्म हो गया है। फिर से संघर्ष शुरू होने की संभावना के सवाल पर ट्रंप ने कहा, हमने कल रात उन पर बहुत जोरदार हमला किया था। हम शायद आज रात फिर से उन पर जोरदार हमला करेंगे। ट्रंप ने यह बयान तुर्किये के अंकारा में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि ये हमले होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में जारी कार्रवाई का हिस्सा हैं।ईरान के बारे में ट्रंप ने कहा, वे बहुत गलत व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान ने जहाजों पर ड्रोन और एक मिसाइल से हमला किया



है। इससे पहले, अमेरिका की सेना ने ईरान में 80 से अधिक ठिकानों पर किया था। अमेरिका ने ईरान में वायु रक्षा प्रणाली, तटीय रडार केंद्र, कमान और नियंत्रण केंद्रों को निशाना बनाया। इसके अलावा, इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े करीब 60 जहाजों पर भी हमला किया गया।नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात से पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप ने आगे भी सैन्य कार्रवाई के संकेत दिए। ट्रंप ने कहा, मैं पहले ही एक छोटी-सी चेतावनी दे देता हूं। आज रात हम उन पर जोरदार हमला करने जा रहे हैं। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका लाइसेंस देगा, ताकि रूस का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन के लिए विदेश में पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली का निर्माण किया जा सके। ट्रंप ने फिर चेतावनी दी कि अमेरिका ईरान के नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमला कर सकता है और खर्ग द्वीप पर कब्जा करने की कोशिश कर सकता है।

## दिल्ली में तय होगा महासचिव का नाम

**अयोध्या(एजेंसी)।**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की 22 जुलाई को प्रस्तावित बैठक से पहले विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक 19 और 20 जुलाई को दिल्ली में आयोजित होगी। इस बैठक में राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद ट्रस्ट की प्रशासनिक व्यवस्था, संगठनात्मक बदलाव और नए महासचिव के चयन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की यह बैठक पहले 25 से 29 जून के बीच अयोध्या में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे दिल्ली स्थानांतरित कर 19-20 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस बार प्रतिनिधियों की संख्या भी सीमित कर दी गई है। पहले प्रत्येक प्रांत से चार-चार प्रतिनिधियों को बुलाने की योजना थी, जबकि अब दो-दो प्रतिनिधियों को ही आमंत्रित किया गया है।

## गुरुग्राम में 16 जुलाई को निकलेगी तृतीय श्री जगन्नाथ रथयात्रा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित साई का आंगन में 16 जुलाई को तृतीय श्री जगन्नाथ रथयात्रा-2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त आध्यात्मिक चिंतक, मानवतावादी लेखक और जगन्नाथ संस्कृति के संवाहक डॉ. चंद्रभानु सतपथी के मार्गदर्शन में होगा। आयोजकों के अनुसार, रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं, समाजसेवियों, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों और आध्यात्मिक साधकों के शामिल होने की उम्मीद है। डॉ. चंद्रभानु सतपथी पिछले तीन दशकों से साई आंदोलन के माध्यम से आध्यात्मिक जागरण और मानव सेवा के कार्यों से जुड़े हैं। वर्ष 2009 में उन्होंने गुरुग्राम स्थित पावर ग्रिड मंदिर में श्री जगन्नाथ रथयात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद वर्ष 2011



में अमेरिका के डलास एवं नैशविल तथा वर्ष 2012 में ह्यूस्टन में श्री जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन कर इस पावन परंपरा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित किया। वर्ष 2024 में उनके मार्गदर्शन में साई का आंगन, गुरुग्राम में इस रथयात्रा की शुरुआत हुई थी, जो अब क्षेत्र के प्रमुख वार्षिक आध्यात्मिक आयोजनों में शामिल हो चुकी है।रथयात्रा का शुभारंभ 16 जुलाई को अपराह्न तीन बजे भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और श्री सुदर्शन की पारंपरिक 'पहंडी बीजे' शोभायात्रा के साथ होगा।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी की घटना पूरे विश्व में फैली हर सनातनी हुआ इससे आहत : अखिलेश यादव

**लखनऊ(एजेंसी)।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या के मंदिर से चढ़ावा, चंदा व दान चोरी का समाचार समस्त विश्व में फैल चुका है। दुनिया के विभिन्न देशों में रहने वाला सनातनी भाजपा और उनके संगी-साथियों के कृत्यों से हो रही बदनामी की वजह से शर्मसार हैं और इसलिए आहत भी कि उन्होंने भी मंदिर में दान-चंदा भिजवाया था या स्वयं आकर चढ़ाया था। इस प्रकरण से विश्व में सनातन समाज आक्रोशित है, क्योंकि धर्म के साथ देश को भी भाजपा के अधर्मियों के कारण अपयश का शिकार



होना पड़ रहा है।अखिलेश यादव ने कहा कि दुनिया भर के निवेशक भी अब अपना हाथ खींच रहे हैं क्योंकि उन्हें लग रहा है कि ऐसी सरकार का क्या भरोसा जिसने अपने भगवान के दानपात्र तक को नहीं छोड़ा, वो कल को हमारे निवेश को क्या छोड़ेगी। भाजपा सरकार ने अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक विश्वसनीयता पूरी तरह खो दी है।

# पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट का सफल परीक्षण

**चांदीपुर(एजेंसी)।**भारत ने स्वदेशी रक्षा तकनीक के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार, 8 जुलाई 2026 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) में पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट का सफल उड़ान परीक्षण किया। यह परीक्षण उपयोगकर्ता (भारतीय सेना) द्वारा तय की गई 60 किलोमीटर की न्यूनतम मारक दूरी के लिए किया गया।रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस सफल परीक्षण ने साबित



किया कि पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट तय लक्ष्य तक सटीकता के साथ पहुंचने में सक्षम है। परीक्षण के दौरान रॉकेट को सेना में पहले से इस्तेमाल हो रहे पिनाका लॉन्चर से दागा गया। इससे यह भी साबित हुआ कि एक ही लॉन्चर से अलग-अलग दूरी तक मार करने वाले पिनाका रॉकेटों को दागा जा सकता है।पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट को डीआरडीओ की आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (एआरडीई) ने विकसित किया है। इसमें हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी (एचईएमआरएल) की प्रमुख भूमिका रही। इसके अलावा डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी (डीआरडीएल) और रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने भी तकनीकी सहयोग दिया। वहीं, उड़ान परीक्षण का समन्वय इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) और प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल एस्टैब्लिशमेंट (पीएक्सई) ने किया।

## जान बचाने में किया गया हमला आत्मरक्षा का हिस्सा : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**प्रयागराज(एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 40 साल पहले हुई हत्या में मिली उम्रकैद से दो सगे भाइयों को बरी कर दिया। कहा कि जान बचाने के लिए किया गया हमला आत्मरक्षा का हिस्सा है। यह फैसला न्यायमूर्ति जेजे मुनीर, न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने टीकम सिंह उनके बेटे चितेंद्र और मुनेश की ओर से सजा के खिलाफ दाखिल अपील स्वीकार करते हुए सुनाया है। मामला मुरादाबाद के बनियाठेर थाना क्षेत्र का है। चार अगस्त 1986 को मुरादाबाद के विजयपुर गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। आरोप लगा कि टीकम सिंह ने बेटे चितेंद्र सिंह और मुनेश के साथ हथियारबंद होकर रामवीर सिंह पर हमला कर दिया। इससे रामवीर सिंह की मौत हो गई थी। 23 दिसंबर 1987 को ट्रायल कोर्ट ने तीनों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी।



इसके खिलाफ इन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया।कोर्ट ने माना कि टीकम सिंह घटना के समय बुजुर्ग हो चुके थे। साथ ही शारीरिक रूप से दिव्यांग थे। उन पर रामवीर के पक्ष ने हमला किया। इसमें उन्हें 20 चोटें आई थीं। टीकम सिंह के बेटे चितेंद्र और मुनेश ने अपने पिता की जान बचाने के लिए आत्मरक्षा में बल का प्रयोग किया था, जो कानूनन सही है।कोर्ट ने पाया कि अभियोजन घटना का असली कारण और टीकम सिंह को आई चोटों के बारे में सच छिपा रहा था। इसके अलावा घटना में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी न होना भी अभियोजन के दावों पर सवाल खड़ा करता है। मुख्य आरोपी टीकम सिंह की अपील के दौरान मृत्यु हो चुकी थी। लिहाजा, कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए चितेंद्र सिंह और मुनेश को सभी आरोपों से बरी कर दिया है।

## पोरबंदर एयरफील्ड के पास 'दृष्टि-10' यूएवी क्रैश, ट्रेनिंग के दौरान हादसा

**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर में बुधवार दोपहर भारतीय नौसेना का मानव रहित विमान (यूएवी) दृष्टि-10 प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ड्रोन पोरबंदर एयरफील्ड से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद नियंत्रण खो बैठा और धारमपुर गांव के पास एक खुले मैदान में क्रैश हो गया। इस हादसे में किसी के घायल होने या जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।पोरबंदर के जिला कलेक्टर एस. डी. धनानी ने बताया कि यह यूएवी धारमपुर गांव के पास खुले मैदान में गिरा, जो पोरबंदर शहर से करीब छह किलोमीटर दूर है। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय नौसेना के अधिकारी और अन्य संबंधित टीमें मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। जिला कलेक्टर ने बताया कि हादसे में किसी व्यक्ति की मौत या चोट नहीं आई है। ड्रोन आबादी से दूर खुले क्षेत्र में गिरा, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## ममता बनर्जी की रैली में भिड़े टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ता

**बालीगंज(एजेंसी)।**पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेत्री ममता बनर्जी की रैली के दौरान जमकर हंगामा और बवाल हुआ। बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ के बीच निकाले जा रहे इस मार्च में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। न्यूज एजेंसी एएनआई के ताजा फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे दोनों तरफ के लोग एक-दूसरे से बुरी तरह उलझ पड़े। इस हंगामे के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव है।यह हाई-वोल्टेज ड्रामा उस समय शुरू हुआ जब टीएमसी नेता ममता बनर्जी की अगुवाई में पार्टी का जुलूस बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान वहां भाजपा के समर्थक भी पहुंच गए और दोनों



राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। पहले दोनों तरफ से तीखी बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को धक्का देते हुए 'चोर, चोर' के नारे लगाने शुरू कर दिए। पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में निकाला जा रहा था मार्च। यह पूरी झड़प और धक्का-मुक्की कोलकाता के बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ के बीच हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया चोरी का खुलासा, 4 गिरफ्तार, 14 कुन्तल सरिया बरामद



**बस्ती।** बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने सरिया चोरी के मामले का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में पुरानी बस्ती थाने पर मुकदमा संख्या 137/2026 दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्तों को अलग अलग ठिकानों से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 28 बंडल सरिया बरामद किया जिसका कुल वजन 14 कुंतल सरिया बरामद हुई गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रवि सिंह पुत्र सूर्य बख्श सिंह निवासी एस 310 सेक्टर एफ एलडीए कालोनी कानपुर रोड, लखनऊ (ट्रक चालक), मुण्डेरवां थाना क्षेत्र के भुडली गांव निवासी शुभम चौधरी पुत्र रामजीत चौधरी, नरियांव गांव निवासी गयासुद्दीन पुत्र सिराजुल हक तथा रमवापुर निवासी सुरेश पुत्र महादेव के रूप मे हुई है। सीओ सदर सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी ने प्रेस को ब्रीफ करते हुये जानकारी दी कि सभी अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया है। मामले के अनावरण मे थानाध्यक्ष शशांक शेखर राय और उनकी टीम का योगदान रहा।

### स्व. दादा तेजभान सिंह को कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे ने दी श्रद्धांजलि

#### शोक संतप्त परिवार से मिले मंत्री मनोज पांडे




**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज पांडे एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा विधान परिषद सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह ने विकास खंड जामों के ग्राम अचलपुर पहुंचकर पूर्व विधायक स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने स्व. तेजभान सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपनी भावपूर्ण श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान मंत्री मनोज पांडे एवं एमएलसी महेंद्र प्रताप सिंह ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का संबल दिया। उन्होंने स्व. तेजभान सिंह के जनसेवा और सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व एवं कार्य क्षेत्र के लोगों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र, भवानी दत्त दीक्षित, गोविंद सिंह चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रकाश यादव पर फायरिंग मामले में तीन गिरफ्तार, दो तमंचे बरामद

**देवरिया।** जनपद के लार थाना क्षेत्र में प्रकाश यादव पर जानलेवा फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। आरोपितों ने पूछताछ में आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार छह जुलाई को ऑलमाइटी मेमोरियल स्कूल, पिंडी के पास प्रकाश यादव को जान से मारने की नीयत से गोली मारी गई थी। इस मामले में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान बुधवार को मुखबिर की सूचना पर जमसड़ा गांव के पास एक निर्माणाधीन मकान से शौर्य यादव मद अमीना, शिवम यादव भागलपुर, मईल और अमित यादव आदर्शनगर पिंडी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में शौर्य यादव के पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला, जबकि उसकी निशानदेही पर घटनास्थल से एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। शिवम यादव के पास से भी 315 बोर का अवैध तमंचा मिला। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में शस्त्र अधिनियम की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में दो का पूर्व आपराधिक इतिहास भी है। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### बिजली की चपेट में आने से भैंस की मौत

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कसमार में बुधवार की दोपहर में बिजली की चपेट में आने से एक भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कसमार निवासी छंगुर यादव पुत्र राम दास की भैंस पानी पीने जा रही थी इसी दौरान बिजली पोल में करंट प्रवाहित था भैंस उसी की चपेट में आ गई जिससे मौत हो गई।

# चढ़ावा चोरी पर कांग्रेस ने निकालीसद्बुद्धि पदयात्रा

### ट्रस्ट को भंग करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केउत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को बस्ती में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व में 'सद्बुद्धि पदयात्रा' निकाली गई। पदयात्रा जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर गायत्री शक्तिपीठ मंदिर तक पहुंची, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रार्थना सभा कर कार्यक्रम का समापन किया।समय और कैलेंडर इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि इस प्रकरण से करोड़ों रामभक्तों की आस्था आहत हुई है, इसलिए पूरे मामले की उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। जिला अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मांग है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही श्रीराम मंदिर ट्रस्ट को भंग कर मंदिर की व्यवस्था चारों पीठों के शंकराचार्यों एवं श्रीराम मंदिर के सम्मानित महंतों को सौंपी जाए।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' बृजेश आर्य, डा. वाहिद अली सिद्दीकी, डा. आलोक रंजन, शौकत अली 'नन्दू', नर्वदेश्वर शुक्ला, अलीम अख्तर, मो. रफीक खान आदि ने कहा कि संघ परिवार, विश्व हिन्दू परिषद और भारतीय जनता पार्टी का चाल, चेहरा चरित्र उजागर हो गया है। श्रीराम मंदिर के चंदे की चोरी से देश के श्रीराम भक्तों की आस्था को गहरा आघात लगा है। अच्छा हो कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और जिम्मेदार चुप्पी तोड़े। मांग किया कि जिम्मेदारों की गिरफ्तारी के साथ ही श्रीराम भक्तों की आस्था से खिलवाड़ कर आलीशान मकान आदि बनवाने वाले लोगों के घरों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुलडोजर चलवाये।

## ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार अभियुक्तों शिवम मौर्या पुत्र रामकैलाश मौर्या निवासी ग्राम भनौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष, मुकेश भारती पुत्र शम्भूनाथ निवासी ग्राम पूरे गंगा मजरे कस्थुनी पश्चिम थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त मुकेश भारती के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 12 बोर हुआ।

मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सके। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होने यह मोटरसाइकिल करीब 27-28 दिन पहले अलीगंज कट से चोरी की थी। उक्त मोटरसाइकिल की चोरी के संबंध में थाना बंधुआ कला जनपद सुलतानपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में 15 जुलाई को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** उप जिला निर्वाचन अधिकारी वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि आगामी निर्वाचन की तैयारियों के क्रम में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में 15 जुलाई, 2026 को अपराह्न 02:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में मतदेय स्थलों के सम्भाजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे, जिससे निर्वाचन संबंधी तैयारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रतिभाग करें, ताकि मतदेय स्थलों के सम्भाजन की कार्यवाही सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा हैं: शिवभूषण सिंह

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़ा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत रामकुमार स्मारक महाविद्यालय, शुकुल बाजार में भव्य जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर राष्ट्र निर्माण, संगठन सुदृढ़ीकरण तथा डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह रहे। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी द्वारा भारत की एकता और अखंडता के प्रबल समर्थक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

मुख्य अतिथि शिवभूषण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान का विरोध करते हुए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय लोकतंत्र और राष्ट्रवाद के इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश पासी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी संगठन की कार्यशैली और देश के विकास की आधारशिला हैं।

सम्मेलन में जिला महामंत्री विषुव मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, जगदीशपुर




ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित पासी, गिरीश चंद्र शुक्ला, पंडित राम उंजेरे शुक्ला, उद्योगपति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, जिला प्रवक्ता चंद्रमौली सिंह, मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष प्रभात शुक्ला, हिंदेश सिंह, उपमा सरोज, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. ओंकार नाथ सिंह, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हरिनाम सिंह, मंडल अध्यक्ष संतोष शुक्ला, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्रा, दिनेश कौशल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित, संगठन विस्तार और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

## जंगीगंज सहकारी समिति पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध डीएपी, किसानों को आसानी से मिल रही खाद

**जंगीगंज।** धान की रोपाई का मौसम शुरू होने से पहले किसान सेवा सहकारी समिति, जंगीगंज पर डीएपी खाद लेने के लिए किसानों की आवाजाही बढ़ गई है। समिति पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने से किसानों को बिना किसी परेशानी के डीएपी मिल रही है। खाद लेने पहुंचे किसानों ने व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार खाद के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। किसान सेवा सहकारी समिति के सचिव कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मंगलवार से किसान बड़ी संख्या में डीएपी खाद ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार केवल फार्मर आईडी वाले किसानों को ही खाद वितरित की जा रही है। हालांकि क्षेत्र के लगभग 96 प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है, इसलिए अधिकांश किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन करीब 40 से 50 किसान खाद लेने समिति पर पहुंच रहे हैं। वर्तमान में समिति पर 36 टन डीएपी तथा लगभग 22 टन यूरिया का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और खाद की किसी प्रकार की कमी नहीं है।

## केएमसीएलयू के 11वें दीक्षांत समारोह में मां-बेटी सम्मेलन का आयोजन





### छात्राओं ने शिक्षा और सशक्तिकरण का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएमसीएलयू ) के 11वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित 'मां-बेटी सम्मेलन' में छात्राओं और उनकी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, बालिकाओं की उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा माताओं को बेटियों की शिक्षा के लिए प्रेरित करना था। सम्मेलन के दौरान छात्राओं और उनकी माताओं से सीधा संवाद किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के महत्व, करियर निर्माण, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और भविष्य की चुनौतियों जैसे विषयों पर चर्चा हुई। छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए, जबकि माताओं ने बेटियों की शिक्षा में परिवार की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में डॉ. इला पांडे (एमडी इंटरनल मेडिसिन, एमबीबीएस) ने छात्र-छात्राओं की मेडिकल काउंसलिंग करते हुए स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

दीक्षांत समारोह के बाद विश्वविद्यालय के प्रो. शौबान सईद ने बताया कि इस वर्ष 799 स्नातक (यूजी), 437 स्नातकोत्तर (पीजी) तथा 10 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। कुल उपाधि प्राप्त करने वालों में 495 छात्राएं और 751 छात्र शामिल रहे। उन्होंने बताया कि 939 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 120 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन सहित प्रथम श्रेणी तथा 177 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के अनुसार इस वर्ष कुल 125 पदक प्रदान किए गए, जिनमें 74 पदक छात्राओं और 51 पदक छात्रों को मिले। कुल 110 पदक विजेताओं में छात्राओं की हिस्सेदारी 59.20 प्रतिशत रही, जो उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों का प्रमाण है। हालांकि दीक्षांत समारोह के दौरान कुछ समय के लिए अव्यवस्था भी देखने को मिली।

आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने केवल प्रथम श्रेणी में पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ही राज्यपाल के हाथों सम्मानित कराया, जबकि अन्य श्रेणियों के पदक विजेताओं को मंच पर सम्मानित होने का अवसर नहीं मिला। इससे नाराज कुछ छात्र-छात्राएं अपनी सीटों से उठकर राज्यपाल तक पहुंचने का प्रयास करने लगे। स्थिति को देखते हुए कार्यक्रम कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। इस दौरान आनंदीबेन पटेल को हस्तक्षेप कर व्यवस्था बहाल करनी पड़ी। उन्होंने समारोह में हुई अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए आयोजकों को भविष्य में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री के संभावित 10 जुलाई दौरे को लेकर बस्ती में तैयारियां तेज..



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया तहसील मुख्यालय पर माननीय मुख्यमंत्री के 10 जुलाई के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। प्रशासनिक तैयारियां तेज जारी हैं। कार्यक्रम स्थल हेलीपैड, मार्ग व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी पल-पल तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। संबंधित विभागों को समयबद्ध ढंग से सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मुख्यमंत्री के संभावित आगमन के दौरान किसी प्रकार की कमी न रहे। विभिन्न विभागों की टीमें अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन में जुटी हैं और तैयारियों की लगातार समीक्षा की जा रही है। संभावित दौरे को लेकर पूरे प्रशासनिक अमले में हलचल तेज है।

## करंट की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत

### पंखे का प्लग लगाते समय हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र के सुजिया गांव में सोमवार को करंट लगने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह हादसा एक बार फिर घरेलू विद्युत सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर गया है। जानकारी के अनुसार, सुजिया गांव निवासी तारा देवी अपने घर में पंखे का प्लग लगा रही थीं। इसी दौरान अचानक वह तेज करंट की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजनों ने उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उनकी हालत अत्यंत गंभीर हो गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही गौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। यह हादसा इस बात की भी याद दिलाता है कि घरेलू विद्युत उपकरणों के उपयोग में थोड़ी-सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी विद्युत उपकरण का प्लग लगाने या निकालने से पहले तार, प्लग, स्विच और अर्थिंग की स्थिति की जांच अवश्य कर लेनी चाहिए। यदि कहीं कटे हुए तार, ढीले कनेक्शन या करंट उतरने की आशंका हो तो तुरंत बिजली विभाग अथवा प्रशिक्षित इलेक्ट्रिशियन की सहायता लेनी चाहिए ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने विद्युत उपकरण, जर्जर वायरिंग और अर्थिंग की कमी के कारण इस तरह की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहती हैं। ऐसे में घरेलू विद्युत व्यवस्था की नियमित जांच, आवश्यक मरम्मत और लोगों में विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

## वीर शहीद नरेंद्र कुमार यादव के परिवार के साथ खड़े हुए दिया 50 हजार का सहयोग- मनीष मिश्रा

### नौकरी और मकान निर्माण में सहयोग का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के यशस्वी गरीबों मसीहा समाजसेवी मनीष मिश्रा ने देश के वीर सपूत अमर शहीद स्वर्गीय नरेंद्र कुमार यादव के पैतृक गांव अहरा मुंडेरवा पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर कभी नहीं मरते, बल्कि वे प्रत्येक भारतीय के हृदय में सदैव अमर रहते हैं। मनीष भैया ने कहा कि शहीदों का बलिदान शब्दों से कहीं अधिक महान होता है। ऐसे वीर सपूतों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब समाज उनके परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और सहयोग के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों के कारण ही हम सभी सुरक्षित हैं और उनका ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता।

शहीद के परिवार से मुलाकात के दौरान मनीष भैया ने 50,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने अपनी संस्था 'पहल' के माध्यम से परिवार के एक सदस्य को नौकरी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, ताकि परिवार को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग मिल सके।उन्होंने शहीद परिवार के लिए पक्का मकान बनवाने का वादा भी किया। मनीष भैया ने कहा कि वह ऐसा घर बनवाना चाहते हैं जिसकी हर ईंट देश के वीर सपूत के अमर बलिदान की गाथा सुनाए और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा दे।मनीष भैया ने यह भी कहा कि यह केवल एक औपचारिक सहायता नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाने का प्रयास है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि शहीद के परिवार की हर संभव सहायता भविष्य में भी की जाएगी और परिवार को किसी भी आवश्यकता के समय अकेला नहीं छोड़ा



जाएगा। उन्होंने कहा, 'यह कोई एहसान नहीं, बल्कि उस तिरंगे का सम्मान है, जिसके लिए हमारे वीर जवान अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि मुझे इतना सामर्थ्य दें कि मैं अपने सभी संकल्प पूरे कर सकूं। यही उस अमर शहीद के प्रति मेरी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। 'अंत में मनीष भैया ने अमर शहीद स्वर्गीय नरेंद्र कुमार यादव को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि देश सदैव अपने वीरों का ऋणी रहेगा और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह शहीदों के परिवारों के सम्मान और सहयोग के लिए आगे आए।

## बस्ती का बढ़ा मानः पत्रकार राहुल सिंह के छोटे भाई विशाल ने बी.फार्मा में प्रथम श्रेणी व विशेष योग्यता के साथ रचा सफलता का नया इतिहास

### डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय से प्राप्त की डिग्री, दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में मिला सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जनपद बस्ती के होनहार छात्र एवं पत्रकार राहुल सिंह के छोटे भाई विशाल ने शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। वर्ष 2026 में उन्होंने बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी.फार्मा) की परीक्षा प्रथम श्रेणी एवं विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है विशाल ने यह उपाधि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय से प्राप्त की। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उन्हें डिग्री प्रदान की गई। यह सम्मान आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में तथा आशीष पटेल के हाथों प्रदान किया गया।

विशाल की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का परिणाम




मानी जा रही है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि लगन, समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि बस्ती जनपद के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है। परिजनों ने बताया कि विशाल बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहे हैं और अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार मेहनत करते रहे। शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वह फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। विशाल की इस शानदार सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवा न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे बस्ती जनपद का गौरव बढ़ाते हैं।

## भलुअनी-रुद्रपुर मार्ग निर्माण के लिए भूमि निर्धारण पर मंथन

**देवरिया।** भलुअनी-रुद्रपुर मार्ग के निर्माण कार्य को गति देने के उद्देश्य से बुधवार को ब्लॉक सभागार भलुअनी में भूमि के अंश निर्धारण एवं दर निर्धारण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम बरहज हरिशंकर लाल ने की। इसमें लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जंग बहादुर सिंह, राजस्व विभाग एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ प्रभावित गांवों भरवटिया उपाध्याय, करौंदी, बढ़पुरवा, सिधरिया और भलुअनी के भूमि स्वामियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। अधिकारियों ने भूमि अधिग्रहण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ग्रामीणों की आपत्तियां और सुझाव सुने। भूमि के अंश निर्धारण एवं मुआवजा दर पर आम सहमति बनाने का प्रयास किया गया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों का निस्तारण नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा, ताकि किसी भी किसान या भूमि स्वामी के साथ अन्याय न हो। बैठक में परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए सभी संबंधित पक्षों से सहयोग की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था मजबूत होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

## खाकी का साथ, सपनों की सौगातः चंदौली की 40 महिलाओं का पहली बार काशी दर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**वाराणसी/चंदौली-** '40 साल हो गए... शहर देखने का अवसर नहीं मिला।' चंदौली जिले के नौगढ़ थाना क्षेत्र के दूरदराज पांडी गांव की महिलाओं की यह सहज-सी बात सुनकर वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री वैभव कृष्ण और चंदौली के पुलिस अधीक्षक श्री आकाश पटेल ने इसे मात्र संवाद तक सीमित नहीं रहने दिया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत चंदौली पुलिस ने इन महिलाओं के वर्षों पुराने सपने को साकार कर दिया। पांडी गांव जंगलों और पहाड़ियों से घिरा एक आदिवासी बहुल इलाका है, जो कभी नक्सल प्रभावित भी रहा। यहां की अधिकांश महिलाएं, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, गांव की सीमा से बाहर कभी नहीं निकलीं। गरीबी, खराब कनेक्टिविटी और परिवहन की कमी के कारण उनका जीवन गांव की संकीर्ण गलियों तक सिमटा रहा। 15 जून को गांव में समुदाय आउटरीच कार्यक्रम के दौरान डीआईजी वैभव कृष्ण के साथ हुई बातचीत में जब यह खुलासा हुआ कि महिलाएं काशी विश्वनाथ मंदिर और वाराणसी देखना चाहती हैं, तो अधिकारी तुरंत सक्रिय हो गए।

चंदौली पुलिस के नेतृत्व में विशेष बस की व्यवस्था की गई। सोमवार को सुबह करीब 9 बजे गांव पहुंची बस में 40 महिलाओं के साथ उनके 10 पुरुष परिजन और बच्चे भी शामिल हुए। कुल करीब 50 लोगों का यह समूह पुलिस की सुरक्षा में वाराणसी पहुंचा। यात्रा के दौरान उन्हें काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना का अवसर मिला, साथ ही शहर के प्रमुख मंदिरों और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया गया।

महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि यह उनके जीवन की सबसे यादगार यात्रा है। दुर्गावती देवी, सरस्वती, कलावती, पुष्पा और प्रभावती जैसी महिलाओं के चेहरे पर उत्साह साफ झलक रहा था। एसपी आकाश पटेल ने बताया कि मिशन शक्ति के उद्देश्य के अनुरूप यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें नई दुनिया से रू-ब-रू कराने और उनके आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए की गई है। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि लक्ष्य है कि ये महिलाएं प्रेरित हों, बड़े सपने देखें और समझें कि वे भी सशक्त और आर्थिक रूप से समृद्ध जीवन जी सकती हैं। यह आयोजन



उत्तर प्रदेश पुलिस के मिशन शक्ति 5.0 का हिस्सा है, जिसमें महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर जोर दिया जा रहा है। चंदौली पुलिस की इस पहल की सराहना स्थानीय स्तर पर हो रही है। यह उदाहरण दर्शाता है कि पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बल्कि सामाजिक बदलाव और समुदाय की भावनाओं को जोड़ने में भी सक्रिय भूमिका निभा सकती है। खाकी ने साबित किया - सपने पूरे होते हैं, बस सही साथ चाहिए।

# दीक्षांत समारोह में 1246 विद्यार्थियों को उपाधि, 125 मेधावियों को पदक

## उच्च शिक्षा मंत्री बोले- शिक्षा केवल डिग्री नहीं, राष्ट्र सेवा का संकल्प है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह बुधवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में 1,246 विद्यार्थियों को उपाधियां तथा 125 मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक प्रदान किए गए। पदक पाने वालों में 74 छात्राएं और 51 छात्र शामिल रहे। सभी विद्यार्थियों की उपाधियां एवं अंकपत्र डिजिलॉकर पर उपलब्ध कराए गए।

समारोह के दौरान सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जनपद औरैया के आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 250 आंगनबाड़ी किट वितरित की गई, जबकि 300 बेटियों का एचपीवी टीकाकरण भी कराया गया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और पदक विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि उनके माता-पिता के त्याग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव' का उल्लेख करते हुए सभी अभिभावकों और शिक्षकों का सम्मान किया। मंत्री ने कहा कि पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है तथा उन्हें समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणा बनना होगा। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी निराश न होकर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान करते हुए कहा कि 'कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता।' उन्होंने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है और सीखने की प्रक्रिया जीवनभर चलती रहती है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विश्व विद्यालयों की गुणवत्ता, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और यूजीसी ग्रेडिंग में उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक ग्रेडेड विश्वविद्यालयों वाला राज्य बनकर उभरा है। अपने संबोधन के अंत में योगेंद्र उपाध्याय ने विद्यार्थियों से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की प्रतिभा, नवाचार और राष्ट्र सेवा की भावना सबसे बड़ी ताकत होगी।

# लखनऊ में 18 ड्रग इन्सपेक्टरों की संयुक्त कार्यवाही 12 फर्मों का संचालन तत्काल रोका गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य में काउंटरफीट और स्पूरियस दवाओं के पूरे नेटवर्क व सप्लाई चेन को जड़ से उखाड़ने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा चलाए जा रहे व्यापक अभियान के क्रम में लखनऊ में 06 जुलाई 2026 की रात को मेट्रो स्टेशन आलमबाग के पास आलमबाग बस स्टेशन विभाग द्वारा एक गत्ते के कार्टन में भारी मात्रा में संदिग्ध नकली एलोपैथिक औषधियाँ बरामद की गई। कार्टन में निर्माता फर्म डध्े ज्वततमदज चेंतउंबमनजपबंसे स्जकण् की बहुचर्चित ब्रैन्ड बेलउवतंस थ्वतजम की 4800 टैबलेट और निर्माता फर्म डध्े त्मसंग चेंतउंबमनजपबंसे की ब्रैन्ड ळनकबर्मा च्सने, की 2940 टैबलेट सीज की गई जिसका मूल्य लगभग 1.6 लाख रु0 है। ळनकबर्मा च्सने के कार्टन एवं स्ट्रिप्स पर कई प्रिंटिंग त्रुटियाँ ळनकबर्मा च्सने की पैकिंग एवं स्ट्रिप्स का मूल उत्पाद से तुलनात्मक परीक्षण करने पर कई गंभीर त्रुटियाँ पाई गई, जिससे यह स्पष्ट रूप से नकली/स्पूरियस होने की पुष्टि हुई। वाराणसी निवासी विमल कुमार सिंह पुत्र रमेश कुमार सिंह को मौके पर गिरफ्तार किया गया, जिसने स्वीकार किया कि ये औषधियाँ वाराणसी के मेसर्स न्यू सर्जिकल, चौधरी कटरा संदीप श्रीवास्तव पुत्र मुन्ना लाल श्रीवास्तव से बिना बिल-लाइसेंस के खरीदकर लखनऊ भेजी थीं। प्रकरण में आलमबाग थाना में ठछै 2023 की धारा 318(4), 319(2), 276, 277, 278 के तहत थ्प् नंबर 0086/2026 दर्ज कराई गई। प्राप्त सूचना के आधार पर ही त्वरित कार्यवाही करते हुए जनपद वाराणसी में भी 6 जुलाई 2026 को मडुवाडीह थाना क्षेत्र के चौधरी कटरा स्थित मेसर्स न्यू सर्जिकल जिसके स्वामी संदीप श्रीवास्तव पुत्र मुन्ना लाल श्रीवास्तव है, पर विभाग द्वारा पुलिस दल के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान बिना वैध औषधि अनुज्ञप्ति के भारी मात्रा में एलोपैथिक औषधियाँ अवैध रूप से भंडारित पाई गई। दुकान मालिक संदीप श्रीवास्तव को मौके पर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने औषधियाँ संजय सिंह चौहान जो प्रयागराज निवासी है एवं गौरव शर्मा जो वाराणसी के है, से खरीदने की बात कबूल की। मौके पर संदिग्ध 12 औषधियों के नमूने नियमानुसार लिए गए तथा शेष माल सील कर जब्त किया गया, जिसका मूल्य रु0 लगभग 25 लाख है। प्रकरण में मडुवाडीह थाना में ठछै 2023 की धारा 277, 278 एवं 318(4) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई। पूरा प्रकरण ब्रांडेड कंपनियों की डुप्लीकेट/नकली दवाओं के अंतर-जनपदीय रैकेट से जुड़ा होने की आशंका है जिसकी जांच जारी है। दोनों प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों/फ़र्मों के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत सक्षम न्यायालय में नियमानुसार दाखिल किए जाएंगे।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ.प्र. के कार्यकारी अध्यक्ष बने उमंग निगम

**● विशेष बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय, संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 7 जुलाई 2026 राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश की विशेष बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से उमंग निगम को तत्काल प्रभाव से परिषद का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार निगम द्वारा जारी हस्ताक्षरित आदेश के अनुसार, संगठन के विस्तार, कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान तथा परिषद की गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए यह नियुक्ति की गई है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्री उमंग निगम को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूती के साथ कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करेगा। प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार निगम ने बताया कि परिषद प्रदेश के कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर निरंतर सक्रिय है तथा संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति से संगठनात्मक कार्यों में और अधिक गति आएगी तथा कर्मचारियों की आवाज को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

# 22 जुलाई को लखनऊ में सजेगा 'नेक्स्ट जेन आइकॉनिक मिस, मिस्टर एवं मिसेज इंडिया 2026' का ग्रैंड फिनाले

**अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश विजेताओं को पहनाएंगी क्राउन, प्रेस वार्ता में हुआ ऑफिशियल क्राउन का अनावरण।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में Samm Renaissance द्वारा आयोजित 'नेक्स्ट जेन आइकॉनिक मिस, मिस्टर एवं मिसेज इंडिया 2026' के आगामी ग्रैंड फिनाले का भव्य ऐलान मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता के ऑफिशियल क्राउन का अनावरण किया गया तथा आयोजन की रूपरेखा, विशेष आकर्षणों और प्रतिभागियों को मिलने वाले अवसरों की जानकारी साझा की गई। संस्थापक एवं आयोजक सौम्या साहू ने बताया कि प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 22 जुलाई 2026 को लखनऊ स्थित Crowne Plaza Lucknow में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि यह मंच केवल सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और ग्रूमिंग को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम है। इसका उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को मॉडलिंग एवं फैशन इंडस्ट्री में नई पहचान दिलाना है। उन्होंने बताया कि ग्रैंड फिनाले में प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश मुख्य सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल होंगी और विजेताओं को क्राउन पहनाकर सम्मानित करेंगी। वहीं सिद्धार्थ धांधा सेलिब्रिटी फिनाले ज्यूरी की भूमिका निभाएंगे। प्रतियोगिता के लिए पुणे, लखनऊ और जयपुर सहित विभिन्न शहरों में ऑडिशन आयोजित किए गए, जबकि ऑनलाइन ऑडिशन के माध्यम से भी देशभर के प्रतिभागियों को अवसर दिया गया। आयोजकों के अनुसार देशभर से कुल 30 फाइनलिस्टों का चयन किया गया है। मिस, मिस्टर और मिसेज श्रेणी में 10-10 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। उत्तर प्रदेश, पुणे, लखनऊ और जयपुर समेत विभिन्न शहरों के प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संजय सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं के लिए केवल एक पेजेंट नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और करियर निर्माण का सशक्त माध्यम है। वहीं प्रियंका रघुवंशी ने कहा कि यह मंच प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व को निखारने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर प्रदान करता है। इशिता रस्तोगी ने बताया कि ग्रैंड फिनाले को भव्य और यादगार बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में रैंप वॉक, टैलेंट शोकेस, डिजाइनर कलेक्शन सहित कई आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी, जो प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए विशेष अनुभव साबित होंगी। आयोजकों ने विश्वास जताया कि यह प्रतियोगिता प्रतिभाओं को नई उड़ान देने का मंच बनेगी और यहां से निकलने वाले प्रतिभागी भविष्य में फैशन एवं ग्लैमर इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे।

# महापौर सुषमा खर्कवाल ने की अभियंत्रण विभाग के कार्यो की विस्तृत समीक्षा, विकास कार्यों में तेजी के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवालने बुधवार शाम स्मार्ट सिटी कार्यालय में नगर आयुक्त गौरव कुमार जी के साथ नगर निगम के अभियंत्रण विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर में संचालित विकास कार्यों, निर्माणाधीन परियोजनाओं, सड़क सुधार, नाला-नाली कनेक्टिविटी, मानसून तैयारियों, जल निकासी व्यवस्था, रोड कटिंग और विभिन्न वित्तीय मदों से कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य अभियंता सिविल श्री महेश वर्मा जी सहित समस्त अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और अवर अभियंता उपस्थित रहे। महापौर जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा अभियंता नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करें। महापौर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि से स्वीकृत कार्यों की वर्तमान प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति और उपयोगिता प्रमाण-पत्रों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। बैठक में सीएम ग्रिड के अंतर्गत कराए जा रहे सड़क और फुटपाथ निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। महापौर जी ने परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति, निर्धारित समय-सीमा और उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। महापौर ने सीएनडीएस एवं नगर निगम द्वारा कराए जा रहे मैंगो पार्क, वूमेन हॉस्टल, श्वान वन, मियावाकी वन, नगर निगम मुख्यालय और मनोरथा गौशाला सहित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक परियोजना की भौतिक प्रगति और संभावित पूर्णता तिथि सहित अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शहर में विभिन्न मदों से निर्मित नालियों की कनेक्टिविटी की समीक्षा करते हुए महापौर जी ने निर्देश दिए कि सभी नवनिर्मित नालियों को आपस में अथवा मुख्य नालों से समुचित रूप से जोड़ा जाए, जिससे जल प्रवाह सुचारु रहे और बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रवार निरीक्षण कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### 12 जुलाई को आईटीआई और कौशल केंद्रों में लगेंगे 2.53 लाख पौधे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 12 जुलाई को आयोजित होने वाले 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' के तहत व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग प्रदेशभर के सरकारी और निजी आईटीआई तथा कौशल विकास केंद्रों में 2.53 लाख पौधे लगाएगा। इस अभियान के जरिए युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को गति दी जाएगी। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि योगी सरकार ने वृक्षारोपण को केवल सरकारी कार्यक्रम न बनाकर जनभागीदारी का अभियान बनाया है। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत प्रत्येक प्रशिक्षु को एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा।

# बृजमोहन सिंह को मिली जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जन समाज पार्टी क्ष्ठ्ठ्स्क्ष राष्ट्रीय कार्यालयः मोहल्ला ग्राम अहमदपुर उर्फ कमलापुर, परगना- बिजनौर, तहसील व विधानसभा सरोजनीनगर, लखनऊ, राष्ट्रीय अध्यक्ष की जान को गंभीर खतरा, पार्टी कार्यालय बंद व कार्यकर्ताओं पर हमले के मामले में 37 दिन बाद भी एफआईआर में गिरफ्तारी न होने व सुरक्षा न दिए जाने पर कड़ी नाराजगी। भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह को जान से मारने की धमकी, पार्टी कार्यालय को जबरन बंद कराने और कार्यकर्ताओं पर हमले के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और लखनऊ पुलिस की लापरवाही के खिलाफ पार्टी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पुलिस कमिश्नर लखनऊ, डीसीपी दक्षिणी जोन, डीएम लखनऊ, पुलिस महासचिव उ.प्र. शासन व थाना प्रभारी बिजनौर को लिखित पत्र प्रेषित कर तत्काल कार्यवाही की मांग की गई है। पत्र प्रेषित करने की डाक रसीदें भी संलग्न हैं। घटना का संक्षिप्त विवरणः 1. दिनांक 19.05.2026 को राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यालय को बंद कर दिया गया और उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। 2. इस संबंध में थाना बिजनौर में FIR NO. 0216/2024 व 0249/2025 दर्ज हैं। लेकिन 37 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। 3. पीड़ित पक्ष को न तो सुरक्षा दी गई है और न ही हमलावरों पर कोई ठोस कार्यवाही की गई है। इससे कार्यकर्ताओं में भय का माहौल है। 4. आरोप है कि स्थानीय दबंगों के इशारे पर प्रशासन मौन है, जिससे लोकतंत्र व कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। भारतीय जन समाज पार्टी की 4 मुख्य मांगेंः 1. त्काल सुरक्षाः राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह व उनके परिवार को 24×7 पुलिस सुरक्षा व आवास पर PSO उपलब्ध कराया जाए। 2. गिरफ्तारीः FIR 0216/2024 व 0249/2025 में नामजद सभी आरोपियों की 48 घंटे के अंदर गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाए। 3. कार्यालय बहालीः पार्टी कार्यालय को तुरंत खुलवाकर कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान की जाए। 4. जांचः पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी पुलिस अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही की जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह ने कहा कि भारतीय जन समाज पार्टी संविधान में विश्वास रखने वाली पार्टी है। यदि 48 घंटे में न्याय नहीं मिला तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा आंदोलन करेगी। हम दबाव में काम नहीं करेंगे। जनता का हक लेकर रहेंगे।' पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने समय रहते कार्यवाही नहीं की तो भारतीय जन समाज पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश भर में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# कंचनपुर मटियारी में 34,444 वर्ग फीट शासकीय भूमि कराई गई अतिक्रमण मुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार जी के निर्देश पर नगर निगम में निहित शासकीय भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को ग्राम कंचनपुर मटियारी में बड़ी कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने करीब 34,444 वर्ग फीट बेशकीमती शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। मुक्त कराई गई भूमि की वर्तमान अनुमानित कीमत करीब 10.33 करोड़ रुपये बताई गई है। अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव जी के निर्देश के क्रम में सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी संपत्ति श्री रामेश्वर प्रसाद जी तथा तहसीलदार नगर निगम लखनऊ श्री अरविन्द पाण्डेय जी द्वारा उपलब्ध कराई गई टीम ने तहसील सदर अंतर्गत ग्राम कंचनपुर मटियारी में यह अभियान चलाया। राजस्व अभिलेखों के अनुसार ग्राम कंचनपुर मटियारी स्थित गाटा संख्या-552स में 0.3580 हेक्टेयर बंजर भूमि तथा 0.0700 हेक्टेयर तालाब की भूमि नगर निगम में निहित शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल का निर्माण और प्लॉटिंग कर शासकीय भूमि पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध बाउंड्रीवॉल और प्लॉटिंग संबंधी निर्माण को ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार नगर निगम श्री राजेन्द्र कुमार जी ने किया। नगर निगम की टीम ने शांतिपूर्ण ढंग से कार्रवाई संपन्न कराई। अभियान में नगर निगम लेखपाल श्री विनोद कुमार वर्मा जी, तहसील लेखपाल श्री विमल सिंह जी, श्री शिवप्रसाद जी, श्री लवकेश जी सहित नगर निगम प्रवर्तन दल (ईटीएफ) की टीम मौजूद रही।

### जनपद महोबा के गोरखगिरी मंदिर एवं चित्रकूट स्थित लालापुर में बाल्मीकि आश्रम के लिए पीपीपी मोड पर रोप-वे परियोजना शुरू की जायेगा

**लखनऊ।** जनपद महोबा के गोरखगिरी मंदिर एवं जनपद चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम पर रोप-वे परियोजना को पर्यटन विकास की दृष्टि से पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित और संचालित किया जायेगा। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही पूरी की जा रही है। शीघ्र ही इस परियोजना की समस्त प्रक्रिया पूरी कराते हुए रोप-वे का संचालन शुरू करा दिया जायेगा। इससे गोरखगिरी मंदिर एवं जनपद चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम का दर्शन एवं भ्रमण करने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत प्राप्त होगी। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गोरखगिरी जनपद महोबा का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। गोरखगिरी पर्वत बहुत ही खूबसूरत स्थल है। मान्यता है कि गुरू गोरखनाथ कुछ समय के लिए अपने सातवें शिष्य सिद्धो दीपकनाथ के साथ इसी पर्वत पर तपस्या की थी।

### यूपी-टीईटी 2026 की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी, 14 जुलाई तक दर्ज कराएं आपत्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी)-2026 की प्रोविजनल उत्तरकुंजी बुधवार को जारी कर दी। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर मास्टर सेट की उत्तरकुंजी का मिलान कर सकते हैं। उत्तरकुंजी पर आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 14 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि यूपी-टीईटी-2026 का आयोजन 2 और 3 जुलाई को प्रतिदिन दो-दो पालियों में तथा 4 जुलाई को प्रथम पाली में किया गया था। परीक्षा के सभी मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अपना अनुक्रमांक और जन्मतिथि दर्ज कर लॉगिन करना होगा। इसके बाद वे संबंधित मास्टर सेट की उत्तरकुंजी का मिलान कर सकते हैं।

# मुख्य सचिव ने प्रदेश की वर्तमान भूजल स्थिति, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की भावी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने प्रदेश की वर्तमान भूजल स्थिति, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की भावी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को प्रभावी, समन्वित एवं परिणामोन्मुखी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूजल प्रबंधन के दीर्घकालिक उपायों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि सिंचाई क्षेत्र में भूजल पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों में सुधार करते हुए कम जल खपत वाली फसलों को प्रोत्साहित किया जाए। इसके साथ ही सूक्ष्म सिंचाई, पॉलीहाउस, शेडनेट, भूमिगत पाइप सिंचाई तथा एकीकृत सिंचाई प्रणाली के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ सतही सिंचाई प्रणालियों का भी विस्तार किया जाए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में जल निकायों को अतिक्रमण से मुक्त कर उनका संरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पार्कों में अनावश्यक पक्के निर्माण को सीमित करते हुए रिचार्ज संरचनाओं की व्यवस्था, वर्षा जल संचयन प्रणालियों का प्रभावी क्रियान्वयन तथा व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने पर विशेष बल दिया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अतिदोहित एवं क्रिटिकल विकास खंडों में सभी कार्यदायी विभाग अपने बजट का प्राथमिकता के आधार पर कनवर्जेन्स करते हुए भूजल रिचार्ज योजनाओं की कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि वीबी-जी-राम-जी योजना में जल संरक्षण कार्यों हेतु उपलब्ध विशेष प्रावधानों का अधिकतम उपयोग किया जाए।

साथ ही, शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं तालाब संरक्षण संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा कनवर्जेन्स के माध्यम से व्यापक जल रिचार्ज अवसंरचना विकसित की जाए। बैठक में बताया गया कि 'भूजल सप्ताह-2026' का आयोजन 16 से 22 जुलाई, 2026 तक पूरे प्रदेश में किया जाएगा। इस वर्ष अभियान की थीम 'जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प' निर्धारित की गई है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाए। पहली बार इस अभियान में राज्य की सभी ग्राम पंचायतों, विकास खंडों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों, नगर निगमों एवं विकास प्राधिकरणों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सात दिवसीय समन्वित जनआंदोलन के रूप में संचालित किया जाए तथा ग्राम पंचायत, विकास खंड, नगर निकाय एवं जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान रैलियां, दीवार लेखन, पोस्टर अभियान, निबंध प्रतियोगिताएं तथा अन्य जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से विशेष रूप से विद्यालयी बच्चों एवं युवाओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि भूजल जागरूकता एवं जल साक्षरता एक सतत प्रक्रिया है।

# जूनोटिक व पशु रोगों पर पशु चिकित्सकों का दो दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण आज से

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग की ओर से जूनोटिक (पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले) एवं प्राथमिक पशु रोगों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर पशु चिकित्सकों के लिए दो दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण (ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स) कार्यक्रम 9 और 10 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को सुबह 10 बजे होटल गोल्डन ट्यूलिप, लखनऊ में होगा। पशुपालन विभाग के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम को तकनीकी सहयोग श्रीपिगो द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर के वरिष्ठ अधिकारी, विषय विशेषज्ञ और पशु चिकित्सक भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव पशुपालन मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव देवेंद्र कुमार पाण्डेय, पशुपालन निदेशक डॉ. संगीता तिवारी, निदेशक (प्रशासन एवं विकास) डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य सरकारी पशु चिकित्सकों की तकनीकी दक्षता बढ़ाना है, ताकि वे जूनोटिक एवं अन्य प्रमुख पशु रोगों की समय पर पहचान, प्रारंभिक निदान, निगरानी, रिपोर्टिंग, रोकथाम और नियंत्रण में प्रभावी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स का एक समूह भी तैयार किया जाएगा, जो आगे जिला और क्षेत्रीय स्तर पर पशु चिकित्सकों एवं पैरावेटरिनरी कर्मियों को प्रशिक्षित करेगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रेबीज, अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लुएंजा (एचपीएआई), लेप्टोस्पायरोसिस, जापानी इंसेफेलाइटिस, बोवाइन ट्यूबरकुलोसिस, क्राइमियन-कांगो हेमोरेजिक फीवर (सीसीएचएफ), एन्थ्रेक्स, स्क्रब टायफस, ग्लैंडर्स, लम्पी स्किन डिजीज, ब्रूसेलोसिस, साल्मोनेलोसिस और डर्माटोफाइटोसिस सहित विभिन्न महत्वपूर्ण रोगों की पहचान, रोकथाम और नियंत्रण संबंधी जानकारी दी जाएगी।

# संपादकीय

## मानसून का कहर: संकट और भविष्य की चुनौती

भारत में मानसून केवल वर्षा का मौसम नहीं, बल्कि कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा भी है। लेकिन जब यही मानसून सामान्य सीमा से अधिक सक्रिय हो जाता है, तब यह राहत के बजाय भारी तबाही का कारण बनता है। इस वर्ष भी देश के अनेक राज्यों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। विशेष रूप से हिमालयी और पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सड़कें ध्वस्त हो गई हैं, पुल बह गए हैं, घर मलबे में दब गए हैं और हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा है। यह स्थिति केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि पर्यावरणीय असंतुलन और अव्यवस्थित विकास की गंभीर चेतावनी भी है। भूस्खलन मुख्य रूप से तब होता है जब पहाड़ों की मिट्टी और चट्टानें अपनी पकड़ खोकर नीचे की ओर खिसकने लगती हैं। लगातार होने वाली भारी बारिश मिट्टी को अत्यधिक गीला कर देती है, जिससे उसकी मजबूती कम हो जाती है। परिणामस्वरूप पूरे पहाड़ का हिस्सा अचानक नीचे आ गिरता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में यह खतरा हर वर्ष मानसून के दौरान बढ़ जाता है। पश्चिमी घाट के राज्य जैसे केरल और कर्नाटक भी इससे अछूते नहीं हैं। भूस्खलन का सबसे बड़ा असर आम लोगों के जीवन पर पड़ता है। पहाड़ी गांवों का संपर्क टूट जाता है, राष्ट्रीय राजमार्ग कई दिनों तक बंद रहते हैं और राहत एवं बचाव कार्यों में कठिनाइयां आती हैं। स्कूल, अस्पताल और बिजली-पानी जैसी आवश्यक सेवाएं प्रभावित हो जाती हैं। पर्यटन पर भी इसका गहरा असर पड़ता है, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका प्रभावित होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक वर्षा की घटनाएं पहले की तुलना में अधिक हो रही हैं। कम समय में बहुत अधिक बारिश होने से पहाड़ों पर दबाव बढ़ता है और भूस्खलन की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसके अलावा पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई, अनियोजित निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, सुरंग परियोजनाएं और जंगलों की कटाई भी इस संकट को गंभीर बना रही हैं। जब प्राकृतिक ढलानों के साथ छेड़छाड़ होती है, तो पहाड़ों की स्थिरता कमजोर पड़ जाती है। विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि हिमालय अभी भी भूगर्भीय दृष्टि से युवा पर्वतमाला है। इसकी चट्टानें अपेक्षाकृत कमजोर हैं और लगातार होने वाली भूगर्भीय गतिविधियां इसे संवेदनशील बनाती हैं। ऐसे में यदि विकास कार्य वैज्ञानिक अध्ययन के बिना किए जाएं तो प्राकृतिक आपदाओं का खतरा और बढ़ जाता है। भूस्खलन का आर्थिक प्रभाव भी बहुत व्यापक होता है। सड़कों, पुलों, बिजली परियोजनाओं और संचार व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचता है। सरकारों को राहत एवं पुनर्वास पर करोड़ों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। कृषि भूमि के बह जाने से किसानों की आय प्रभावित होती है और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर लंबे समय तक असर बना रहता है। आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की अग्रिम चेतावनी, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बलों की सक्रियता और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की त्वरित कार्रवाई से कई लोगों की जान बचाई जा रही है। फिर भी दूरदराज के पहाड़ी क्षेत्रों तक समय पर सहायता पहुंचाना आज भी बड़ी चुनौती है। भविष्य में इस संकट से निपटने के लिए केवल राहत कार्य पर्याप्त नहीं होंगे। सबसे पहले भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का वैज्ञानिक मानचित्र तैयार किया जाना चाहिए। ऐसे इलाकों में नए निर्माण पर सख्त नियम लागू किए जाएं। सड़क और भवन निर्माण में भूवैज्ञानिकों की सलाह अनिवार्य बनाई जाए। पहाड़ों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, वर्षा जल निकासी की बेहतर व्यवस्था और ढलानों को मजबूत बनाने के उपाय अपनाए जाएं। स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोगों को आपदा के समय सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार और चेतावनी संकेतों की जानकारी दी जानी चाहिए। स्कूलों और पंचायत स्तर पर नियमित आपदा प्रबंधन अभ्यास आयोजित किए जाएं ताकि किसी भी आपात स्थिति में घबराहट कम हो और समय पर कार्रवाई संभव हो सके। जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए दीर्घकालिक नीति बनाना समय की आवश्यकता है। यदि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन इसी गति से जारी रहा और विकास योजनाओं में पर्यावरणीय संतुलन की अनदेखी होती रही, तो भविष्य में भूस्खलन जैसी घटनाएं और अधिक विनाशकारी हो सकती हैं। मानसून भारत के लिए वरदान है, लेकिन प्रकृति के संतुलन से खिलवाड़ इसे अभिशाप में बदल सकता है। भूस्खलन की बढ़ती घटनाएं हमें यह संदेश देती हैं कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए बिना सुरक्षित भविष्य की कल्पना संभव नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि सरकार, वैज्ञानिक संस्थान, स्थानीय प्रशासन और आम नागरिक मिलकर ऐसी रणनीति अपनाएं जिससे पहाड़ सुरक्षित रहें, पर्यावरण संरक्षित रहे और मानसून जीवनदायी बना रहे, विनाश का कारण नहीं।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष** –मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साह और आत्मविश्वास में वृद्धि लेकर आ सकता है। चंद्रमा के आपकी राशि में प्रवेश करने से कई रुके हुए कार्य गति पकड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना होगी और वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग प्राप्त हो सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिलने के संकेत हैं।

**वृषभ** –वृषभ राशि के जातकों के लिए आज आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना आवश्यक रहेगा। कुछ अनावश्यक खर्च सामने आ सकते हैं, जिससे मन थोड़ा विचलित हो सकता है। पुराने मामलों को लेकर मानसिक चिंता बनी रह सकती है, लेकिन धैर्य और समझदारी से परिस्थितियों को संभालने में सफलता मिलेगी।

**मिथुन**–मिथुन राशि के जातकों के लिए आज आय और लाभ से जुड़े मामलों में सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। यदि आपका कोई धन लंबे समय से अटका हुआ है तो उसके मिलने की संभावना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलने से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क** –कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन कार्य और प्रतिष्ठा के लिहाज से महत्वपूर्ण रह सकता है। नौकरी करने वालों को पद और सम्मान में वृद्धि मिलने की संभावना है। वरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास और सहयोग आपके मनोबल को बढ़ाएगा।

**सिंह** –सिंह राशि के जातकों के लिए आज भाग्य का अच्छा साथ मिल सकता है। लंबे समय से अटके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। ज्ञान और आध्यात्मिक विषयों के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा और प्रतियोगी प्रयासों में सफलता मिलने के संकेत हैं।

**कन्या** –कन्या राशि के जातकों को आज सावधानी और धैर्य के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता रहेगी। जोखिम वाले कार्यों से दूरी बनाए रखना हितकर रहेगा। आर्थिक मामलों में सतर्कता बरतें और किसी भी निर्णय में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन सकती है, लेकिन दिन के उत्तरार्ध में परिस्थितियां सामान्य होने लगेंगी।

**तुला** –तुला राशि के जातकों के लिए आज पारिवारिक और वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। साझेदारी से जुड़े कार्यों में लाभ मिलने की संभावना है। कारोबार करने वालों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रह सकती हैं। नौकरी में सहकर्मियों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा, जिससे कार्य समय पर पूरे होंगे।

**वृश्चिक** –वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज प्रतिस्पर्धी वातावरण में सफलता मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का उचित परिणाम मिल सकता है। व्यापार में विरोधी पक्ष पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा और आय के नए स्रोत भी सामने आ सकते हैं।

**धनु** –धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ समाचार लेकर आ सकता है। अचानक आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा और अध्ययन में मन लगेगा।

**मकर** –मकर राशि के जातकों के लिए आज घरेलू जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। परिवार और संपत्ति से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण कार्य पूरे होने की संभावना है।

**कुंभ** –कुंभ राशि के जातकों के लिए आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। छोटी दूरी की यात्राएं लाभदायक साबित हो सकती हैं। जनसंचार, प्रचार तथा संवाद से जुड़े कार्यों में लगे लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**मीन** –मीन राशि के जातकों के लिए आज आर्थिक दृष्टि से सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। यदि किसी भुगतान की प्रतीक्षा थी तो उसके प्राप्त होने के संकेत बन रहे हैं।

# महसूस होने वाला तापमान बने गर्मी का पैमाना




मानसून के आगमन से पहले के दिनों में कदम बाहर निकालते ही हवा दमघोंटू महसूस होने लगती है। हवा सिर्फ गर्म नहीं है; इसमें एक ऐसा भारीपन, सघनता और ठहराव है मानो वायुमंडल का वजन बढ़ गया हो और हमारी त्वचा को दबा रहा हो। दोपहर होते-होते, सामान्य वेदर ऐप हवा का तापमान 39 या 40 डिग्री सेल्सियस दिखा सकता है, जो देखने में शायद सहनीय लगे। लेकिन शरीर को यह तापमान 49-50 डिग्री सेल्सियस के समान महसूस होता है। यह कोई वहम नहीं; 'हीट इंडेक्स' की वह डरावनी वास्तविक तस्वीर है जो साबित करती है कि हमारे पारंपरिक मौसम वैज्ञानिक पैमाने इंसानी शरीर के जलवायु संकट को मापने में बुनियादी रूप से विफल हो रहे हैं। दशकों से, भारत में सार्वजनिक प्रशासन और आपातकालीन हीट प्रोटोकॉल केवल एक ही आंकड़े से संचालित हो रहे हैं: एक साधारण थर्मामीटर पर आंका जाने वाला 'ड्राई-बल्ब' तापमान। यदि राजस्थान के सूखे मैदानी इलाकों में पारा 45 डिग्री से. छू जाता है, तो उसे आधिकारिक तौर पर 'लू' (हीटवेव) घोषित कर दिया जाता है। लेकिन मौजूदा उमस भरी गर्मी कहीं अधिक कपटपूर्ण थर्मोडायनामिक सिद्धांत पर काम कर रही है।मानसून की देरी के कारण दक्षिण-पश्चिमी हवाएं आती हैं, तो ह्यूमिडिटी 60-70 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। मानव शरीर खुद को ठंडा रखने के लिए पसीने का वाष्पीकरण करता है। त्वचा से पसीना वाष्पीकृत होता है जो अपने साथ शरीर की आंतरिक ऊष्मा को बाहर ले जाता है। बहरहाल, जब आसपास की हवा पहले से ही नमी से पूरी तरह संतृप्त हो—एक भीगे हुए स्पंज की तरह—तो वाष्पीकरण की यह प्रक्रिया ठप हो जाती है। शरीर का आंतरिक अनुकूलन तंत्र काम करना बंद कर देता है, और उसका तापमान घातक सीमाओं की ओर बढ़ने लगता है। यह स्थिति हमें 'वेट-बल्ब तापमान' की चरम सीमा के खतरनाक रूप से करीब ले आती है जो कि मानव शरीर द्वारा झेली जा सकने वाली संयुक्त गर्मी और आर्द्रता की अंतिम सीमा है। अमेरिका के 'पेंसिल्वेनिया स्टेट हीट प्रोजेक्ट' के हालिया चिकित्सा अनुसंधान के मुताबिक, मानव शरीर मात्र 31 डिग्री सेल्सियस के वेट-बल्ब स्तर पर ही अपने आंतरिक तापमान पर नियंत्रण खोना शुरू कर देता है।इस उमस भरे प्रहार का सबसे बड़ा खतरा है कि यह हमारी वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए संरचनात्मक रूप से अदृश्य बना रहता है। जून के अंत और अब जुलाई के शुरू में महानगरों में 'हीट इंडेक्स' 51 से 53 डिग्री पार कर गया। ड्राई-बल्ब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास था, तो भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) कठोर नियामक मानदंडों के कारण अक्सर आधिकारिक तौर पर हीटवेव की घोषणा नहीं कर सका। इससे श्रमिकों की परेशानी की अनदेखी हुई। 'लू' घोषित नहीं होती, इसलिए श्रम प्रवर्तन एजेंसियां निर्माण श्रमिकों, डिलीवरी ब्वॉयज और कृषि मजदूरों के लिए दोपहर के विश्राम की अवधि निर्धारित नहीं करतीं। इन कामकाजी लोगों को 50 डिग्री की दहकती भट्ठी जैसी स्थिति में खटना पड़ता है। वहीं 'हीटस्ट्रोक' के मामलों में स्वास्थ्य प्रणालियां अक्सर उमस के दौर में हताहतों की संख्या कम आंकती हैं। यदि भारत को ऐसे युग में जीवित रहना है जहां 'महसूस होने वाला' तापमान नियमित रूप से 50 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को छू रहा हो, तो हमारी जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को क्रांतिकारी बदलाव से गुजरना होगा। आईएमडी और राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य चेतावनियों, स्कूलों की छुट्टियों और श्रम नियमों के निर्धारण के कानूनी पैमाने के रूप में ड्राई-बल्ब थर्मामीटर को हटाकर आधिकारिक तौर पर 'कंपोजिट हीट रिस्क इंडेक्स' (संयुक्त ऊष्मा जोखिम सूचकांक) को लागू करना चाहिए। 65 फीसदी आर्द्रता वाले 40 डिग्री सेल्सियस के दिन को भी प्रशासनिक रूप से उतनी ही गंभीरता मिले, जितनी 47 डिग्री सेल्सियस वाले शुष्क दोपहर को। इस दमघोंटू गर्मी के प्रति आम उपभोक्ताओं की स्वाभाविक प्रतिक्रिया अधिक से अधिक निजी हाई-पावर सप्लिट एसी खरीदने की होती है। लाखों निजी एसी बेहद गर्म हवा सीधे तंग सड़कों पर छोड़ते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव गहरा हो जाता है। यह शहरी गरीबों के लिए सार्वजनिक रास्तों को 'थर्मल डेथ ट्रैप' बना देता है जो एसी नहीं खरीद सकते। भारत को इसके वैश्विक संरचनात्मक विकल्पों की ओर देखना चाहिए, जैसे फ्रांस का भूमिगत 'क्लाइमस्पेस' नेटवर्क या गुजरात के 'गिफ्ट सिटी' में हमारा अपना स्वदेशी मॉडल। हमें कूलिंग को एक सेंट्रलाइज्ड पब्लिक यूटिलिटी के रूप में अपनाना होगा—यानी ऐसे 'डिस्ट्रिक्ट कूलिंग सिस्टम' जो इंसुलेटेड पाइपों के जरिए ठंडे पानी को पूरे वाणिज्यिक और आवासीय क्षेत्रों में घुमाकर ठंडा रख सकें।भवन नियमों को शीशे और कंक्रीट के उन ढांचों से दूर हटना होगा जो विशाल ग्रीनहाउस जाल की तरह काम करते हैं। 'ऊर्जा संरक्षण भवन कोड' लागू कर इमारतों में प्रकाश परावर्तित करने वाली ठंडी छतें, क्रॉस-वेंटिलेशन के रास्ते और खोखली इंसुलेटेड ईंटों का उपयोग अनिवार्य किया जाए। यह अंदरूनी तापमान को 5 डिग्री तक कम कर सकता है, जिससे रहने के लिए एसी पर निर्भरता कम हो जाएगी। जलवायु परिवर्तन हमारे जीवन को सीधे नहीं, बल्कि विभिन्न कारकों को आपस में मिलाकर तेजी से प्रभावित कर रहा है। जब हवा का तापमान कुछ और कहे और इंसान की त्वचा कुछ और महसूस करे, तो हमारी सार्वजनिक नीतियों को हमेशा इंसान की त्वचा का साथ देना होगा। यह समय साधारण थर्मामीटर को विदा करने और एक ऐसा प्रशासनिक ढांचा तैयार करने का है जो हवा के इस भारी और वास्तविक संकट का दृढ़ता से मुकाबला कर सके।

# अटलांटिक के ठंडे पानी से मॉनसून में बदलाव

**अब एक नई रिसर्च से पता चलता है कि उत्तरी अटलांटिक महासागर में पानी के एक ठंडे हिस्से ने जेट स्ट्रीम हवाओं के जरिए भारतीय गर्मियों के मॉनसून में बदलाव शुरू कर दिए हैं। इससे करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी को खतरा पैदा हो गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन दोनों प्रणालियों के बीच का संबंध एक ऐसे पहले से अज्ञात संबंध को दिखाता है जो दक्षिण एशिया में मौसम के अनुमानों को जानकारी दे सकता है और दूसरी जगहों पर मौसम की घटनाओं पर रोशनी डाल सकता है। ध्यान रहे कि जेट स्ट्रीम हवाएं पृथ्वी के वायुमंडल में 9 से 16 किलोमीटर की ऊंचाई पर बहने वाली तेज गति वाली, संकरी वायुधाराएं हैं। तापमान के अंतर और पृथ्वी के घूर्णन से संचालित ये हवाएं वायुमंडलीय सीमाओं के रूप में कार्य करती हैं जो वैश्विक मौसम के पैटर्न को आकार देती हैं और वाणिज्यिक विमानन मार्गों को प्रभावित करती हैं।भारतीय गर्मियों का मॉनसून वर्षा का एक पैटर्न है जो जून से सितंबर तक रहता है और यह गर्म उत्तरी हिंद महासागर और भूमध्य रेखा के नीचे ठंडे समुद्री पानी के बीच तापमान के अंतर से चलता है।**

मॉनसून हमारी जीवन रेखा है। भारत और दक्षिण एशिया के दूसरे हिस्सों में 1 अरब से अधिक लोग खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए मॉनसून पर निर्भर हैं। हर साल हम एक अच्छे मॉनसून की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन वैज्ञानिकों ने पाया है कि पिछले कुछ वर्षों से भारतीय मॉनसून के पैटर्न में परिवर्तन हो रहा है। वैज्ञानिक इस बदलाव के कारणों को जानने की कोशिश कर रहे हैं। अब एक नई रिसर्च से पता चलता है कि उत्तरी अटलांटिक महासागर में पानी के एक ठंडे हिस्से ने जेट स्ट्रीम हवाओं के जरिए भारतीय गर्मियों के मॉनसून में बदलाव शुरू कर दिए हैं। इससे करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी को खतरा पैदा हो गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन दोनों प्रणालियों के बीच का संबंध एक ऐसे पहले से अज्ञात संबंध को दिखाता है जो दक्षिण एशिया में मौसम के अनुमानों को जानकारी दे सकता है और दूसरी जगहों पर मौसम की घटनाओं पर रोशनी डाल सकता है। ध्यान रहे कि जेट स्ट्रीम हवाएं पृथ्वी के वायुमंडल में 9 से 16 किलोमीटर की ऊंचाई पर बहने वाली तेज गति वाली, संकरी वायुधाराएं हैं। तापमान के अंतर और पृथ्वी के घूर्णन से संचालित ये हवाएं वायुमंडलीय सीमाओं के रूप में कार्य करती हैं जो वैश्विक मौसम के पैटर्न को आकार देती हैं और वाणिज्यिक विमानन मार्गों को प्रभावित करती हैं।भारतीय गर्मियों का मॉनसून वर्षा का एक पैटर्न है जो जून से सितंबर तक रहता है और यह गर्म उत्तरी हिंद महासागर और भूमध्य रेखा के नीचे ठंडे समुद्री पानी के बीच तापमान के अंतर से चलता है। शुरू में, मॉनसून ने भारत के पश्चिमी तट और उत्तरी भारत के एक बड़े इलाके (गंगा के मैदान) में भारी बारिश शुरू की थी। लेकिन 1999 से यह पैटर्न बहुत बदल गया है। शोधकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में पाया कि उत्तर-पश्चिम भारत में अब मॉनसून सीजन में 1999 से पहले के मुकाबले लगभग 25 प्रतिशत ज्यादा बारिश होती है, जबकि गंगा के मैदानी इलाकों में लगभग 4 प्रतिशत कम बारिश होती है।इस अध्ययन के पहले लेखक और भारतीय विज्ञान संस्थान के जलवायु वैज्ञानिक महेंद्र निम्माकांति ने कहा कि यह परिवर्तन किसानों के लिए खास तौर पर बहुत बुरा है, क्योंकि उनके खेतों की मिट्टी और फसलें बारिश के पुराने पैटर्न के हिसाब से ढल गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत काफी हद तक खेती पर निर्भर है। उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से अधिक बारिश होने पर अचानक बाढ़ आ जाती है और फसलों का नुकसान होता है, क्योंकि इस इलाके की खेती सूखे हालात के हिसाब से ढल गई है। इस बीच, गंगा के मैदानी इलाकों में सूखे के दौर भी आए हैं, जिससे फसलों में भी कमी आई है और किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ा है। पिछले अध्ययनों ने भारतीय मॉनसून में परिवर्तन को अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (एएमओसी) में बदलाव से जोड़ा था। एएमओसी अटलांटिक में समुद्री धाराओं का एक बड़ा जाल है जो वैश्विक जलवायु को नियमित करता है और उत्तरी गोलार्द्ध में गर्मी पहुंचाता है। आंकड़े बताते है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से एएमओसी धीमा हो रहा है और उत्तरी अटलांटिक महासागर में पहले के मुकाबले कम गर्मी छोड़ रहा है। निम्माकांति ने कहा कि इन अध्ययनों में यह नहीं बताया गया कि भारतीय मॉनसून कैसे बदल सकता है। इसके पीछे के तंत्र को भी विस्तार से नहीं समझाया गया। उन्होंने कहा, ये अध्ययन आम तौर पर यह समझाते हैं कि अगर एएमओसी कमजोर होता है, तो यह भारतीय मॉनसून को भी कमजोर करता है। एक बड़ी समस्या यह है कि मौजूदा जलवायु मॉडल भारतीय मॉनसून में हुए बदलावों को नहीं दिखाते हैं, क्योंकि वे उत्तरी अटलांटिक महासागर की सतह के तापमान में बदलाव को भी पूरी तरह से ग्रहण नहीं करते हैं। इन मॉडलों ने ग्रीनलैंड के दक्षिण-पूर्व में एक अत्यंत ठंडे क्षेत्र पर गौर नहीं किया जिसे 'कोल्ड ब्लॉब' के नाम से जाना जाता है, जहां 1901 और 2021 के बीच पानी 1800 के दशक के आखिर की तुलना में ज्यादा ठंडा था। कोल्ड ब्लॉब बताता है कि एएमओसी कमजोर हो रहा है क्योंकि यह उत्तरी अटलांटिक तक पहुंचने वाली गर्मी की मात्रा में कमी की ओर इशारा करता है।

# फ़िल्मी सेलिब्रिटियों की शादियाँ - क्या वे समाज के लिए आदर्श हैं?

भारतीय समाज में फिल्मों का प्रभाव केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है। फ़िल्मी कलाकार करोड़ों लोगों की भावनाओं, सोच, पहनावे, बोलचाल और जीवनशैली को भी प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि भारत में अभिनेता और अभिनेत्रियाँ केवल सितारे नहीं, बल्कि अनेक लोगों के लिए प्रेरणा और आदर्श भी बन जाते हैं। ऐसे में उनके निजी जीवन, विशेषकर वैवाहिक संबंधों और पारिवारिक मूल्यों पर भी समाज की स्वाभाविक निगाह रहती है। यह सत्य है कि पर्दे की दुनिया और वास्तविक जीवन में बहुत अंतर होता है। फिल्मी कलाकारों को अपने पेशे की प्रकृति के कारण ग्लैमर, लोकप्रियता और स्टारडम को बनाए रखना पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद समाज उनसे केवल सफल कलाकार होने की नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और संतुलित व्यक्ति होने की भी अपेक्षा करता है। भारतीय फ़िल्म उद्योग के सौ वर्ष से अधिक के इतिहास में अनेक ऐसे कलाकार हुए हैं जिन्होंने न केवल पर्दे पर आदर्श चरित्र निभाए, बल्कि अपने निजी जीवन में भी पारिवारिक मूल्यों का सम्मान किया। यही कारण है कि पीढ़ियाँ उन्हें अपना आदर्श मानती रही हैं। आज भी मुंबई आने वाला हर प्रशंसक अमिताभ बच्चन , शाहरुख़ खान, अजय देवगन,अक्षय कुमार, अनिल कपूर ,जैकी श्रॉफ,सायरा बानो, हेमा मालिनी, माधुरी दीक्षित, कैटरीना कैफ और अनुष्का शर्मा जैसे सितारों की एक झलक पाने के लिए उत्साहित दिखाई देता है। यह लोकप्रियता केवल अभिनय की नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व की भी पहचान है। अक्सर यह धारणा बनाई जाती है कि फिल्मी दुनिया में विवाह अधिक समय तक सफल नहीं रहते। यद्यपि यह पूरी तरह सत्य नहीं है। कई कलाकार ऐसे भी हैं जिन्होंने संघर्ष के दिनों से लेकर सफलता के शिखर तक अपने जीवनसाथी और परिवार का साथ निभाया है। अमिताभ बच्चन और शाहरुख़ खान इसके प्रमुख उदाहरण हैं। उन्होंने अपनी उपलब्धियों का श्रेय हमेशा अपने परिवार को दिया और कठिन परिस्थितियों में भी पारिवारिक संबंधों को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि वे आज भी लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। डिजिटल और सोशल मीडिया के इस दौर में कलाकारों का निजी जीवन पहले से कहीं अधिक सार्वजनिक हो गया है। उनके हर निर्णय पर समाज की प्रतिक्रिया भी तत्काल सामने आती है। ऐसे में जब किसी चर्चित कलाकार का वैवाहिक जीवन टूटता है या वह जीवन के उत्तरार्ध में ऐसा निर्णय लेता है जो सामाजिक मान्यताओं से भिन्न हो, तो उसका प्रभाव केवल उसके परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके प्रशंसकों के मन में भी अनेक प्रश्न खड़े करता है। यद्यपि यह प्रत्येक व्यक्ति का निजी अधिकार है, फिर भी सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों के निर्णयों का सामाजिक प्रभाव अस्वीकार नहीं किया जा सकता। निस्संदेह हर नागरिक को संविधान ने अपनी इच्छा अनुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता दी है। किसी के व्यक्तिगत निर्णय पर उंगली उठाना उचित नहीं कहा जा सकता। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि जब समाज किसी कलाकार को अपार प्रेम, सम्मान और लोकप्रियता देकर सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुँचाता है, तब उससे यह अपेक्षा भी करता है कि उसका सार्वजनिक आचरण और पारिवारिक जीवन समाज के लिए सकारात्मक संदेश देने वाला हो। विशेष रूप से भारत जैसे पारिवारिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक मूल्यों वाले देश में यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि सार्वजनिक जीवन के आदर्श व्यक्तित्व अपने आचरण से भी समाज को सकारात्मक संदेश दें। इसलिए दादा-दादी या नाना-नानी बनने की उम्र में यदि कोई अत्यंत चर्चित कलाकार एक से अधिक बार विवाह करता है, तो वह उसका व्यक्तिगत अधिकार अवश्य है।, किंतु भारतीय समाज का एक बड़ा वर्ग उसे आदर्श के रूप में स्वीकार करने में संकोच करता है, क्योंकि यहाँ सफलता का वास्तविक अर्थ केवल प्रसिद्धि या धन नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलन और मर्यादा बनाए रखना भी माना जाता है।

# तटों की चुप्पी: प्लास्टिक ने छीन ली समुद्र की आवाज़



**प्लास्टिक का प्रवाह छोटे-छोटे तिनकों से शुरू होता है — बाजार की थैली, निर्जन बोतल, पैकेट की कतरन — और नदियों के रास्ते समंदर तक पहुँचकर वहां सैकड़ों वर्षों तक फैला रहता है। वहाँ यह तैरने वाले जाल, जलप्रीय जीवों के पेट और समुद्री तल की मिट्टी में समा जाता है। समय के साथ यह टिक-टिक कर टूटकर माइक्रोप्लास्टिक बनता है, जो भोजन श्रृंखला में ऊपर-नीचे घूमता हुआ अंततः हमारे भोजन तक पहुँचता है।**

समुद्र, सदियों से जीवन की कथा सुनाता और गाथाएँ बाँटता रहा है — लहरों की टकराहट, पंछियों की किलकारियाँ और मछलियों की हलचलें। आज वही तटें चुप्पी साधे खड़ी हैं; चुप्पी के पीछे कारण कोई प्राकृतिक मौन नहीं, बल्कि प्लास्टिक की असंख्य परतें हैं जिन्होंने समुद्र की आवाज़ दबा दी है। यह चुप्पी सिर्फ़ एक दृश्य संकट नहीं है; यह हमारे पारिस्थितिक तंत्र, अर्थव्यवस्था और नैतिक उत्तरदायित्व का संकेत है। प्लास्टिक का प्रवाह छोटे-छोटे तिनकों से शुरू होता है — बाजार की थैली, निर्जन बोतल, पैकेट की कतरन — और नदियों के रास्ते समंदर तक पहुँचकर वहां सैकड़ों वर्षों तक फैला रहता है। वहाँ यह तैरने वाले जाल, जलप्रीय जीवों के पेट और समुद्री तल की मिट्टी में समा जाता है। समय के साथ यह टिक-टिक कर टूटकर माइक्रोप्लास्टिक बनता है, जो भोजन श्रृंखला में ऊपर-नीचे घूमता हुआ अंततः हमारे भोजन तक पहुँचता है। वैज्ञानिक अध्ययनों ने माइक्रोपार्टिकल्स, रसायनों और झूठे खाद्य-संकेतों के कारण समुद्री जीवों में हानि, प्रजनन क्षमता में कमी और मृत्यु दर बढ़ने के प्रमाण दिए हैं। जब समुद्री जीवन संकट में होगा, तो तटीय समुदायों की आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था भी हिचकेंगी। यह समस्या केवल पर्यावरणीय नहीं; यह सामाजिक-आर्थिक और नैतिक भी है। मछुआरे जो पीढ़ियों से समुद्र पर निर्भर थे, अब खाली जाल और घटती मछली पकड़ का सामना कर रहे हैं। पर्यटन जो तटों की स्वच्छता पर टिका था, वह भी घट रहा है। और जब प्लास्टिक के रसायन हमारे भोजन और पानी में घुसते हैं, तो स्वास्थ्य पर अनिश्चित, दीर्घकालिक प्रभावों का खतरा बढ़ता है — जिसकी भरपाई भविष्य की पीढ़ियों को करनी पड़ सकती है। फिर भी समाधान असंभव नहीं है। सबसे पहले, उपभोक्ता स्तर पर व्यवहार बदलना होगा: एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक की जगह पुनः उपयोगी वस्तुओं और बायोडिग्रेडेबल विकल्पों को अपनाना चाहिए। दूसरी ओर, निर्माता-निर्देशित बदलाव अनिवार्य हैं — प्लास्टिक का सरल, रिसाइकल योग्य डिज़ाइन, उत्पादों पर स्पष्ट लेबलिंग और निर्माता-व्यापक दायित्व (EPR) नीतियाँ लागू की जानी चाहिए। तृतीय रूप में, कचरा संग्रह और प्रबंधन के बुनियादी ढाँचे में निवेश बढ़ाया जाना चाहिए, खासकर नदीघाट और तटीय क्षेत्रों में ताकि समुद्र तक प्लास्टिक पहुँचने से पहले उसे रोका जा सके। शिक्षा और जनचेतना भी निर्णायक हैं। स्कूलों और स्थानीय संगठनों के माध्यम से समुद्री पारिस्थितिकी, कचरा प्रबंधन और नागरिक जिम्मेदारी की समझ बच्चों और युवा पीढ़ी में विकसित कर सकती है। सामुदायिक सफाई अभियान, नदियों के किनारे वृक्षारोपण और स्थानीय रेड्यूस-रीयूज़-रिसायकल योजनाएँ व्यवहारिक असर डालती हैं। साथ ही, नवोन्मेषी तकनीकें — समुद्र से प्लास्टिक हटाने वाले उपकरण, बायोडिग्रेडेबल सामग्री और प्लास्टिक अपघटक सूक्ष्मजीव — आशास्पद हैं, पर इनका प्रभाव तब तक सीमित रहेगा जब तक नीति, उद्योग और नागरिक एक साथ कमिट न हों। यह समय केवल आरोप-प्रत्यारोप का नहीं; यह क्रियात्मक बदलाव का समय है। हर थैली जिसे हम लौटाएँ, हर बोतल जिसे हम दोबारा भरें, और हर नदी किनारे किए गए सफाई अभियान से समुद्र की चुप्पी टूट सकती है। तटों की आवाज़ लौटाने के लिए हमें न केवल नियमों की ज़रूरत है, बल्कि आदतों और मान्यताओं का परिवर्तन भी चाहिए। अंततः, जब हम समुद्र को साफ़ करते हैं, हम अपने भविष्य को साफ़ करते हैं — और अपनी ही आने वाली पीढ़ियों को वह नीला वरदान लौटाते हैं, जो हमने आज फीका कर दिया है।

**सचिन बाजपेई**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### संस्थान में रकम जमा कराने के नाम पर 1.09 लाख रुपए की धोखाधड़ी




**सहजनवा /गोरखपुर:** सहजनवा स्थित एक निजी संस्थान द्वारा ग्रामीणों को कमीशन पर प्रलोभन देकर 1.09 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। एक महिला ने थाने में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग किया है। मिली जानकारी से संतकबीर नगर जिले के एक गांव की महिला ने थाने में शिकायत किया कि सहजनवा स्थित एक संस्थान द्वारा गांवों में जाकर बैठक किया गया। संस्थान ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जमा रकम का 20 फीसद कमीशन दिया जायेगा। करीब 47 ग्रामीणों से कुल 1.09 लाख रुपया जमा कराया गया। बाद में ग्रामीणों को जानकारी मिली कि जो संस्थान रकम जमा कराई है। वह फर्जी है। इसके बाद ग्रामीणों ने संस्थान के मालिक से दिया गया रकम वापस करने को कहा तो वह फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। और मारपीट पर आमादा हो जा रहे है।पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग किया है। इस संदर्भ में थानेदार संजय कुमार मिश्र ने कहा कि दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया था। दोनों पक्षों से बातचीत चल रही है। जांच करा कर कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, चालक घायल



**गोलाबाजार/ बेलघाट (गोरखपुर)।** बेलघाट थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी 40 वर्षीय अवधेश यादव की मंगलवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा सिकरीगंज थाना क्षेत्र के डेहराटीकर के पास उस समय हुआ, जब उनकी बाइक ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अवधेश यादव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसका चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल ट्रैक्टर चालक को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना पर सिकरीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। अवधेश यादव की असमय मौत से मीरपुर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि वह अपने परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी निभाने वाले प्रमुख सदस्य थे। हादसे की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने लगे। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: डीएम



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज और निर्माणाधीन जनपद साइबर थाने के प्रशासनिक भवन का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को समयबद्ध ढंग से निर्माण पूरा करने और गुणवत्ता मानकों से किसी भी तरह का समझौता न करने की चेतावनी दी। डीएम ने कहा कि निर्माण कार्यों में अनियमितता या गुणवत्ता संबंधी शिकायत मिलने पर संबंधित संस्था व ठेकेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में लगभग 19 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे छात्रावास, संग्रहालय, वाचनालय, शौचालय ब्लॉक और चारदीवारी के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। यह परियोजना उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा कराई जा रही है। इसके बाद उन्होंने करीब 3.53 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे जनपद साइबर थाने के प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया। इस परियोजना का निर्माण यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) करा रही है। निरीक्षण के दौरान डीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी प्लॉट बेचकर 28.50 लाख रुपये की ठगी का आरोप, तीन लोगों पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा/गोरखपुर** जिले में जमीन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 28.50 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीन लोगों पर फर्जी दस्तावेज दिखाकर प्लॉट बेचने का सौदा करने, रुपये हड़पने और बाद में जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई है। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बौरडीह निवासी सत्येंद्र मिश्र ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उन्हें जमीन की आवश्यकता थी। इस दौरान उनकी मुलाकात जमीन का कारोबार करने वाले अशोक कुमार नायक से हुई। आरोप है कि अशोक कुमार नायक ने उनकी मुलाकात बलबीर यादव से कराई और बताया कि सेक्टर-15, गीडा क्षेत्र में स्थित 714 वर्गमीटर का एक प्लॉट उनकी पत्नी चंद्रकला यादव के नाम है।

पीड़ित के अनुसार, उक्त प्लॉट का सौदा 57.50 लाख रुपये में तय हुआ, जिसके तहत उन्होंने विभिन्न तिथियों में चेक और आरटीजीएस के माध्यम से कुल 25 लाख रुपये का भुगतान किया। इसके अलावा जमीन को समतल कराने और मिट्टी भराई में करीब 3.50 लाख रुपये खर्च किए। आरोप है कि बाद में जब उन्होंने प्लॉट की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगे। इसी बीच उन्हें जानकारी मिली कि संबंधित प्लॉट का आवंटन पहले किसी अन्य व्यक्ति के नाम था और बाद में चंद्रकला यादव समेत अन्य लोगों के नाम हुआ, जिसे गीडा प्रशासन ने 15 मई 2025 को निरस्त कर दिया था।

पीड़ित का आरोप है कि आवंटन निरस्त होने के बावजूद आरोपियों ने कूटरचित इकरारनामा तैयार कर उन्हें गुमराह किया और उनकी कुल 28.50 लाख रुपये की रकम हड़प ली। जब उन्होंने रुपये वापस मांगने या रजिस्ट्री कराने की बात कही तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात और धमकी देने की धाराओं में कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### एसएसपी के आदेश पर एक सप्ताह बाद दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा

**खजनी /गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के वरीबन्दुआरी गांव निवासी शिवबचन मौर्य की तहरीर पर एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद एक सप्ताह की देरी से मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित का आरोप है कि 23 जून 2026 को गांव के रास्ते में उसके भतीजों समेत चार लोगों ने उसे घेरकर मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। शिवबचन मौर्य का कहना है कि घटना के तुरंत बाद उसने खजनी थाने में लिखित तहरीर दी थी। पुलिस ने उसे केवल जनसुनवाई की रसीद देकर वापस भेज दिया। आरोप है कि एक सप्ताह तक न तो पुलिस मामले की जांच करने पहुंची और न ही एफआईआर दर्ज की गई। इस दौरान पीड़ित लगातार थाने के चक्कर लगाता रहा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से मिलकर पूरे मामले की शिकायत की। एसएसपी के आदेश के बाद खजनी पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 0217/2026 दर्ज कर लिया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 151(2), 352 और 351(3) के तहत मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

# स्वामी विवेकानंद वार्ड में विकास की नई राह, इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का शुभारंभ

**लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी, क्षेत्रवासियों ने जताया नगर पालिका का आभार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर। पडरौना।** नगर पालिका परिषद पडरौना के स्वामी विवेकानंद वार्ड में क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना प्राथमिकता है। इंटरलॉकिंग सड़क बनने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और वार्ड का सौंदर्यीकरण भी होगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में नगर के सभी वार्डों में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास की यह गति आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में वार्ड सभासद अरुण कुशवाहा, मनोज चौरसिया, सिंटू पांडेय, बृजेश शर्मा, अनिल पांडेय, सनी मिश्रा, शिव मद्धेशिया, संतोष चौहान, अनूप गोंड सहित अनेक सम्मानित नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका प्रशासन के प्रति आभार जताया।

## गोरखपुर में व्यापारी के घर ATS का तड़के छापा

**साइबर फ्रॉड कनेक्शन की जांच से मचा हड़कंप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** शहर के तिवारीपुर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के उस समय हड़कंप मच गया, जब आतंकवाद निरोधक दस्ता (ATS) की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ एक पेंट कारोबारी के घर छापेमारी की। सुबह करीब पांच बजे 5-6 वाहनों का काफिला इलाहीबाग स्थित माई धिया गढ़ही मोहल्ले में पहुंचा, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग घरों से बाहर निकल आए और कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई विशाखापट्टनम में दर्ज एक साइबर फ्रॉड मामले की जांच के सिलसिले में की गई है। जांच एजेंसियों को विदेश से संचालित साइबर ठगी नेटवर्क से संभावित कनेक्शन होने की आशंका है, जिसके आधार पर यूपी एटीएस ने यह कार्रवाई की। हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।

एटीएस टीम ने पेंट कारोबारी जमाल अहमद और उनके परिवार के सदस्यों के मोबाइल फोन अपने कब्जे में लेकर उनकी जांच शुरू कर दी है। साथ ही घर में मौजूद दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी गहन पड़ताल की जा रही है। टीम कई घंटों तक घर के भीतर जांच में जुटी रही। छापेमारी के दौरान तिवारीपुर थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही और सुरक्षा व्यवस्था संभाली रही। कार्रवाई के बीच मजिस्ट्रेट को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने जांच प्रक्रिया में एटीएस को आवश्यक सहयोग दिया।

एसपी सिटी निमिष पाटिल ने बताया कि मामले की जांच दूसरी एजेंसी द्वारा की जा रही है और स्थानीय पुलिस केवल आवश्यक सहयोग उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की आधिकारिक जानकारी सामने आएगी। फिलहाल एटीएस की इस कार्रवाई से पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग जांच के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं।

### 18 मसाला प्रतिष्ठानों की जांच, बिना लाइसेंस कारोबार पर नोटिस

**देवरिया।** जिले में खाद्य मसाला निर्माताओं के प्रतिष्ठानों पर चलाए गए विशेष निरीक्षण अभियान में 18 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। बिना खाद्य लाइसेंस संचालित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर तत्काल संचालन बंद करने और शीघ्र लाइसेंस लेने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक आयुक्त खाद्य हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में छह से आठ जुलाई तक चले अभियान में ऐसे प्रतिष्ठान भी मिले, जिनके पास लाइसेंस तो है, लेकिन वे वर्तमान में संचालित नहीं हैं।

ऐसे संचालकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लाइसेंस सरेंडर करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान रुद्रपुर और नगर पालिका क्षेत्र से खाद्य मसालों के चार नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्र समेत अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

# शिक्षकों को बड़ी राहत: कैशलेस चिकित्सा योजना बनी वरदान

**उत्तर प्रदेश शासन ने कैशलेस चिकित्सा स्वीकृति प्रदान कर गुरूजनो को बहुत बड़ी राहत प्रदान की है शिक्षक सही मायने मे राष्ट्र के शिल्पी होते हैं एम एल सी देवेंद्र प्रताप सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी/बांसगांव, गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों के लिए लागू की गई कैशलेस चिकित्सा सुविधा को लेकर बुधवार को बांसगांव तहसील सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों को योजना की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक क्षेत्र के देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कैशलेस

**बांसगांव में वितरित हुए हेल्थ कार्ड**

चिकित्सा सुविधा लागू कर उन्हें बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के शिल्पी हैं और उनकी सुरक्षा एवं सुविधाओं का ध्यान रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षकों की समस्याओं और जायज मांगों के समाधान के लिए उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रोहित पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू सिंह, उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार बांसगांव, खंड शिक्षा अधिकारी कौड़ीराम तथा गगहा सहित शिक्षा विभाग के कई अधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सूर्य प्रकाश पाण्डेय, श्रवण कुमार सिंह, बालकृष्ण मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, जितेन्द्र कुमार, बजरंगी सिंह, हृदयेश मिश्रा, पवन सिंह, चित्रसेन सिंह, चन्द्रनाथ राय,



उर्मिला देवी, प्रिया शुक्ला, रासू राय, तलत अजीज, नूर आलम और अजीत यादव समेत अनेक लाभार्थियों को हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए। वक्ताओं ने बताया कि इस योजना के तहत कक्षा 1 से 12 तक के शिक्षकों, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों और रसोइयों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। विशेष बात यह है कि पहली बार इन सभी वर्गों को एक साथ इस योजना में शामिल किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षा कर्मियों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा।

## 11 हजार वोल्ट लाइन में भड़की चिंगारियां, अफरा-तफरी के बीच टला बड़ा हादसा

**आधे शहर की बिजली गुल**

**हॉस्पिटल मोड़ पर हाईटेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट, पुलिस ने रोका आवागमन, नगरपालिका द्वारा स्काई लिफ्ट से पेड़ की डालियां हटाकर बहाल हुई बिजली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पडरौना।** शहर के कोतवाली के समीप हॉस्पिटल मोड़ पर मंगलवार को शाम करीब सात बजे 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से तेज स्पार्किंग शुरू हो गई। तारों से निकल रही चिंगारियों, धुएं और आग की लपटों से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने तत्काल संबंधित फीडर की आपूर्ति बंद कर दी, जिससे आधे से अधिक शहर की बिजली गुल हो गई। पुलिस की सतर्कता, बिजली विभाग की सक्रियता और नगर पालिका के सहयोग से बड़ा हादसा टल गया तथा मरम्मत के बाद विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिसके बाद पोल पर लगे हाईटेंशन तार आपस में टकराने लगे और लगातार चिंगारियां निकलने लगीं। कुछ ही देर में आग की लपटें दिखाई देने लगीं। घटना के समय सड़क पर काफी भीड़ थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सड़क के दोनों ओर आवागमन रोक दिया और लोगों को सुरक्षित दूरी पर कर दिया।

घटना के बाद कोतवाली रोड, धर्मशाला रोड, कसेरा टोली, तिलक चौक, मेन बाजार, दरबार रोड सहित आसपास के कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। गर्मी और उमस के बीच बिजली बाधित होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और देर रात तक फॉल्ट ठीक करने में जुटे रहे।

पडरौना विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हॉस्पिटल मोड़ पर हाईटेंशन लाइन पेड़ की डालियों के बीच से गुजर रही है। तेज हवा के कारण डालियां



और पत्तियां बिजली तारों के संपर्क में आने से शॉर्ट सर्किट होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि फॉल्ट को दूर कर विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल मौके पर पहुंचे। उनके निर्देश पर स्काई लिफ्ट मंगवाकर बिजली लाइन से सटे पाकड़ के पेड़ की बाधक डालियों की छंटाई कराई गई। नगर पालिका एवं बिजली विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से मरम्मत कार्य कर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई, जिससे शहरवासियों को राहत मिली।

# कल्याणकारी शिविर में लाभार्थियों को बांटे गए स्वीकृति प्रमाण-पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिले की सभी तहसीलों में संचालित सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान अभियान के तहत बुधवार को सदर तहसील सभागार में कल्याणकारी शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं से जुड़े पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति एवं लाभार्थी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया रहे। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, पिछड़े, वंचित और जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का आह्वान किया।

शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने 10 दिव्यांगजनों को लेप्रोसी किट, छड़ी सहित सहायक उपकरण वितरित किए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने 'ओ' लेवल कंप्यूटर कोर्स के 20



प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन के 10 लाभार्थियों तथा 10 छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र दिए। महिला कल्याण विभाग ने कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की 10-10 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किए। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 10 छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। अंत में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 12 जुलाई को जिले में लगेंगे 39.91 लाख पौधे, तैयारियों की समीक्षा

**देवरिया।** जिले में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा बुधवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी विभागों को आवंटित लक्ष्य के अनुसार पौधरोपण सुनिश्चित करने तथा पौधों की उत्तरजीविता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जनपद में इस वर्ष कुल 39 लाख 91 हजार 900 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्देश दिए गए कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर दो-दो सहजन के पौधे तथा पंचायत भवनों पर आंवला, सहजन और नींबू के पौधे लगाए जाएं। अमृत सरोवर, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, चारागाहों और पशु आश्रय केंद्रों पर भी उपयुक्त प्रजातियों का पौधरोपण कराया जाएगा। अभियान में जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों और आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में हरित विद्यालय, हरित ग्राम और हरित पंचायत सचिवालय की अवधारणा को धरातल पर उतारने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही अधिकारियों को आईजीआरएस शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए।

# एसपी ने खुखुन्दू थाने का औचक निरीक्षण के साथ लंबित विवेचनाओं की किया समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने बुधवार को खुखुन्दू थाने का औचक निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव और जनसुनवाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यों तथा साफ-सफाई का निरीक्षण किया। साथ ही लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए समयबद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, रात्रि गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नवनियुक्त आरक्षियों से संवाद करते हुए एसपी



ने अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सकारात्मक व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की पहचान उसके व्यवहार और कार्यशैली से होती है, इसलिए सभी कर्मी पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही थाना परिसर में स्वच्छता, अभिलेखों को अद्यतन रखने और शासन की प्राथमिकता वाले अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सलेमपुर गौरव सिंह, प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को हेल्पलाइन की दी जानकारी

**देवरिया।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत बुधवार को जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में रुद्रपुर, गौरीबाजार, खामपार समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, रेलवे स्टेशन और धार्मिक स्थलों पर पंपलेट वितरित किए गए। इस दौरान डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर हेल्पलाइन-1930, एंबुलेंस-108 सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गई। टीमों ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल हेल्पलाइन का उपयोग करने की अपील की।

### यातायात नियम तोड़ने पर 71 वाहनों का चालान, एक सीज

देवरिया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस ने बुधवार को शहर के प्रमुख चौराहों और बस स्टैंड पर विशेष अभियान चलाया। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में बस स्टेशन, सुभाष चौक, कसया ओवरब्रिज और कचहरी चौराहे पर बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा बिना फिटनेस के संचालित वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 71 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि एक वाहन को सीज कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, दस्तावेजों के सत्यापन एवं सुरक्षा मानकों के शत-प्रतिशत अनुपालन के दिए निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा, वैधानिक अभिलेखों के सत्यापन तथा शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में संचालित सभी वाहनों के पंजीकरण प्रमाण-पत्र, फिटनेस, बीमा, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र एवं चालक के ड्राइविंग लाइसेंस सहित समस्त अभिलेखों का नियमित सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना वैध दस्तावेजों के कोई भी विद्यालय के वाहन संचालित न हो। बैठक में विद्यालय के वाहन चालकों एवं परिचालकों के लिए निर्धारित यूनिफॉर्म, वाहनों में सुरक्षा व्यवस्था, विद्यालय स्तर पर परिवहन सुरक्षा समिति के गठन तथा उसकी नियमित बैठकों के आयोजन पर भी चर्चा की गई। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष जनवरी, अप्रैल, जुलाई एवं अक्टूबर माह में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कर उसकी कार्यवाही जिला परिवहन सुरक्षा समिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विद्यालयों में समिति का गठन नहीं हुआ है वहां समिति का गठन करते हुए समस्त विद्यालय आगामी 30 जुलाई तक समिति का बैठक कर कार्यवाही एआरटीओ को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय अपने वाहन चालकों एवं परिचालकों का पुलिस सत्यापन तथा ड्राइविंग लाइसेंस का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराए। साथ ही सभी विद्यालयी वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कराएं।

बैठक में जिलाधिकारी ने अवशेष सभी विद्यालय प्रबंधकों को आगामी 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से फिटनेस एवं परमिट का नवीनीकरण कराने की कार्रवाई पूर्ण कर लें, इसके उपरांत बिना परमिट की बसों को सड़क पर पाए जाने पर सीज कर लिया जाएगा। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने एआरटीओ को रोजाना बसों के परमिट जारी होने की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। साथ ही परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'मिशन : सेफ फ्यूचर' अभियान के अंतर्गत 01 जुलाई से 15 जुलाई, 2026 तक विद्यालयी वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस एवं परमिट सुनिश्चित कराने तथा सघन प्रवर्तन कार्रवाई किए जाने



की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं विद्यालय प्रबंधनों को निर्देशित किया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालयी वाहनों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी सख्त निर्देश हैं कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं है, इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, अध्यक्ष जिला पंचायत श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधु वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, एआरटीओ सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बरमबाबा चौराहे के पीछे बिजली का तार गिरने से महिला की मौत

बुधवार को बरमबाबा चौराहे के पीछे एक खेत में बिजली का तार टूटकर गिर जाने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से झुलस गई।बताते हैं दोनों महिला खेत में काम कर रही थी उसी वक्त हुआ हादसा !मृतका की पहचान चूरा टांडा निवासी पप्पू सिंह की पत्नी के रूप में हुई है। वहीं घायल महिला सिसैया टांडा निवासी सुदामा देवी पत्नी रामऔतार बताई जा रही हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सीएचसी बिजुआ से गंभीर हालत में जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया।घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विद्युत विभाग की लापरवाही और जर्जर बिजली लाइन के कारण यह हादसा हुआ। लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।फिलहाल पुलिस और प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।

### नाबालिक छात्रा से गैंगरेप मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**सिंगाही खीरी।** थाना सिंगाही पुलिस ने नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, थाना सिंगाही में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 138/2026, धारा 70(2), 351(3) बीएनएस, 5(जी)/6 पॉक्सो एक्ट तथा 3(2)(1) एससी/एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उत्तम उर्फ लक्खा पुत्र शिव कुमार तथा साकिब अली पुत्र साहिद अली, निवासी ग्राम सिंगहा कला, थाना सिंगाही, जनपद खीरी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम् कुमार के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे सिंगाही के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मंगलवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### हर-हर महादेव के जयघोष के बीच बाबा बर्फानी के दर्शन हेतु श्रद्धालु हुए रवाना



**कोंच(जालौन)-** नगर के शिवभक्तों ने पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए भगवान भूतेश्वर का आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं का एक जत्था बुधवार सुबह करीब 8 बजे यहां से रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने प्राचीन भूतेश्वर मंदिर में भगवान भूतेश्वर महाराज का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा। पूजन-अर्चन के उपरांत श्रद्धालुओं ने देश, प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा सभी के मंगल की कामना करते हुए बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए प्रस्थान किया। यात्रा पर रवाना होने से पहले परिजनों, मित्रों और स्थानीय लोगों ने शिवभक्तों का तिलक लगाकर स्वागत किया और उनकी सुरक्षित एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं ने बताया कि अमरनाथ यात्रा उनके लिए आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। उनका मानना है कि बाबा बर्फानी के दर्शन का सौभाग्य मिलना जीवन का एक विशेष अवसर होता है। यात्रा को लेकर सभी भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। अमरनाथ यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में पवन खिलाड़ी, जयप्रकाश रावत बंटे, अमन टंडन, सत्यम सोनी, अंकित गुप्ता, सचिन यादव सहित कई अन्य शिवभक्त शामिल थे। इन शिवभक्तों को विदा करने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मंदिर परिसर में मौजूद रहे और जयकारों के साथ सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दीं।

# बेहजम का सामुदायिक शौचालय डेढ़ साल से बंद

## कागजों में लाखों का रखरखाव, धरातल पर बदहाली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बेहजम, लखीमपुर खीरी।** एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन और संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ-सफाई और बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं का दावा कर रही है, वहीं बेहजम ब्लॉक मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत का सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय पिछले करीब डेढ़ वर्ष से बंद पड़ा है। हालत यह है कि शौचालय के मुख्य द्वार पर सुबह 5 बजे से शाम 8 बजे तक संचालन का समय लिखा है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है। शौचालय के बाहर गंदगी, कूड़े के ढेर और झाड़ियां जमा हैं। इससे कस्बे में आने वाले राहगीरों, व्यापारियों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें खुले स्थानों या अस्पताल परिसर के आसपास शौच के लिए जाना पड़ता है, जो स्वच्छता अभियान के दावों पर सवाल खड़े करता है। मलिकपुर निवासी जाहिद खान ने बताया कि सामुदायिक शौचालय करीब डेढ़ वर्ष से बंद है। वहीं दुकानदार प्रमोद कुमार ने कहा कि उनकी दुकान शौचालय के पास होने के बावजूद सुविधा न मिलने से उन्हें आवश्यकता पड़ने पर करीब दो किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। शौचालय की केयरटेकर रेणु देवी ने बताया कि उन्हें सरकार से 6,000 प्रतिमाह मानदेय मिलता है, लेकिन शौचालय के रखरखाव के लिए निर्धारित 3,000 प्रतिमाह की राशि कभी उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका कहना है कि बिना बजट के साफ-सफाई और मरम्मत कराना संभव नहीं है। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी दिलीप भार्गव का कहना है कि केयरटेकर द्वारा रखरखाव संबंधी बिल प्रस्तुत नहीं किए गए, इसलिए भुगतान नहीं किया गया। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी अभिलेखों में हर माह रखरखाव का खर्च दर्ज किया जाता है, जबकि मौके पर शौचालय बंद और बदहाल पड़ा है।

### कानपुर में ओवर स्पीड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही, तीन मार्गो पर 297 वाहनों के चालान

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है । आज दिनांक 08.07.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 38 ट्रक, 07 बस, 90 चार पहिया / दो पहिया 135 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 02 बस, 104 चार पहिया / दो पहिया 106 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । गंगा बैराज पर 56 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं । वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें । यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें ।

# भारी बारिश से टूंडला हुआ जलमग्न

## जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला –** बुधवार को हुई भारी बारिश ने नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी।नगर के कई इलाकों में जलभराव होने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। सर्विस रोड,एटा रोड, शिवपुरी,ब्रिज विहार सहित कई कॉलोनियों में सड़कें तालाब में तब्दील हो गई।राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बताया जाता है कि एटा रोड,शिवपुरी और ब्रिज विहार क्षेत्र का वर्षा जल सीधे सर्विस रोड स्थित नाले में पहुंचता है,लेकिन सम्राट सदन के पास नाले के पानी की समुचित निकासी न होने तथा कई स्थानों पर नाले पर किए गए अतिक्रमण के कारण पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल गया। स्थिति यह रही कि सर्विस रोड पर घुटनों तक पानी भर गया और कई दोपहिया व चारपहिया वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए। बारिश के दौरान रोड किनारे बने नाले उफनकर बाहर आने लगे,जिससे आसपास की कॉलोनियों की नालियों का पानी भी वापस घरों की ओर लौटने लगा।शिवपुरी क्षेत्र की कई गलियों में पानी घरों तक पहुंच गया, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले करीब दस वर्षों से इस समस्या के समाधान की मांग नगर पालिका और एनएचएआई से लगातार की जा रही है।कई बार शिकायतें और ज्ञापन देने के बावजूद आज तक कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई।हर वर्ष बारिश के दौरान यही हालात बनते हैं और जनता को जलभराव की समस्या झेलनी पड़ती है।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नालों की नियमित सफाई,अतिक्रमण हटाने तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराई जाए,ताकि भविष्य में बारिश के दौरान नगर वासियों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### बारिश में बेवा वृद्धा का गिरा कच्चा आशियाना



**कोंच(जालौन)-** मोहल्ला गोखले नगर में बारिश से एक निर्धन और बेवा वृद्धा का कच्चा आशियाना गिर जाने से वह पड़ोसी के घर शरण लेने पर मजबूर है। वृद्धा सरकारी इमदाद के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठी है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला गोखले नगर निवासी करीब 61 वर्षीय जमुना देवी पत्नि स्व.ओमप्रकाश निर्धन के साथ ही बेवा है। उसका छप्पर/टीनशेड युक्त कच्चा घर है जिसमें वह अकेली रहकर अपना जीवन यापन कर रही है। गत रोज बारिश में उसका आशियाना गिर पड़ा जिससे मजबूरन वह पड़ोसी केदारी के घर में शरण लिए हुए है। जमुना देवी ने बताया कि तीन साल पहले भी बारिश में उसके घर का पिछला हिस्सा गिर पड़ा था और तब उसे सरकारी मदद के नाम पर प्रशासन द्वारा सिर्फ़ चार हजार रूपये दिए गए थे। इन रुपयों से उसने घर के आगे की हिस्से की दीवार बनाकर छप्पर और टीनशेड डाल लिया था और यहीं पर रह रही थी लेकिन अब आगे का हिस्सा भी गिर पड़ा है जिससे उसे घर में रहने के लिए जगह नहीं बची है। उसने बताया कि वह आवास की कई बार मांग कर चुकी है लेकिन उसे आवास नहीं मिल सका है। जमुना देवी की एक विवाहित बेटी है। बेटी के पास ही इंदौर में रहकर बेटा पढ़ाई कर रहा है।

# घर की सीढ़ियों की स्लेब गिरने से माँ बेटी समेत तीन घायल

## गंभीर हालत में बच्ची को झांसी किया गया रेफर, एसडीएम और नायब तहसीलदार पहुंचे मौके पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** मानसूनी बारिश शुरू होते ही हादसों की घटनाएं सामने आने लगी हैं। ग्राम बिरासनी स्थित एक मकान की सीढियों की अचानक स्लेब गिर जाने से एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि उसकी माँ सहित एक और महिला चोटिल हो गई। घायल बच्ची को मेडीकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया है। मौके पर पहुंचे एसडीएम एवं नायब तहसीलदार ने घटना की जानकारी लेकर जांच पड़ताल की है। जानकारी के अनुसार, तहसील कोंच क्षेत्र के ग्राम बिरासनी निवासी अनिल कुमार के मकान में बनी सीढियों की स्लेब बुधवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक से गिर पड़ी। स्लेब गिरने से मौके पर मौजूद अनिल की 6 वर्षीय बेटी प्रिया के सिर में चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि उसकी माँ जिया देवी (28) सहित सरस्वती देवी (30) पत्नि शिवम कुमार चोटिल हो गईं। तीनों घायलों को उपचार हेतु तत्काल ही मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा प्रिया को झांसी रेफर कर दिया गया। जिया देवी और सरस्वती का उपचार मेडिकल कॉलेज उरई में ही जारी है और दोनों की हालत सामान्य बताई जा रही है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम हेमंत कुमार पटेल एवं नायब तहसीलदार वैभव गुप्ता मौके पर पहुंचे और घटना की समुचित जानकारी लेते हुए आवश्यक जांच पड़ताल की। प्रथम दृष्टया स्लेब गिरने का कारण स्लेब कमजोर बनी होने और बारिश का पानी बैठना प्रतीत हो रहा है। प्रशासन का कहना है कि जांच के उपरांत शासन द्वारा अनुमन्य मदद पीड़ित परिवार को प्रदान की जाएगी।

# .मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा योजना का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरेली।** नवाबगंज के सभागार में बुधवार को तहसील स्तरीय, मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा योजना के शुभारंभ का लाइव प्रसारण कार्यक्रम उपजिला अधिकारी उदित पवांर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डॉ एम.पी. आर्य विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौड़ थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक ने हरी झंडी दिखाकर स्कूली शिक्षा में स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की। ब्लॉक सभागार में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा चिकित्सा योजना के शुभारंभ के कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान इस योजना से लाभांवित शिक्षकों को कार्ड वितरित किए गए, स्कूल के बच्चों को पुस्तकों वितरित की गई। विधायक ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना से बड़ी संख्या में शिक्षक लाभान्वित होंगे ।तनाव रहित अपने शिक्षण को और अधिक ऊर्जा तथा गति प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है और उनके स्वास्थ्य का चिंतन सरकार की प्राथमिकता है ।इस लिए उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। इसके लिए मैं प्रदेश के मुखिया यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका नवाबगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया की यह योजना शिक्षकों पर असमय,अकारण किसी गंभीर बीमारी से पड़ने वाले आर्थिक बोझ में लाभप्रद होगी। शिक्षकों के लिए ऐसी हितकर योजना के लिए प्रदेश सरकार की पहल के लिए बहुत-बहुत आभार।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज विवेक शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी भदपुरा विजय कुमार , राजकीय हाई स्कूल मोहम्मदपुर के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने सभी अतिथियों का बैज लगाकर,पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजन में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने प्रतिभाग किया शिक्षकों में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के लागू होने पर आनंद कीअनुभूति दिखाई दी सभी ने इस पहल का स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजीव सिंह ने किया उनके द्वारा बताया गया 'स्वस्थ शिक्षक एक सशक्त विद्यालय का निर्माता होता है एक सशक्त विद्यालय एक समृद्ध प्रदेश की नींव है। तथा एक समृद्ध प्रदेश विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी भदपुरा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए में राजपूत देवल कमल प्रताप संतोष कुमार रवि दीक्षित रजनीश अनिल कुमार ,वानेंद्र गंगवार भगवानदास मो.अमजद अंजली अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

# अखिलेश यादव के खिलाफ भ्रामक पोस्टों से भड़की सपा व्यापार सभा, कार्रवाई के लिए दी आंदोलन की चेतावनी



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी व्यापार सभा (कानपुर महानगर) की तरफ से बुधवार को एक जरूरी बैठक बुलाई गई। इस बैठक में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर चलाई जा रही कथित झूठी और भ्रामक पोस्टों पर कड़ा ऐतराज जताया गया। सपाइयों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। बैठक में अपनी बात रखते हुए कानपुर महानगर के अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद ने कहा 'जब से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राम मंदिर के चंदे से जुड़े मुद्दों पर सवाल उठाए हैं, तभी से उन्हें बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। पहले उनके परिवार को निशाना बनाया गया और अब सोशल मीडिया के जरिए उनकी साफ-सुथरी छवि को खराब करने का गंदा खेल खेला जा रहा है। लेकिन जनता सब समझती है, सच जल्द ही सबके सामने आ जाएगा। ' हाजी फज़ल महमूद ने प्रशासन से दो टूक मांग की कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, अमित कुमार, ग्लोबल भारत न्यूज़ के एडिटर अभिषेक पांडेय, वैशाली त्यागी और राहुल देव तिवारी समेत जांच में जिन लोगों के भी नाम सामने आएं, उन सभी के खिलाफ तुरंत एफआईआर (FIR) दर्ज की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते इस पर एक्शन नहीं लिया गया, तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा आंदोलन करेगी। इसके बाद व्यापार सभा के महानगर अध्यक्ष नंदलाल जासवाल ने कहा कि सोशल मीडिया बात रखने का जरिया है, न कि झूठ फैलाने का। इसका इस्तेमाल जिम्मेदारी से होना चाहिए। बिना किसी जांच-पड़ताल के किसी भी बड़े नेता के खिलाफ मनगढ़ंत बातें फैलाना सरासर गलत है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष जांच करने की मांग की। बैठक के आखिरी में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। देश के लिए उनके संघर्ष, सादगी और बेबाक अंदाज को याद करते हुए सभी ने दो मिनट का मौन रखा और उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राजश्री कालेज में आयोजित 'बरेली गॉट टैलेंट 2026' में 'अभिषेक' के सिर सजा ताज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/रिठौरा।** राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित बरेली गॉट टैलेंट 2026' के ग्रान्ड फिनाले में जमकर हुए मुकाबले के बीच आर0 के0 आई0 ए0 एम0 एस0, फरीदपुर, बरेली के अभिषेक सक्सेना को विजेता घोषित करते हुए ताज से नवाजा गया। इससे पूर्व आयोजित कार्यक्रम में बरेली एवं आसपास के जनपदों से चार सौ से अधिक विद्यार्थियों ने ऑडिशन देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें स्क्रीनिंग के पश्चात गुलाबराय मान्टेसरी, आर0एन0टैगोर कॉलेज, राजकीय महिला इण्टर कॉलेज, मदर्स पब्लिक स्कूल, बी0बी0एल0, पुलिस मार्डन स्कूल, हार्टमैन कॉलेज, बरेली कॉलेज, सूरजभान कॉलेज, व्यास वर्ल्ड, सेक्रेड हार्ट्स, लॉयन्स रोहेला, कान्ति कपूर जैसे पचास से अधिक विद्यालयों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के मध्य फाइनल मुकाबले हुये। सोलो डान्स, ग्रुप डान्स, सिंगिंग, ड्रॉइंग-पेंटिंग एवं एक्टिंग में प्रदर्शन के आधार पर निर्णायक मण्डल ने विजेताओं में पीलीभीत से हेमन्त कुमार, एस0आर0 बैण्ड को ट्रॉफी तथा आकर्षक पुरूस्कारों से नवाजा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एन0 सी0 सी0 ग्रुप हेड क्वार्टर के कमांडर ब्रिगेडियर अमित उनियाल, संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, वाइस चेयर पर्सन डॉ0 मोनिका अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक इं0 रोहन बंसल, ट्रस्टी डॉ0 अजय कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर ग्रान्ड फिनाले का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अमित उनियाल ने बरेली एवं बाहर से आए प्रतिभागियों को अपने जीवन में निरंतर अभ्यास कर अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिये सदैव प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि राजश्री ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिये सदैव संकल्पबद्ध है। जो उनको भविष्य की दिशा तय करने में भूमिका निभाते हैं। संस्थान की वाइस चेयर पर्सन डॉ0 मोनिका अग्रवाल ने विजेता प्रतिभागियों को शुभाशीष प्रदान किया और असफल रहे प्रतिभागियों को भविष्य में अपनी गलतियों से सीखकर और मेहनत करने के लिए उत्साह वर्धन किया। प्रबंध निदेशक इं0 रोहन बंसल ने पूरे कार्यक्रम में प्रतिभागियों के उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बनाये रखने के लिये मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की। ग्राण्ड फिनाले के सफल आयोजन में निर्णायक मण्डल में वोकल आर्टिस्ट डॉ0 रीता शर्मा एवं डॉ0 वन्दना दुग्गल रहीं। जिसमें डांसिंग में निकिता, आराध्या, शिवांश, सिंगिंग में सारिका, शौर्य शिवम यादव तथा म्यूजिक इन्स्ट्रूमेंट में नोड ग्रुप एवं ड्राइंग एण्ड पेंटिंग में राजू व एक्टिंग स्टैण्डप कॉमेडी में राहुल को सराहनीय प्रदर्शन के आधार पर ट्राफी के साथ पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों, सहयोगी टीम एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि 'बरेली गॉट टैलेंट 2026' आने वाले वर्षों में क्षेत्र की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने का एक सशक्त मंच बनेगा।

# मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा शिक्षक योजना का शुभारंभ

## शिक्षकों को मिले कैशलेस कार्ड व छात्रों के खातों में पहुंची डीबीटी राशि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फरोजाबाद –** रामचंद्र पालीवाल ऑडिटोरियम में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शिक्षकों ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को सुना। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा शिक्षक योजना के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। इस योजना के तहत शिक्षकों को 5 लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे बीमारी के समय उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रति छात्र 1200 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की। इस राशि से विद्यार्थी यूनिफॉर्म, जूते, मौजे, स्वेटर, स्कूल बैग तथा स्टेशनरी जैसी आवश्यक सामग्री खरीद सकेंगे। वहीं प्रदेश के 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ महत्वपूर्ण एमओयू भी संपादित किया गया।जनपद फिरोजाबाद में बेसिक शिक्षा विभाग के 11,700 शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों तथा 1,200 माध्यमिक शिक्षकों को कैशलेस कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में रोहित कुमार, दीप सिंह गौर, संजय जैन, धर्मेंद्र कुमार, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, विपिन कुमार शर्मा, मोहित चतुर्वेदी, शुजा अंसारी और नरेंद्र सिंह शर्मा सहित कई शिक्षकों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मंच से कैशलेस कार्ड वितरित किए गए। सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि शिक्षक देश के भविष्य के निर्माता हैं और उनका सम्मान व सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षकों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा कैशलेस चिकित्सा सुविधा और बीमा योजनाएं इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला हैं। उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की चिंता करते हुए सरकार ने कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर शिक्षकों का सम्मान बढ़ाया है। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे सरकार द्वारा प्रदान की गई कैशलेस चिकित्सा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा समय से अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। कार्यक्रम का संचालन शिवकांत पलिया ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख डॉ. लक्ष्मी नारायण यादव, अपर जिलाधिकारी मोहन लाल गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल परिहार, खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र, ओम प्रकाश अकेला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सूने घर से तीन सिलेंडर चोरी कर ले गए दो युवक, सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद

**कोंच(जालौन)-** ताला लटकाकर परिजनों संग शादी में गए एक व्यक्ति के घर से तीन व्यवसायिक सिलेंडर और प्याज की आधी बोरी चोरी हो जाने की घटना सामने आयी है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में चोरी करते हुए कैद हुए मुहल्ले के ही युवक और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित गृहस्वामी ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मोहल्ला मालवीय नगर निवासी राजेश अग्रवाल पुत्र मुन्नालाल ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 6/7 जुलाई की रात वह घर में ताला लगाकर शादी समारोह में गया हुआ था। रात करीब एक बजे मुहल्ले का ही एक युवक अपने एक अज्ञात साथी के साथ उसके घर में घुस आया और कमरे में रखे तीन व्यवसायिक सिलेंडर सहित प्याज की आधी बोरी उठाकर भाग गए। शादी समारोह से वह वापस घर पहुंचा तो सिलेंडर और प्याज की बोरी गायब थी। उसने फौरन ही सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे जिसमें उक्त दोनों युवक सिलेंडर और प्याज की आधी बोरी चोरी कर ले जाते हुए देखे जा रहे हैं। वहीं पुलिस ने घटना में तत्परता दिखाते हुए तहरीर में नामजद किए गए युवक को हिरासत में ले लिया है, जिससे घटना के बाबत पूछताछ की जा रही है।

# फिरोजाबाद में 12 जुलाई को मनाया जाएगा वृक्षारोपण महाउत्सव

## 44,24,300 पौधों के रोपण का लक्ष्यः जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद –** जनपद में वर्षाकाल 2026 के अंतर्गत आगामी 12 जुलाई 2026 को वृक्षारोपण को एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस वृहद अभियान के तहत जिले में 44,24,300 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक के माध्यम से सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा है कि इस महाअभियान में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए है कि किसान सम्मान निधि के प्रत्येक लाभार्थी को न्यूनतम एक पेड़ लगाना अनिवार्य होगा और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी लाभार्थी छूटने न पाए। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों को अपने आवास परिसर या आसपास अनिवार्य रूप से सहजन का पौधा लगाना होगा। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अमृत सरोवरों पर वृक्षारोपण हेतु व्यक्तिगत रुचि लें और वहां सघन पौधरोपण सुनिश्चित कराएं। अभियान की सफलता के लिए तकनीकी पहलुओं का ध्यान रखते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए जहां जिस प्रकार की मिट्टी उपयुक्त हो, वहां उसी के अनुसार पौधों का चयन कर वृक्षारोपण किया जाए, ताकि पौधों की उत्तरजीविता शत-प्रतिशत रह सके। वृक्षारोपण को सरकारी कार्यक्रम न मानकर एक सामाजिक उत्सव बनाने के लिए ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बड़े स्तर पर इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका को भी पूरी तरह स्पष्ट और सक्रिय किया गया है। अभियान के दौरान किए जा रहे अच्छे कार्यों और वृक्षारोपण की तस्वीरों का एक बेहतर कलेक्शन तैयार किया जाएगा। इन तस्वीरों और वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तथा राज्य सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निर्दिष्ट पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, ताकि अन्य लोग भी पर्यावरण संरक्षण के इस पावन कार्य के लिए प्रेरित हो सकें। दिनांक 12.07.2026 को वृक्षारोपण का कार्य सुबह 06 बजे से प्रारंभ होकर शाम 06 बजे तक चलेगा। ग्राम पंचायतवार और नगर निकायवार रोपे गए पौधों की संकलित सूचना खंड विकास अधिकारियों द्वारा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय को भेजी जाएगी, जहां से इसे मुख्य विकास अधिकारी और प्रभागीय वनाधिकारी के माध्यम से लखनऊ स्थित राज्य स्तरीय कमांड सेंटर और 'प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम' पोर्टल पर तत्काल अपलोड कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि 12 जुलाई को अपने घरों, खेतों और सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर इस महाउत्सव को सफल बनाएं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा राम बदन राम, डीएफओ भानेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त खबरें

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आगमन



**मिर्जापुर।** अहरौरा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जी का वाराणसी से सोनभद्र के सड़क मार्ग यात्रा पर उन्हें जगह-जगह नगर के चौक चौराहे पर माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में अहरौरा नगर के बाईपास चुनार चौराहा पर उनके गाड़ी की काफिला को रोक कर भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के द्वारा उनको अंग वस्त्र और माल्यार्पण कर सत्कार किया गया।प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारो के साथ प्रदेश अध्यक्ष को सोनभद्र की तरफ रवाना किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में मनोज सोनकर, राजकुमारी देवी, गोपाल केशरी, कृष्ण कुमार तिवारी, अनूप अग्रहरि, विनोद पटेल महेंद्र अग्रहरि, कृष्ण कुमार जायसवाल समेत तमाम विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

## दिव्या मित्तल तीन दिवसीय शासकीय दौरे पर मिर्जापुर



**मीरजापुर** की पूर्व जिलाधिकारी एवं वर्तमान में राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत दिव्या मित्तल तीन दिवसीय शासकीय दौरे पर मिर्जापुर पहुंचेंगी। इस दौरान वह जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करेंगी तथा संबंधित अधिकारियों से प्रगति की जानकारी लेंगी। दिव्या मित्तल अपने जिलाधिकारी कार्यकाल के दौरान जनसरोकारों को लेकर सबसे अधिक चर्चित अधिकारियों में रही हैं। उनकी कार्यशैली की पहचान आम जनता से सीधा संवाद, त्वरित निर्णय और संवेदनशील प्रशासन रही। पेयजल, विद्युत, सड़क तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी अनेक योजनाओं को उन्होंने धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे हजारों लोगों को सीधा लाभ मिला। सौम्यता, सहजता और सरल व्यवहार उनकी विशेष पहचान रही है। यही कारण है कि प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर आम नागरिकों तक आज भी उनकी अच्छी पकड़ और लोकप्रियता कायम है। मिर्जापुर में उनका आगमन एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

## ड्रमंडगंज बाजार मे दुर्गा माता मंदिर के पास सड़क पर बैठकर खुले में बेवड़ा पीते हैं दारू दारू पीकर करते हैं बवाल



**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज बाजार मे दुर्गा माता मदिर के पास सड़क पर बैठकर बेवड़ा पिते है दारू दारू पिकर करते है बवाल दारू बाजो से बाजार के लोक होते है परेशान दारू बाज दारू पिकर रोड़ पर करते है गाली गलौज बाजर वासियों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि दुर्गा माता मदिर के पास से दारु का ठिका व मांस मदिरा की दुकान हटाया जाय ताकि मंदिर पर समय से अपना दर्शन पूजन कर सके गांव की महिलाएं मंदिर पर दारू बाजो से परेशान होकर नहीं जा पाती हैं महिलाए दारु बाजो को लेकर बाजार वासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। बाजार के लोगों का जिला प्रशासन से मांग है कि मंदिर के पास से दारु का ठिका व मांस मदिरा की दुकान हटवाया जाय।

## सात लाख रुपये की एक्सपायर्ड बीयर नष्ट, 180 पेटियों का कराया गया विनष्टीकरण

**भदोही।** आबकारी नीति 2026-27 के प्रावधानों के तहत बुधवार को गोपीगंज के सोनखरी स्थित बीयर थोक अनुज्ञापन परिसर में वर्ष 2025-26 में निर्मित एवं वैधता अवधि समाप्त हो चुकी बीयर के अवशेष स्टॉक का विनष्टीकरण कराया गया। संयुक्त आबकारी आयुक्त वाराणसी जोन की अनुमति एवं जिलाधिकारी भदोही के आदेश के क्रम में उप आबकारी आयुक्त मीरजापुर प्रभार मीरजापुर श्रीराम पांडेय की अध्यक्षता में गठित समिति की निगरानी में यह कार्रवाई संपन्न हुई। इस दौरान एमस्टल बीयर की 180 पेटियां (प्रत्येक में 24 बोतल) नष्ट कराई गई, जिनका बाजार मूल्य लगभग सात लाख रुपये बताया गया। आबकारी विभाग के अनुसार विनष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य के मानकों का पालन करते हुए संपन्न कराई गई। समिति में उप जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञानपुर शिव प्रकाश यादव तथा जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

# विंध्यधाम में मुख्यमंत्री योगी ने किए मां विंध्यवासिनी के दर्शन

## विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए कई निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल, मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बुधवार को विंध्यधाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी देवी के दरबार में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री दोपहर करीब 12:15 बजे मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने दर्शन-पूजन के बाद विंध्य कॉरिडोर की प्रगति की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित प्रवेश प्लाजा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के हाथों से बने कार्पेट, दरी, बेसन के पापड़, सरसों के तेल सहित अन्य उत्पादों की जानकारी प्राप्त की तथा तुलसी के पौधों का वितरण किया। उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को चॉकलेट बांटकर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री अष्टभुजा पहाड़ी स्थित सर्किट हाउस (डाक बंगला) पहुंचे, जहां उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मीरजापुर, हलिया और मटवार क्षेत्र की सड़कों के मरम्मत कार्य, इंटरलॉकिंग एवं सड़क निर्माण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वन विभाग को भी स्थानीय स्तर पर आवश्यक समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री ने मीरजापुर नगर की सड़कों को स्वच्छ, सुंदर एवं आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विंध्याचल से कालीखोह एवं अष्टभुजा जाने वाले मार्गों के सुंदरीकरण तथा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में मीरजापुर के रेलवे अंडरपास मार्गों की मरम्मत एवं जलभराव जैसी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए रेलवे विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में मीरजापुर, भदोही एवं सोनभद्र जनपदों के जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित सड़क, सेतु, धर्मार्थ कार्यों, बाईपास सड़क एवं अन्य विकास योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सांसदों से समन्वय स्थापित कर विधायक अपने प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराएं तथा संबंधित जिलाधिकारी उन्हें शीघ्र शासन को भेजना सुनिश्चित करें, ताकि 15 जुलाई तक स्वीकृति एवं 15 अगस्त तक धनराशि अवमुक्त की जा सके। बैठक में नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक समाप्त होने के बाद क्षेत्र में तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद मुख्यमंत्री हेलीपैड पहुंचे और हेलीकॉप्टर से चित्रकूट के लिए रवाना हो गए।

## नव नियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष का कल होगा जिले में प्रथम आगमन



**अम्बेडकर नगर।** सोमवार को सुबह साढ़े 8 बजे भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा के नव नियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी का प्रथम आगमन क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद हो रहा है। सोमवार से ही शुरू हो रहे भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का जिला मुख्यालय के लोहिया सभागार में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी उद्घाटन कर प्रथम सत्र के विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव के नेतृत्व में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत जिले की सीमा यादव नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात जिला कार्यालय अटल भवन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया है। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 11 विषयों के वक्ता अपने अपने विषय पर व्याख्यान देंगे।

## साइबर ठगी रोकने के लिए भदोही पुलिस की पहल, रिक्रूट आरक्षियों व विवेचकों को दिया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सभी क्षेत्राधिकारी, साइबर थाना, साइबर हेल्प डेस्क के पुलिसकर्मी, विवेचक एवं रिक्रूट आरक्षी शामिल हुए। गोष्ठी में साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में 'गोल्डन ऑवर' के भीतर कार्रवाई कर पीड़ितों की धनराशि होल्ड कराने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही एमआरएम के माध्यम से साइबर ठगी के शिकार लोगों की राशि वापस दिलाने तथा जीआरएम पोर्टल के जरिए गलत तरीके से फ्रीज हुए बैंक खातों का शीघ्र निस्तारण करने की जानकारी दी गई।

अपर पुलिस अधीक्षक ने विवेचकों को साइबर अपराधों की जांच में नवीनतम तकनीक एवं फॉरेंसिक टूल्स के उपयोग का प्रशिक्षण दिया। डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लोन ऐप, लॉटरी स्कैम और सोशल मीडिया फ्रॉड से लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने सहयोग एवं समन्वय पोर्टल के उपयोग तथा विवादित सोशल मीडिया पोस्ट को तत्काल टेकडाउन कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। साथ ही आम जनता से अपील की गई कि किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

» कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण

» शिक्षकों के हित एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध- जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। योजना के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। साथ ही 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्वेटर, बैग एवं स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र-छात्रा ?1200 की धनराशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू का भी निष्पादन किया गया।

जनपद सोनभद्र में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने देखा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह योजना शिक्षकों एवं उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेगी। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय, समाज कल्याण राज्य मंत्री के प्रतिनिधि संजीव कुमार तिवारी सहित जनप्रतिनिधिगण, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद में चला व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत जनपद में बुधवार को व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों का निरीक्षण तथा नालियों की सफाई कराई गई। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए गए। अभियान के दौरान सफाईकर्मियों, ग्राम पंचायत सहायकों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता अपनाने तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया।

आज संचालित अभियान के अंतर्गत जनपद के विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। ग्रामों में नालियों की सफाई कराई गई कई स्थानों पर झाड़ियों की कटाई की गई। इसके अलावा हैंडपंपों का मरम्मत कार्य कराया गया और वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पशुपालकों को भी जागरूक किया गया तथा कृषक संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कुल बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आमजन से अपील की है कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, जलभराव न होने दें तथा संचारी रोगों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## जनपद के विद्यालयों में आपदा जागरूकता अभियान

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश -** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आपदा जागरूकता अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसरों में आपदा से बचाव एवं सुरक्षा संबंधी पोस्टर लगाए जा रहे हैं, ताकि छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। प्रतिदिन प्रार्थना सभा एवं कक्षा शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को भूकंप, आकाशीय बिजली, बाढ़, आग लगने तथा अन्य प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही विद्यार्थियों को बताया जा रहा है कि आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखें, सुरक्षित स्थान पर जाएं, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा अफवाहों से बचें। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा के प्रति जागरूकता विकसित करना, जोखिम को कम करना तथा उन्हें स्वयं के साथ-साथ परिवार और समाज की सुरक्षा के प्रति भी जिम्मेदार बनाना है। विद्यालयों में यह जागरूकता गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं, जिससे आपदा प्रबंधन के प्रति व्यापक जनजागरूकता विकसित हो सके।

## खरीफ अभियान 2026 जनपद में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी उर्वरक उपलब्ध

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** खरीफ अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद के किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की संस्तुति के आधार पर जनपद की 41 सहकारी समितियों को कुल 603.36 मीट्रिक टन यूरिया तथा 36 सहकारी समितियों को कुल 462.00 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक का आवंटन स्वीकृत किया गया है। पीसीएफ द्वारा सहकारी समितियों एवं उर्वरक बिक्री केंद्रों पर उर्वरक भेजने की कार्यवाही जारी है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने किसानों से अपील की है कि वे अपने निकटतम सहकारी समिति अथवा अधिकृत उर्वरक केंद्र से संपर्क कर आवश्यक उर्वरक निर्धारित मूल्य पर ही प्राप्त करें। यदि कहीं कालाबाजारी, ओवररेटिंग अथवा कृत्रिम अभाव की सूचना मिले तो तत्काल सहकारिता विभाग के कंट्रोल रूम, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा उप कृषि निदेशक कार्यालय को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# पी0 डब्लु0 डी द्वारा बन रही रोड में किया जा रहा है घटिया सामग्री का उपयोग ग्रामीणों में आक्रोश

» ग्रामीणों ने मुयमंत्री पोर्टल पर किया शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया मीरजापुर।** ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि जिला मुख्यालय से पचासी किलोमीटर की दूरी हलिया ब्लाक के अतिपिछड़ा जगह देवी से करौंदिया। संपर्क मार्ग जिसकी लागत 32 करोड़ का टेंडर कराया गया लेकिन ठेकेदार द्वारा 40 प्रतिशत बिलों पर टेंडर डालकर काम को लिया गया है। ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू भी कर दिया गया है। लेकिन मैटेरियल गिट्टी वगैरह घटिया किस्म का डालकर रोड बनाया जा रहा है। जो की मानक के विपरीत है। मना करने पर ठेकेदार कहता है कि बिलों का काम डालना है तो ऐसे ही करेंगे जिसको जो करना हो कर ले। प्रार्थी द्वारा इसकी सूचना जिले के उच्च अधिकारियों को दिया गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण अब मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करना शुरू कर दिए हैं ग्रामीणों का मानना है कि अति पिछड़े क्षेत्र में मानक के अनुरूप कार्य कराया जाए जिससे कुछ दिन तक सड़क पर ग्रामीणों का आवागमन ठीक से सुचारू ढंग से चल सके नहीं तो फर्जी काम करके ठेकेदारी चले जाएंगे फिर सड़क गड्ढे में तब्दील हो जाएगा समस्या ग्रामीणों व यात्रियों को होगा

# प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उड़ी नींद

» मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर जिला प्रशासन ने समाज सेवियों को भ्रष्टाचार उजागर करने से रोका

» किया हाउस अरेस्ट, घर पर ही लिया मांग पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार को जीरो टॉलरेंस पर करने की बात और दावा करने वाली सरकार भ्रष्टाचार की शिकायतों से कितनी डरी रहती है कि वह भ्रष्टाचार के किसी भी शिकायत को लेने से घबराई रहती है। आज 8 जुलाई को मिर्जापुर जनपद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भ्रमण कार्यक्रम एवं अधिकारियों के साथ मीटिंग प्रशासनिक कार्य का प्रोटोकॉल फिक्स है। 2 दिन पूर्व ही मिर्जापुर जिले में करणी सेना के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार व उनकी टीम द्वारा मिर्जापुर की मूलभूत सुविधाओं जिले की जर्जर सड़को जगह-जगह लगने वाले गड्ढे में पानी, नटवा ओवर ब्रिज के नीचे जमा हुआ पानी और स्वास्थ्य विभाग में व्यापक पैमाने पर हुए 6 करोड़ 82 लाख के भ्रष्टाचार के मुद्दे की शिकायत और उसको तत्काल निस्तारित करने की मांग लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का कार्यक्रम तय किया गया था। लेकिन प्रदेश सरकार अपनी नुमाइंदों की शिकायत सुनने से शायद इतना घबराती है कि वह शिकायतकर्ताओं को अपने पास आने ही नहीं देना चाहती। मिर्जापुर जिला प्रशासन / पुलिस प्रशासन ने साफ तौर पर इंकार कर दिया कि मुख्यमंत्री के पास ना तो कोई जनप्रतिनिधि जाएगा, ना पत्रकार और ना ही कोई समाज सेवी अपनी समस्या या मांग को रख सकता है । भला राजा से जनता अपनी दुख बयान ना कर सके तो कैसा शासन और कैसा प्रशासन??

फिलहाल सरकार अपनी भ्रष्टाचार व मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर होने से बचने के लिए और जनता की शिकायत ना सुनने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दे रखा है जिसके कारण आज करणी सेना के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार को उनके निवास चंदईपुर पहुंचकर वहीं घर पर ही उनका मांग पत्र लिया गया और उन्हें व उनके साथियों को वहीं पर हाउस अरेस्ट किया गया है जब तक के मुख्यमंत्री अपने गंतव्य को वापस ना चले जाएं। मौके पर मौजूद लोगों में दिलीप सिंह गहरवार, अभिषेक सिंह धवल, इंस्पेक्टर सिंह (शिवम), डॉ अवनीश सिंह गहरवार, शाश्वत सिंह ,पुष्कर सिंह राठौड़, अनुराग सिंह, विनीत सिंह, उदय सिंह

प्रीतम सिंह,युवराज सिंह अभय सिंह, मंदीप, पंचम सिंह, अतुल सिंह, संजय गुप्ता, रमाकांत सिंह, हेमन्त कुमार, प्रदीप सिंह, शिवम सिंह, धीरज सिंह, राकेश सिंह, अवनीश सिंह, राकेश सिंह राणा, शिवपाल सिंह, कुश सिंह, अमित सिंह, मोहित सिंह, मंगल सिंह, फुलेल सिंह, रत्नेश सिंह, अतुल सिंह, आवेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद है।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ, 12 लाख शिक्षकों को मिलेगा लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** प्रदेश सरकार की शिक्षा एवं शिक्षक कल्याण संबंधी महत्वाकांक्षी योजनाओं के शुभारंभ के अवसर पर बुधवार को ज्ञानपुर स्थित चित्रांगन लॉन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद शामिल हुए। योजना के तहत प्रदेश के 12 लाख शिक्षकों एवं उनके आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये भेजने की घोषणा की, जिससे यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग और स्टेशनरी की खरीद की जा सकेगी।

कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि सरकार गरीब, शिक्षक, किसान, मछुआरा समाज और विद्यार्थियों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी समाज के विकास की मजबूत नींव हैं तथा शिक्षक सुरक्षित और सम्मानित होंगे तो नई पीढ़ी का भविष्य भी बेहतर होगा। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुए एमओयू की जानकारी भी दी गई। वहीं स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के चयनित प्रधानाचार्यों को सम्मानित करने की घोषणा की गई।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि नवीन नामांकन अभियान में भदोही ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो जनपद के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि शासन की सभी छात्र हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से 10 लाभार्थियों को पोषण पोटली भी वितरित की और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक विपुल दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मसाला इकाइयों पर छापा, हल्दी और कश्मीरी मिर्च के नमूने जांच को भेजे



**भदोही।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए विशेष अभियान चलाते हुए मसाला निर्माण इकाइयों और थोक विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई। दो दिवसीय अभियान के तहत 7 और 8 जुलाई को मसरफ स्पाइसेज प्राइवेट लिमिटेड, रजपुरा सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत संदेह के आधार पर हल्दी पाउडर और कश्मीरी मिर्च पाउडर के दो नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। विभाग ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट न करने और लेबलिंग एवं डिस्प्ले विनियम-2020 का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मानव स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले मसाला निर्माता और विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई सहायक आयुक्त (खाद्य)-II एवं अभिहित अधिकारी (प्रभारी) विवेक कुमार मालवीय के निर्देशन में की गई।

# 15 से 23 जुलाई तक लगेगा लवकुश एवं राष्ट्रीय रामायण मेला, तैयारियों में जुटा प्रशासन

डीएम ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, सुरक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और स्वच्छता व्यवस्था पर रहेगा विशेष फोकस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली एवं लव-कुश जन्मस्थली सीतामढ़ी में 15 से 23 जुलाई तक आयोजित होने वाले लवकुश मेला एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय रामायण मेला की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मेले के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मेला जनपद की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख आयोजन है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत और स्वच्छता सहित सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं। उन्होंने एसडीएम ज्ञानपुर को मेला अधिकारी तथा सीओ ज्ञानपुर को सहायक मेला अधिकारी नामित किया।

डीएम ने विद्युत विभाग को जर्जर तार व पोल बदलने, स्वास्थ्य विभाग को 24 घंटे चिकित्सा सुविधा एवं एम्बुलेंस उपलब्ध कराने तथा अग्निशमन विभाग को अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। वहीं लोक निर्माण विभाग को संपर्क मार्ग दुरुस्त कराने तथा जिला पंचायत को घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, नाव, गोताखोर और बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा स्वयंसेवकों की पहचान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला, विभिन्न विभागों के अधिकारी, मेला अध्यक्ष मुन्नालाल पाण्डेय, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु 24 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण कमलेश कुमार बौद्ध ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 मत्स्य विभाग द्वारा संचालित निषादराज बोट सब्सिडी योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय वेबसाइट http://fisheries.up.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन 09 जुलाई से 24 जुलाई तक खोला गया है। योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण को विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। योजनाओं में यदि भविष्य में कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्राविधान लागू होगें। योजना में पूर्व के वर्षो में निरस्त/प्रतीक्षारत आवेदन करने वाले आवेदक पुनः आवेदन कर सकते है एवं किसी भी जानकारी हेतु कार्य दिवस में कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास भवन से प्राप्त की जा सकती है।

## दो वांछित धराए, भेजे गये जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अलग अलग मुकदमों के दो वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। लीलापुर थाने के दरोगा अंकुर कैथवास ने सुबह गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के खरगपुर मोड़ के पास से जानलेवा हमले के मुकदमे में वांछित खरगपुर निवासी इमरान पुत्र फरीद को धर दबोचा। वहीं इसी थाने के दरोगा शहंशाह ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित सण्डवा सोमवंशियान निवासी शुभम वर्मा पुत्र फूलचन्द्र वर्मा को उसके घर के पास गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों वांछितों को जेल भेज दिया गया है।

## सर्वेक्षण में आईटीआई संस्थान के अव्वल आने पर जताई गयी खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत लालगंज के सलेम भदारी वार्ड स्थित पुनीत आईटीआई के जनपद में स्कोर ग्रेड में प्रथम स्थान हासिल करने पर शिक्षकों व छात्रों में खुशी का माहौल देखा गया। भारत सरकार के डीजीटी कौशल विकास और उद्यमियिता मंत्रालय द्वारा प्रदेश भर के आईटीआई संस्थानों का सर्वेक्षण कराया गया। सर्वेक्षण के दौरान आईटीआई संस्थानों को शैक्षिक व्यवस्था, महिलाओं की भागीदारी, ट्रेंड विविधता आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। इसके उपरान्त आईटीआई ग्रेड स्कोर कार्ड जारी किया गया। पुनीत आईटीआई के प्रबंध निदेशक डा. सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि सर्वेक्षण में इस संस्थान को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। संस्थान के जिले में प्रथम स्थान हासिल करने पर संस्थान की अध्यक्षा डा. पूर्णिमा मिश्रा, प्रबंधक डा. वर्तिका मिश्रा, इं. नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, इ. सुनील कुमार पाण्डेय, डा. पुरूषोत्तम शुक्ल ने उपलब्धी को गौरवपूर्ण कहा है। वहीं इं. अतुल कुमार, इ. दिनेश शुक्ल, अनिल पाण्डेय, इमरान हुसैन, राघवेन्द्र तिवारी, इ.श्री शुक्ल, कृष्ण कुमार यादव, अभिषेक पाण्डे, मनोज तिवारी आदि ने खुशी जतायी है।

## सिद्धार्थनगर में धान की नर्सरी में किसान को सांप ने काटा: इलाज के दौरान मौत



**सिद्धार्थनगर।** जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत भारतभारी के मल्हवार गांव में मंगलवार की रात सर्पदंश से एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। विडंबना यह रही कि युवक मंगलवार शाम ही दिल्ली से अपने घर लौटा था। कुछ देर बाद वह धान की नर्सरी में सिंचाई करने गया, जहां सांप के डसने से उसकी जान चली गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मल्हवार गांव निवासी सफीउर्रहमान (32)पुत्र मोहम्मद उमर मंगलवार शाम को दिल्ली से घर पहुंचे थे। घर पहुंचकर पानी पीने के बाद वह धान की रोपाई के लिए धान की नर्सरी में सिंचाई करने कुदाल लेकर खेत चले गए। इसी दौरान किसी विषैले सांप ने उसे डस लिया। शुरुआत में उन्हें इसका आभास नहीं हुआ, लेकिन थोड़ी देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने स्वजन को सूचना दी। स्वजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बस्ती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मौत की सूचना गांव पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण घटना को लेकर स्तब्ध हैं। मृतक ने अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और तीन पुत्रियां को छोड़ गया।

# पांच लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा से लाभान्वित होंगे शिक्षक-मंत्री नंदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से प्रति छात्र 1,200 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई।इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रतापगढ़ स्थित श्री हरि पैलेस में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी', विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, पार्टी पदाधिकारियों ने सहभागिता किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' एवं जनप्रतिनिधियों ने बेसिक शिक्षा विभाग के 11 तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के 5 शिक्षकों सहित कुल 16 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए। इसके अतिरिक्त स्वच्छ एवं हरित विद्यालय योजना के अंतर्गत चयनित 11 विद्यालयों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं पुस्तकें वितरित की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के माध्यम से बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक तथा अन्य शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके कंधों पर राष्ट्र के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है।उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, संस्कारयुक्त शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं उपस्थित प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 'वैदिक अनुष्ठान एवं मंगलकामना के साथ शैक्षणिक सत्र 2026 - 27 का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में ग्रीष्मावकाश के उपरांत मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत शुभारंभ हुआ। सत्र के प्रथम दिवस पर विश्वविद्यालय परिवार ने परिसर स्थित भगवान शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं समूचे विश्वविद्यालय परिवार के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि एवं शैक्षणिक उन्नति की मंगलकामना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर कविता शाह के नेतृत्व में कुलसचिव डॉ.अश्वनी कुमार, परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. नीता यादव, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. प्रकृति राय, अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय प्रो. सौरभ, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जितेन्द्र कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

पूजन-अनुष्ठान के उपरांत कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सत्र प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन में नई उपलब्धियों, नए ज्ञान और नए अवसरों का आधार बने। कुलपति ने विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का भी विज्ञप्ति के माध्यम से आह्वान किया कि वे पूर्ण मनोयोग, समर्पण एवं अपनी संपूर्ण क्षमता के साथ अध्ययन- अध्यापन, अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार एवं सामाजिक सरोकारों के माध्यम से सिद्धार्थ विश्वविद्यालय न केवल क्षेत्र के विकास में बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करता रहेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 विश्वविद्यालय परिवार के लिए नई ऊर्जा, नई उपलब्धियों एवं नई सफलताओं का वर्ष सिद्ध होगा तथा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## प्रवक्ता पद पर मेधावी का हुआ चयन, जताई गयी खुशी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी परीक्षा में मेधावी के चयनित होने पर परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगर पंचायत के नेताजी पुरम निवासी पूर्व शिक्षक श्रीनारायण तिवारी के पुत्र चन्द्रभाल तिवारी ओम का चयन पीजीटी परीक्षा में इतिहास प्रवक्ता के पद पर हुआ है। मेधावी चन्द्रभाल ने सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिवार को दी है। मेधावी की सफलता पर बुधवार को परिवार के सदस्यों व सुभेच्छुओं ने खुशी साझा की। समाजसेवी प्रकाशचन्द्र मिश्र, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, सुन्दर लाल तिवारी, शारदा प्रसाद तिवारी, चन्द्रिका प्रसाद तिवारी, श्याम नारायण तिवारी, उमेश शुक्ल, अतुल शुक्ल, सप्तर्षि शुक्ल, विष्णु सिंह, सूर्यनारायण तिवारी, रवीन्द्रनाथ शुक्ल, दुर्गा प्रसाद तिवारी, ज्वाला प्रसाद तिवारी, शिवमूर्ति तिवारी, डा. भगवानदीन तिवारी, डा. रामसमुझ तिवारी, अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद तिवारी, सुरेशनारायण तिवारी, जूनियर शुक्ल, अनुज शुक्ल आदि ने खुशी जतायी है।

# राजकीय नलकूप बेपानी,कैसे हो किसानी

» सन् 1989 में लगाए गए थे तिरसठ नलकूप

» अधिकांश नलकूप मरम्मत के अभाव में बेकार

» खेती, किसानी के ऐन मौके पर किसानों के सामने विकट समस्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अरविन्द कुमार पाण्डेय

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** इस समय धान की रोपाई अपने चरम सीमा पर है। क्षेत्र में लगाए गए तिरसठ राजकीय नलकूप बेपानी हो गए हैं। कुछ नलकूपों को छोड़ दिया जाए।तो सब के सब किन्हीं न किन्हीं कारणों से बेकार पड़े हैं। जबकि जिम्मेदार लोगों को उक्त नलकूपों की दशा ठीक कराने में कोई रुचि नहीं दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि सिद्धार्थनगर जनपद का पूर्वी छोर जो महराजगंज की सीमा से सटा है। दोआबा क्षेत्र के पिछड़े पन को दूर करने के लिए तिरसठ राजकीय नलकूप लगवाए गए थे। जिससे किसानों को खेती, किसानी में पानी की किल्लत न हो। लेकिन वर्तमान समय में उक्त नलकूपों से कोई लाभ आम किसानों को मिलता हुआ नहीं दिख रहा है।जिस समय नलकूप लगाए जा रहे थे।उस समय किसानों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लोगों को लगा कि अब तो हर खेत को पानी मिलता रहेगा।इसके साथ ही क्षेत्र के तमाम लोगों को ट्यूबवेल आपरेटर के रूप में नौकरी भी मिल गई। जिससे उनके परिवार में अत्यधिक खुशी बनी रही। लोगों की मानें तो लगभग एक दशक तक किसानों को पानी मिलता रहा।इसके बाद धीरे-धीरे नलकूपों की दशा खराब होती गई।

1997 में प्रदेश सरकार ने सभी ट्यूबल आपरेटरों को विकास विभाग में जोड़ दिया। लिहाजा ट्यूबवेल की दशा अब और खराब होने लगी। हालांकि एक पंचवर्षीय के बाद पुनः सभी आपरेटर्स को उनके मूल तैनाती वाले ट्यूबवेल पर लगा दिया गया।तब,तक बहुत देर हो चुकी थी। रखरखाव के अभाव में पाइप लाइनों में रिसाव, टूटे, फूटे आवलेट, बिजली तार, पोल एंव ट्रांसफार्मर कुछ को छोड़ सब बेकार हो गए थे।किसी पानी के लिए परेशान होकर निजी पम्प सेट पर आश्रित होने लगे। जिम्मेदार लोगों को इसकी जानकारी भी कई बार क्षेत्रीय लोगों ने दिया। लेकिन आज तक उसकी सुधि लेने



वाला कोई नहीं है। अब,जब खरीफ एवं रबी सीजन में खेती, किसानी करनी होती है।तो किसानों को अपने निजी पम्प सेट का ही सहारा है।जोकि इस भीषण मंहगाई में किसानों के लिए समस्या बनी हुई है। क्षेत्रीय रामचरन मौर्य, गोपाल वर्मा, धनीराम, कृष्ण कुमार, रामरेखा, पियारे, ठग्गंन, सिपाही, रामप्रसाद, कोमल, द्वारिका, मेढ़ई, कदम, जाकिर आदि लोगों ने जिम्मेदार लोगों से क्षेत्र में लगे राजकीय नलकूप की दशा ठीक कराने की मांग की है। जिससे किसानों को खेती, किसानी में पानी का अभाव न हो।

# नवनिर्मित सभागार का विधायक विनय वर्मा ने किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि द्वारा 21.31 लख रुपए की लागत से नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण बुधवार को मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ विधिविधान पूर्वक पूजन अर्चन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा ने कहा कि विद्यालय में बेहतर ढंग से शिक्षा का माहौल का सृजन करते हुये क्षेत्र के तमाम बच्चों को शिक्षा देने का काम हो रहा है। नव निर्मित सभागार का सदुपयोग कर स्कूल की छात्र- छात्राएं व शिक्षक लाभ उठा सकेंगे। विधायक ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा पर गंभीरता पूर्व ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा से ही मनुष्य का भविष्य



बेहतर हो सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राम मिलन त्रिपाठी व विद्यालय प्रबंधक विपुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य शक्ति सिंह ने भी संबोधित कर शिक्षा के महत्व को बताया और अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस दौरान विभाग कार्यवाह शिवमूर्ति, अभय सिंह, राजेश आर्या, बालमुकुंद वर्मा, फणेन्द्र नाथ झा, शिवकुमार अग्रवाल, शैलेन्द्र कौशल, मनोज गुप्ता, रामदास शुक्ला, रत्नेश सोनी, रामदास मौर्या, किशोरी लाल, राजेन्द्र वर्मा, बाबा राम उजागिर आदि लोग मौजूद रहे।

## ई-रिक्शों पर क्यूआर कोड लगाने के लिए चालकों को किया जागरूक

**देवरिया।** पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में बुधवार को ई-रिक्शा चालकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी की मौजूदगी में चालकों को प्रत्येक ई-रिक्शा पर क्यूआर कोड लगाने के संबंध में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि क्यूआर कोड से वाहन और चालक की पहचान आसानी से हो सकेगी तथा शिकायत या आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव होगी, जिससे विशेष रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा मजबूत होगी। चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, महिला यात्रियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। कार्यक्रम में चालकों ने पुलिस को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना हुआ श्रीगणेश



**प्रतापगढ़।** पट्टी ब्लाक सभागार में तहसील स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश कुमार सिंह 'पप्पू सिंह' ब्लाक प्रमुख पट्टी और विशिष्ट अतिथि शशांक सिंह,प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज चंडीगढ़ चंडीगोविन्दपुर रहे। इस कार्यक्रम में प्राथमिकव माध्यमिक के शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र, रसोइया, लिपिक और अनुचरों को 5 लाख रुपये की निःशुल्क चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही साथ बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ समझौता हुआ जिसमें शिक्षको के दुर्घटना बीमा और जीवन बीमा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का प्रबंधन कौशलेन्द्र प्रताप सिंह और संचालन जितेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम मे रवीन्द्र प्रतापसिंह, राकेश पाल, सूर्यमणि, आलोकसिंह, मुकेश दूबे आदि उपस्थित रहे।अन्त मे खंड शिक्षा अधिकारी गुलाबचंद ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना ने बदली निशा परवीन की तकदीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



» आत्मनिर्भरता के साथ 1500 महिलाओं को मिला रोजगार और सम्मान

**प्रतापगढ़।** जनपद की उद्यमी निशा परवीन ने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना का लाभ उठाकर न केवल अपना स्वयं का उद्योग स्थापित किया, बल्कि हजारों महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया।प्रतापगढ़ जनपद निवासी निशा परवीन पत्नी अजहर हुसैन को मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपये लागत का सैनिटरी नैपकिन निर्माण परियोजना स्वीकृत हो गई। इस परियोजना के लिए पंजाब नेशनल बैंक रमईपुर दिसनी प्रतापगढ़ द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई।

सरकारी सहयोग मिलने के बाद निशा परवीन ने आधुनिक तकनीक से युक्त सैनिटरी नैपकिन निर्माण इकाई की स्थापना पृथ्वीगंज बाजार पट्टी में की।आज उनकी इकाई में महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं किफायती सैनिटरी नैपकिन का निर्माण और विक्रय किया जाता है। निशा परवीन के साथ जुड़कर आज लगभग 1500 महिलाएं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।

कई महिलाओं को नियमित रोजगार मिला है, जबकि अनेक महिलाएं वितरण, विपणन और जागरूकता अभियान के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। सैनिटरी नैपकिन निर्माण के साथ-साथ उनकी संस्था गांव-गांव और गली-गली जाकर महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक कर रही है। इससे समाज में जागरूकता बढ़ी है।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने वन स्टॉप सेंटर एवं पोषण पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**अम्बेडकरनगर।** राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने अध्यक्ष जिला पंचायत श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधु वर्मा, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल के साथ जिला चिकित्सालय परिसर स्थित वन स्टॉप सेंटर एवं पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने सर्वप्रथम वन स्टॉप सेंटर का अवलोकन किया तथा वहां रह रही पीड़ित महिलाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित महिलाओं को शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा उनकी प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

इसके उपरांत उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केंद्र में 10 बच्चे भर्ती पाए गए। उपाध्यक्ष ने बच्चों के तीमारदारों से वार्ता कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के संतुलित एवं पौष्टिक आहार पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि घर में उपलब्ध साग-सब्जी, दाल, जौ एवं चने की रोटी, सत्तू सहित अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर उन्होंने साफ सफाई पर नियमित विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि एनआरसी से घर लौटने के बाद भी बच्चों की नियमित देखभाल की जाए तथा उन्हें निरंतर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, ताकि कुपोषण की पुनरावृत्ति न हो।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बच्चों के परिजनों से अपील की कि चिकित्सकों द्वारा निर्धारित 14 दिवसीय उपचार अवधि तक बच्चों को एनआरसी में अवश्य रखें, जिससे उनका समुचित उपचार एवं पोषण सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने भर्ती बच्चों को फलों की टोकरी एवं बेबी किट वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं चिकित्सक गण भी उपस्थित रहे।

## बूढ़ी राप्ती नदी किनारे ऑपरेटर का उतराता हुआ मिला शव, मचा हड़कप

**उसका बाजार (सिद्धार्थनगर)।** उसका थाना क्षेत्र के हथिवड़ताल के पास बूढ़ी राप्ती नदी में सोमवार की देर शाम एक 30 वर्षीय व्यक्ति का उतराता हुआ शव मिला था।बुधवार को उसकी पहचान कैलाश चंद्र पुत्र जोगेंद्र प्रसाद उत्तराखंड प्रदेश के जिला नैनीताल, थाना रामनगर, वार्ड नंबर 20 शिवनगर (चोरपानी) के रूप में हुई है। कैलाश चंद्र उसका थानाक्षेत्र के मधवापुर स्थित समय माता स्थान के पास रबर फैक्ट्री में बतौर टेक्नीशियन लगभग चार महीने से काम कर रहा था।यहां से चार किमी दूर वह कैसे और क्यों बूढ़ी राप्ती नदी तक पहुंचा यह उसके साथ काम करने वालों को भी नही पता है,साथ में काम करने वाले अन्य कर्मियों ने जब उसे फैक्ट्री पर नही देखा तो फोन से संपर्क किया, जो बंद मिला कयास लगाया कि वह घर गया होगा।बता दें कि सोमवार को ग्राम प्रधान मनोज कुमार साहनी ने बूढ़ी राप्ती नदी में एक व्यक्ति की उतरता हुआ शव को सूचना पुलिस को दी थी। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है, परिजनों को भी सूचित किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला दुष्कर्मी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र** - पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा थाना अनपरा पुलिस के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना अनपरा पुलिस द्वारा थाना शक्तिनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-105/2026, धारा 69, 351(3), 352 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सूरज शाह को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। वादीनी की तहरीर के आधार पर थाना शक्तिनगर पर अभियुक्त द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में मु0अ0सं0-105/2026, धारा 69, 351(3), 352 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।विवेचना एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। सर्विलांस के माध्यम से अभियुक्त द्वारा व्हाट्सएप उपयोग किए जाने के आधार पर उसके नए मोबाइल नंबर विकसित किए गए। प्राप्त लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम भोपाल (मध्य प्रदेश) पहुंची। प्रारंभिक दबिश के दौरान अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से बच निकला तथा उसने अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर दिया। इसके बावजूद पुलिस टीम लगातार भोपाल में डटी रही तथा तकनीकी विश्लेषण, इलेक्ट्रॉनिक एवं धरातलीय अभिसूचना तथा सटीक एम्बुश के आधार पर अभियुक्त को दिनांक 07.07.2026 को कोकता मल्टी ट्रांसपोर्ट नगर, एमआईजी ब्लॉक-1, कक्ष संख्या-203, भोपाल (मध्य प्रदेश) से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा दिनांक 08.07.2026 को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बतादें कि अभियुक्त इंजीनियरिंग (बी.टेक.) का छात्र होने के कारण तकनीकी साधनों एवं सर्विलांस से बचने का लगातार प्रयास कर रहा था। इसके बावजूद अनपरा पुलिस ने धैर्य, तकनीकी विश्लेषण, इलेक्ट्रॉनिक एवं धरातलीय अभिसूचना के प्रभावी समन्वय से अभियुक्त का सफलतापूर्वक पता लगाकर उसे गिरफ्तार किया।

# स्वास्थ्य व शिक्षा को लेकर सरकार कर रही है बेहतर पहल: विधायक विनय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शिवपति इण्टर कॉलेज सभागार में बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डी.बी.टी. वितरण लाइव प्रसारण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के साथ शिक्षकों, अनुदेशकों, शिक्षा मित्रों ने सुनकर व देखकर लाभ उठाया। विधायक विनय वर्मा ने शोहरतगढ़ व बढ़नी के एक दर्जन शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व रसोइयों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना सांकेतिक कार्ड का वितरण किया। वाराणसी से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव प्रसारण कार्यक्रम का ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर लोग लाभान्वित हुये। विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान करने की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई। कहा कि सरकार द्वारा 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं को डी.बी.टी. के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते,मोजे,स्वेटर,स्कूल बैग एवं स्टेशनरी हेतु रुपये 1200 प्रति विद्यार्थी की धनराशि हस्तांतरित की गई। जिसका लाभ को बच्चों को मिलेगा। सरकार लोगों के स्वास्थ्य व शिक्षा के लिये सकारात्मक प्रयास लगातार कर रही है। उन्होने ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश के 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एम.ओ.यू. का निष्पादन किया गया तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को सम्मानित किया जा रहा है। विधायक ने शोहरतगढ़ व बढ़नी के शिक्षक,शिक्षामित्र, अनुदेशक व रसोइयों आदि को सांकेतिक मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना कार्ड का वितरण किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संजय कुमार ने कहा कि शोहरतगढ़ ब्लाक में 368 अध्यापक, 153 शिक्षामित्र, 13 अनुदेशक, 326 रसोइया व बढ़नी ब्लाक में 320 अध्यापक, 128 शिक्षामित्र , 05 अनुदेशक, 318 रसोइया मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना कार्ड का लाभ कार्ड1के जरिये ले पायेंगे।

इस दौरान बेइओ शोहरतगढ़ संजय कुमार, बेइओ बढ़नी अरुण कुमार, नोडल अधिकारी, अजय श्रीवास्तव , प्रधानाचार्य विक्रम यादव, राम विलास यादव,लालजी यादव, आशुतोष सिंह, कल्पनाअवधेश सिंह, मुस्तन शेरुल्लाह, एसबीआई शाखा प्रबंधक पंकज कुमार, तुलसीराम, कृपाशंकर त्रिपाठी, आशिक रजा खान, देवेन्द्र यादव, निसार अहमद, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, उमेश मौर्य, मनोज यादव, मोहम्मद नैयर, जलाल अख्तर, गायत्री देवी, सावित्री देवी, अमरेश, मनमोहन, विजय बहादुर, सुरेश चौधरी, राहुल पाण्डेय, अशोक मिश्रा,कमलेश, पंकज जायसवाल, असलम, जय प्रकाश विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गरीबों के लिए न्याय की आवाज, बेजुबानों के लिए सहाराः अधिवक्ता अरविंद लाल बने मानवता की मिसाल

**लातेहार, झारखंडः-** न्यायालय में अपनी कानूनी दक्षता और गरीबों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता के लिए पहचान रखने वाले अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शहदेव केवल एक सफल अधिवक्ता ही नहीं, बल्कि प्रकृति, पशु-पक्षियों और मानव सेवा के प्रति समर्पित एक संवेदनशील व्यक्तित्व भी हैं। कानून के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ वे समाज में सेवा, करुणा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं। प्रकृति के प्रति उनका लगाव उनके दैनिक जीवन में साफ दिखाई देता है। वर्षों से मत्स्य पालन उनका प्रिय शौक रहा है और वे प्रतिदिन अपने तालाब में मछलियों को स्वयं चारा खिलाते हैं। उनका मानना है कि जीव-जंतुओं की सेवा और पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

थाना नीमगांव पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट एवं एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त महबूब उर्फ महमूद खान निवासी ग्राम सेहरूआ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट में घायल युवक ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**लखीमपुर खीरी-** जनपद के थाना खीरी व ओइल चौकी क्षेत्र के मोहल्ला कबाडियन टोला निवासी एक युवक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कुछ लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित छोटे लाल पुत्र शिवकुमार (प्रार्थना पत्र के अनुसार) ने बताया कि वह 4 जुलाई 2026 की रात लगभग 9 बजे दूध बेचकर अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में कुछ लोगों ने उसे रोककर गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित का कहना है कि हमले में उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इसके बाद उसने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है। मामले में पुलिस द्वारा जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### भू-माफियाओं के हौसले बुलंदः दशकों पुराने तालाब पर अवैध कब्जे का आरोप

**बेहजम खीरी।** बेहजम में एक पुराने तालाब को मिट्टी डालकर पाटे जाने और उस पर अवैध कब्जा किए जाने के आरोपों ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और सरकारी भूमि की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावों के बीच तालाब के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। पट्टाधारक का आरोप है कि गांव के कुछ लोग सुनियोजित तरीके से तालाब में लगातार मिट्टी डलवाकर उसका स्वरूप बदल रहे हैं। उनका कहना है कि विरोध करने पर आरोपित लोग गाली-गलौज करते हैं, मारपीट पर उतारू हो जाते हैं और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी देते हैं। उनका दावा है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो वर्षों पुराना जलस्रोत पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। बरसात के पानी के प्राकृतिक संचयन में ऐसे तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इनके खत्म होने से भविष्य में जल संकट तथा पर्यावरणीय असंतुलन की समस्या और गंभीर हो सकती है।

### कस्ता विधानसभाः भाजपा की हैट्रिक या सपा का नया चेहरा बढ़ा सियासी सस्पेंस

**लखीमपुर खीरी-** कस्ता विधानसभा सीट पर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सीट बनने के बाद से अब तक यहां मुकाबला मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच ही रहा है। कांग्रेस और बसपा अभी तक इस सीट पर जीत का स्वाद नहीं चख सकी हैं।वर्ष 2012 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सुनील कुमार भार्गव उर्फ लाला ने जीत दर्ज कर सपा का परचम लहराया था। इसके बाद 2017 में भाजपा के सौरभ सिंह सोनू ने सपा से यह सीट छीन ली। 2022 के चुनाव में भी सौरभ सिंह सोनू ने एक बार फिर सुनील भार्गव को हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की और सीट पर भाजपा की पकड़ मजबूत कर दी।अब 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट के साथ कस्ता का सियासी तापमान बढ़ने लगा है। भाजपा की ओर से मौजूदा विधायक सौरभ सिंह सोनू लगातार तीसरी जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटे दिखाई दे रहे हैं।

# मंडरो प्रखंड में आधार सेवा केंद्र बंद

### ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें, दलालों और अंचल अधिकारी की भूमिका पर उठ रहे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मंडरो, साहेबगंज, झारखंडः-** मंडरो प्रखंड में आधार सेवा केंद्र बंद रहने से आम लोगों, विशेषकर गरीब एवं ग्रामीण परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है कि कुछ दलालों की सक्रियता और अंचल अधिकारी की मनमानी के कारण आधार सेवा केंद्र लंबे समय से बंद पड़ा है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। प्रखंड के सुदूरवर्ती एवं पहाड़ी क्षेत्रों से प्रतिदिन दर्जनों लोग आधार कार्ड से जुड़े कार्यों के लिए मंडरो पहुंचते हैं, लेकिन केंद्र बंद मिलने पर उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। पहले यहीं पर आधार अपडेट, मोबाइल नंबर परिवर्तन, फिंगरप्रिंट अपडेट सहित अन्य आवश्यक सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती थीं। अब इन कार्यों के लिए लोगों को मिर्जाचौकी या साहेबगंज जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है। इससे गरीब, बुजुर्ग, दिव्यांग एवं दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। यात्रा खर्च के साथ-साथ पूरे दिन का समय भी बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आधार आज हर सरकारी योजना, बैंकिंग सेवा, पेंशन, राशन, छात्रवृत्ति और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए अनिवार्य दस्तावेज बन चुका है। ऐसे में प्रखंड स्तर पर आधार केंद्र का बंद होना लोगों की समस्याओं को और बढ़ा रहा है। ग्रामीण क्रिस्टीना टुडू, रीना मुर्मू,जैसेफा मुर्मू, इस्तौक अंसारी,सुंदर हंसदा,और नुसरत अंसारी,ने बताया कि वे कई दिनों से आधार संबंधी कार्य के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन हर बार आधार केंद्र बंद मिलता है। उन्होंने कहा कि इससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है तथा गरीब लोगों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने



जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि मंडरो प्रखंड में आधार सेवा केंद्र को अविलंब पुनः शुरू कराया जाए। साथ ही यदि केंद्र बंद होने में किसी अधिकारी, कर्मचारी या दलाल की भूमिका है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। अब सवाल यह है कि आखिर आम जनता की परेशानी का जिम्मेदार कौन है और मंडरो में आधार सेवा केंद्र दोबारा कब शुरू होगा? ग्रामीण प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं।यदि यह समाचार अखबार में प्रकाशित होना है, तो संबंधित अंचल अधिकारी या प्रशासन का पक्ष भी शामिल करने से इसकी विश्वसनीयता और संतुलन बढ़ेगा।

## बेसहारा मरीजों के लिए अलग वार्ड की मांग तेज

### हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने उठाई आवाज़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अनाथ, लावारिस एवं असहाय मरीजों के लिए अलग विशेष वार्ड स्थापित करने की मांग एक बार फिर उठाई है। ट्रस्ट का कहना है कि जब समाज और जागरूक नागरिक किसी मुद्दे पर आवाज़ उठाते हैं, तो व्यवस्था भी सकारात्मक बदलाव की ओर कदम बढ़ाती है। ट्रस्ट ने बताया कि कुछ समय पहले अस्पताल में उपेक्षा का शिकार रहे एक अज्ञात एवं बेसहारा वृद्ध की स्थिति अब पहले से काफी बेहतर है। उन्हें नियमित उपचार, देखभाल और संरक्षण मिल रहा है। संस्था के सदस्यों का कहना है कि समय-समय पर अस्पताल जाकर वृद्ध का हालचाल लिया जाता है और उनके स्वास्थ्य में हो रहे सुधार से यह महसूस होता है कि सामूहिक प्रयास किसी की ज़िंदगी में नई उम्मीद जगा सकते हैं। हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की मदद का मामला नहीं है, बल्कि यह संवेदनशील



समाज और मानवीय सोच की जीत है। हालांकि, संस्था का मानना है कि अभी भी अस्पताल में ऐसे अनाथ, लावारिस और असहाय मरीजों के लिए समर्पित वार्ड का अभाव है, जिसके कारण कई जरूरतमंद मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ट्रस्ट ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल में बेसहारा मरीजों के लिए अलग विशेष वार्ड की स्थापना की जाए, ताकि उन्हें सम्मानजनक इलाज, सुरक्षा और आवश्यक देखभाल मिल सके। संस्था ने आम लोगों से भी इस मानवीय पहल का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को सम्मान, उपचार और अपनापन मिलना चाहिए। ट्रस्ट का मानना है कि यही सच्ची मानवता और एक संवेदनशील समाज की पहचान है।

## श्री जगन्नाथ रथयात्रा में बिजली की अबाध सप्लाई के लिए केस्को एमडी से वार्ता की




**कानपुर।** आज विधायक सलिल विश्नोई ने आगामी श्री जगन्नाथ रथयात्रा में बिजली की अबाध सप्लाई सुनिश्चित करने तथा यात्रा मार्ग की बिजली समस्याओं दूर करने हेतु विधायक सलिल विश्नोई ने सभी मण्डलों के प्रतिनिधियों के साथ केस्को के प्रबन्धक निदेशक से भेंट करके केस्को द्वारा खोदी गई सड़क के समतलीकरण करवाने, खुले ट्रान्सफार्मरों के चारों ओर सुरक्षा जाली लगवाने व लटकते तारों को कसवाकर ऊपर करवाने हेतु विस्तार से विचार विमर्श किया तथा प्रबन्धक निदेशक ने रथयात्रा से पूर्व सभी समस्याएँ दूर करवाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पार्षद अमित गुप्ता, आदर्श, अभिषेक, विकास साहू, जीतू गुप्ता, विवेक अग्निहोत्री, ज्ञानू विश्नोई, आमोद त्रिपाठी, दीपक शुक्ला आदि उपस्थिति रहे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

### सोमवार से लापता था युवक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत के कारणों का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** कस्बे में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब भूलभुलैया मार्ग स्थित एक गन्ने के खेत की मेड़ पर लगे शीशम के पेड़ से एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक की पहचान वार्ड संख्या-1 निवासी राजकुमार उर्फ छोटू (30) पुत्र परमेश्वर के रूप में हुई है, जो सोमवार से लापता था। जानकारी के अनुसार, अस्पताल रोड से भूलभुलैया जाने वाले मार्ग के पूर्व दिशा में स्थित गन्ने के खेत की दक्षिणी मेड़ पर मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने शीशम के पेड़ से युवक का शव लटका देखा। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की





भीड़ जमा हो गई और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर उपनिरीक्षक आशुतोष सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। इसी दौरान नगर चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम भी घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान राजकुमार उर्फ छोटू के रूप में की। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। परिजनों के अनुसार, राजकुमार सोमवार को घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। मंगलवार सुबह शव मिलने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक का विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व हुआ था। घटना के बाद पूरे कस्बे में शोक का माहौल है। निघासन पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम् कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### एक्टिव मोड में निशांत, बोले-स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने बुधवार को कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक मरीज को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह बातें जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। कार्यक्रम में Damodar Rawat और Ratnesh Sada भी मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न जनसमस्याओं और विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग लगातार काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में भी सरकार लगातार काम कर रही है।

## एसडीएम रैंक के अधिकारी को बीडीओ-सह-सीओ बनाए जाने पर उठे सवाल, सरकार से पुनर्विचार की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंडः-** बालूमाथ प्रखंड के कोमर ग्राम निवासी एवं झारखंड प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह की एसडीएम रैंक के बावजूद बीडीओ-सह-अंचल अधिकारी, बरडीहा (गढ़वा) के पद पर पदस्थापना को लेकर जिला परिषद लातेहार की उपाध्यक्ष अनीता देवी ने राज्य सरकार से पुनर्विचार करने की मांग की है। अनीता देवी ने कहा कि प्रवीण कुमार सिंह एसडीएम रैंक के अधिकारी हैं, जबकि उन्हें बीडीओ-सह-सीओ जैसे कनिष्ठ पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका कहना है कि इस तरह की पदस्थापना प्रशासनिक सेवा के पदानुक्रम और सेवा नियमों की भावना के अनुरूप नहीं है। सरकार को इस मामले की गंभीरता से समीक्षा करते हुए वरिष्ठता एवं योग्यता के अनुरूप पदस्थापना सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि अधिकारियों का मनोबल बना रहे और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी हो सके। उन्होंने कहा कि पदस्थापना को लेकर उठे सवालों के बीच भी प्रवीण कुमार सिंह ने अपने सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से सकारात्मक सोच और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकार के निर्देश का सम्मान करते हुए वे



बरडीहा में प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी के रूप में पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। अनीता देवी ने प्रवीण कुमार सिंह को ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और जनहित के प्रति समर्पित अधिकारी बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने अब तक के प्रशासनिक कार्यकाल में हर दायित्व का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ किया है। उन्हें विश्वास है कि बरडीहा में भी वे अपनी कार्यशैली से विकास, पारदर्शिता और सुशासन की नई मिसाल कायम करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि प्रशासनिक अधिकारियों की पदस्थापना उनकी वरिष्ठता, अनुभव और सेवा नियमों के अनुरूप की जाए, ताकि योग्य अधिकारियों की क्षमता का बेहतर उपयोग हो सके और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत हो।

## जरूरतमंद युवती को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से विवाह हेतु लहंगा भेंट

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** सांसद मनीष जायसवाल के 'विकास भी, संस्कार भी और सेवा कार्य भी' अभियान के अंतर्गत चौपारण प्रखंड के पश्चिमी मंडल स्थित बेला पंचायत के रुपिन गांव निवासी सुश्री लीला कुमारी (पिता - नेहाल साव) को उनके विवाह के अवसर पर भेंट स्वरूप एक लहंगा उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर चौपारण पश्चिमी मंडल के मंत्री बिनोद कुमार गुप्ता, स्थानीय वार्ड सदस्य, बूथ अध्यक्ष सहित कई ग्रामीण एवं परिजन उपस्थित रहे।

लीला कुमारी के माता-पिता ने इस सहयोग के लिए सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। उपस्थित लोगों ने भी इस सेवा कार्य की सराहना की।

## 15 दिनों बाद टांडीह गांव में बहाल हुई बिजली

### नए ट्रांसफार्मर का सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारियों ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** प्रखंड के बेला पंचायत अंतर्गत टांडीह गांव में पिछले लगभग 15 दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित थी, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलने पर सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक मनोज कुमार यादव के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। ट्रांसफार्मर स्थापित होने के बाद शुक्रवार को सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, चौपारण पश्चिमी मंडल के महामंत्री गुलाब रजक तथा मंडल मंत्री बिनोद कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से उसका उद्घाटन किया। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने



सांसद एवं विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके त्वरित प्रयासों की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के प्रति दोनों जनप्रतिनिधि लगातार सक्रिय रहते हैं तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, मंडल महामंत्री गुलाब रजक, मंडल मंत्री बिनोद कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, नवीन सिंह, अनिल सिंह, सुबोध सिंह, रंजन सिंह, सुशील सिंह, सुभाष सिंह, विनय सिंह, नीरज कुमार सिंह, सम्भल सिंह सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिक्षकों को वितरित किए गए डीबीटी योजना के कार्ड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कोंच तहसील क्षेत्र के शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से जोड़ते हुए उन्हें योजना के कार्ड वितरित किए गए और इसके लाभों की जानकारी दी गई। पालिकाध्यक्ष ने कहा, यह योजना शिक्षकों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी, क्योंकि इससे उन्हें और उनके परिवार को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं बिना नकद भुगतान के उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों से अधिक से अधिक पात्र साथियों को योजना से जोड़ने का आह्वान किया गया तथा इसके लाभ और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई। प्रदेश स्तर पर इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के ट्रेड सेंटर से




किया। इसके बाद सभी जनपदों और तहसील मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को योजना से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई।

योजना का उद्देश्य शिक्षकों एवं उनके आश्रित परिवारों को गुणवत्तापूर्ण और कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि गंभीर बीमारी या उपचार के दौरान उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम हेमंत कुमार पटेल एवं पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित शिक्षकों में एसआरपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आशीष पोरवाल, नरेंद्र सिंह, पंकज कुमार सामी, सीताशरण देवगांव, अजित सक्सेना अखनीवा, ज्ञानचंद्र पहाड़गांव, जितेंद्र गुप्ता, स्नेहा गुप्ता, अंकिता, नीता सिंह और अभिषेक श्रीवास्तव प्रमुख रहे। इस दौरान रंजन गोस्वामी, धर्मेंद्र बबेले, बबीता बबेले, ऋतु वर्मा, करुणा विश्वकर्मा, प्रतीक्षा गुप्ता, अनीता पाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## हजारीबाग पुलिस का विशेष समकालीन अभियान

### महिलाओं से जुड़े अपराधों में फरार 28 आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर जिले में महिलाओं से संबंधित अपराधों, विशेषकर पॉक्सो अधिनियम के मामलों में फरार चल रहे अपराधियों, वारंटियों एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए 6/7 जुलाई 2026 की रात विशेष समकालीन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिलेभर में एक साथ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 28 फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। अभियान का नेतृत्व जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों एवं पुलिस निरीक्षकों ने किया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 30 विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों में 107 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया, जिन्होंने रातभर विभिन्न स्थानों पर लगातार छापेमारी की। अभियान के दौरान पुलिस ने महिलाओं से संबंधित अपराधों और पॉक्सो मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इस कार्रवाई में कुल



28 अपराधियों एवं वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि उनके क्षेत्र में कोई फरार अपराधी या वारंटी गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपा हुआ है, तो इसकी सूचना तत्काल अपने नजदीकी थाना को दें। पुलिस सूचना का सत्यापन कर त्वरित एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। हजारीबाग पुलिस ने दोहराया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## पटना कोचिंग विवाद में खान सर की एंटिसिपेटरी बेल पर सुनवाई पूरी, 10 जुलाई को आएगा फैसला



**पटना।** राजधानी के मुसल्लहपुर हाट में 2 जून की रात कोचिंग संस्थानों के बीच हुए विवाद के दौरान फायरिंग मामले में आरोपित फैजल खान उर्फ खान सर की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। पटना सिविल कोर्ट के जिला जज रूपेश कुमार देव की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखा है। अदालत आदेश 10 जुलाई को सुनाएगी। कोर्ट में खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक खान सर उर्फ़ फैजल खान और उनके तीन सहकर्मियों अजीत कुमार, कन्हैया कुमार सिंह और अंकित कुमार पाण्डेय के एंटिसिपेटरी बेल पर याचिका दाखिल की गई थी। इसके अलावा दोनों गार्डों की जमानत पर भी सुनवाई हुई। दोनों गार्ड बेउर जेल में बंद हैं। सभी मामले में 10 जुलाई को कोर्ट फैसला सुनाएगी।

# बिहार कैबिनेट में 22 प्रस्तावों को मंजूरी

### सोलर प्लांट से लेकर बेली ब्रिज और केंद्रीय विद्यालय तक पर मुहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकारी भवनों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें सबसे अहम फैसला अगले पांच वर्षों में सरकारी भवनों पर 500 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का रहा। यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। सरकार का लक्ष्य बिजली खर्च घटाने के साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना है। इस पहल को राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

**रेस्को मॉडल पर लगेगा सोलर प्लांट**

सरकार इस योजना को रेस्को मॉडल के तहत लागू करेगी। इस मॉडल में निजी एजेंसियां अपने खर्च पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेंगी। इसके बाद सरकार इन संयंत्रों से उत्पादित बिजली तय दर पर खरीदेगी। इस व्यवस्था से सरकार को शुरुआती पूंजी निवेश नहीं करना पड़ेगा। साथ ही निजी कंपनियां संयंत्रों का संचालन और रखरखाव भी करेंगी। इसके लिए संबंधित विभागों को बिजली खरीद समझौता करने की मंजूरी भी दी गई है।

**बिजली खर्च घटेगा, हरित ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा**

सरकार का मानना है कि इस योजना से सरकारी भवनों का बिजली बिल काफी कम होगा। इसके साथ ही स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी यह योजना अहम भूमिका निभाएगी। राज्य सरकार ने इसे हरित ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भविष्य में ऊर्जा लागत पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। साथ ही कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में मदद मिलेगी।

**कैबिनेट में कई बड़े फैसलों पर लगी मुहर**

मंत्रिमंडल की बैठक में दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के लिए 79.84 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई। डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसान रजिस्ट्री और डिजिटल फसल सर्वे के लिए 154 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। इसके अलावा बिहार एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के गठन को भी मंजूरी मिली। कॉमफेड के तहत बल्क मिल्क कूलर और दूध जांच मशीन लगाने के लिए राज्यांश स्वीकृत किया गया। वहीं



पटना, सोनपुर, गया और मुजफ्फरपुर में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए भूमि अधिग्रहण को भी मंजूरी दी गई। इन फैसलों को राज्य के विकास और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को भी मिला बढ़ावा**

कैबिनेट ने चार कॉरिडोर में आरआरटीएस की डीपीआर तैयार कराने का फैसला लिया है। विक्रमशिला सेतु के मरम्मत कार्य के लिए 126.25 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना को वर्ष 2030-31 तक बढ़ा दिया गया है। इंजीनियरिंग कॉलेजों में एमटेक पाठ्यक्रम के लिए 76 नए शिक्षकीय पद सृजित किए जाएंगे। इसके अलावा एम्स पटना के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी मिली है।मधुबनी, मुंगेर और मुजफ्फरपुर में केंद्रीय विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेस हाईकमान का फैसला नहीं बदलेगा, भूपेश बघेल का साफ संदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल को लेकर जारी सियासी हलचल के बीच बुधवार को भी प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल ने चंडीगढ़ स्थित पंजाब कांग्रेस भवन में नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठकों का दौर जारी रखा। हल्का प्रभारियों, जिला कोऑर्डिनेटरों, कांग्रेस प्रवक्ताओं तथा संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें कर उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की। बैठक के बाद बातचीत में भूपेश बघेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस हाईकमान का फैसला बदलने का कोई सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ही पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष बने रहेंगे और पार्टी नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णय को ही लागू किया जाएगा। बघेल ने कहा, यह कोई गुड्डा-गुड़िया का खेल नहीं है। हाईकमान एक बार जो फैसला ले लेता है, कांग्रेस उसी पर आगे बढ़ती है। पार्टी में फैसले वापस लेने की परंपरा नहीं है।

## जालंधर में छात्रों को लेने निकलीं दो स्कूल बसें भिड़ीं, एक पलटी

**जालंधर।** जालंधर के नकोदर में मंगलवार सुबह दो स्कूल बसों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर के बाद एक बस सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना के समय दोनों बसें छात्रों को लेने जा रही थी और उनमें कोई भी छात्र सवार नहीं था। यदि बसों में बच्चे मौजूद होते तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार दोनों स्कूल बसें सुबह अपने-अपने निर्धारित मार्ग पर छात्रों को लेने के लिए निकली थीं।इसी दौरान किसी कारण दोनों बसों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एक स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में बस को काफी नुकसान पहुंचा, जबकि दूसरी बस भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## 17 जुलाई तक पूरा होगा जालंधर स्टेशन का निर्माण, प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

**जालंधर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पंजाब में निर्माणाधीन रेलवे स्टेशनों का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि राज्य के जिन स्टेशनों का निर्माण चल रहा है, उन्हें 17 जुलाई तक हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके बाद प्रधानमंत्री के हाथों एक साथ सभी तैयार स्टेशनों का उद्घाटन कराया जाएगा। प्रधानमंत्री के दौरे की अंतिम तिथि अभी तय नहीं हुई है और कार्यक्रम में बदलाव की भी संभावना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी पंजाब आएंगे, उन्हीं के हाथों इन स्टेशनों का लोकार्पण कराया जाएगा। फिलहाल उद्घाटन की तैयारियों के साथ-साथ निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी की जा सकें।

## लुधियाना के राम लाल भसीन स्कूल में टला बड़ा हादसा

**लुधियाना।** शहर के दुगरी एरिया के एक नामी स्कूल में बुधवार सुबह बड़ा हादसा होने से टल गया। राम लाल भसीन स्कूल के जनरेटर रूम से पहले धुंआ निकला और देखते ही देखते आग की लपटें निकलना शुरू हो गया। जिस समय जनरेटर रूम में आग लगी, उस समय स्कूल चल रहा था। बताया जा रहा है कि आग सुबह 9 से 9.30 बजे के बीच लगी है। स्कूल प्रबंधन की ओर से मौके पर फायर बिग्रेड को बुलाया गया। फायर बिग्रेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। उधर सुरक्षा के लहजे से स्कूल प्रबंधन ने तुरंत स्कूल खाली करवा दिया। अभिभावकों के ग्रुपस में मैसेज भेजे गए कि बिजली समस्या के चलते स्कूल के कुछ हिस्से में आग लग गई है। जल्द से जल्द बच्चों को लेने स्कूल पहुंचे। इससे स्कूल में अफरा तफरी का माहौल बन गया। बच्चे भी घबराए और अभिभावक भी बच्चों को उसी समय लेने पहुंच गए। फिलहाल जनरेटर रूम में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू भी पहुंचे।कुलवंत सिंह सिद्धू ने कहा कि हालांकि जनरेटर रूम स्कूल परिसर से काफी दूर है लेकिन यहीं से बिजली की तारें अंदर स्कूल तक जाती हैं। एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सभी बच्चे सुरक्षित हैं और स्कूल में छुट्टी कर दी गई है। विधायक ने कहा कि उन्होंने जैसे ही जनरेटर रूम का जायजा लिया तो वहां पर तेल स्टोरेज भी काफी मात्रा में रही। स्कूल प्रबंधन को हिदायत दी गई है कि तेल को जनरेटर रूम से दूर रखें।

# कत्लेआम: 6 बदमाशों ने युवक को काट-काटकर मार डाला

## 5 दिन पुरानी रंजिश में 6 हथियारबंद हमलावरों का तांडव, बचाने आई मां भी गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** महानगर के डाबा-लोहारा रोड इलाके में शनिवार रात पुरानी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। महज पांच दिन पहले हुए मामूली विवाद का बदला लेने के लिए छह हथियारबंद युवकों ने 35 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर इंद्रजीत सिंह चन्नी पर तलवारों और दातार से इतना बेरहमी से हमला किया कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर तब तक वार करते रहे, जब तक इंद्रजीत की सांसें नहीं थम गई। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बुजुर्ग माता-पिता और भाई को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। मां रंजीत कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस दिल दहला देने वाली वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार मृतक इंद्रजीत सिंह चन्नी थाना डाबा के अंतर्गत लोहारा रोड का रहने वाला था और दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। पांच दिन पहले उसका कुछ युवकों के साथ किसी बात को लेकर मामूली विवाद हुआ था। इसी विवाद की रंजिश में आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। शनिवार रात करीब 9:30 बजे छह हथियारबंद युवक इंद्रजीत के घर के बाहर पहुंचे। पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और देखते ही देखते आरोपियों ने तलवारों और दातार से इंद्रजीत पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। हमले की बर्बरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हमलावर लगातार वार करते रहे और इंद्रजीत खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बावजूद आरोपी नहीं रुके और तब तक हमला करते रहे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई।

**बचाने पहुंचे परिवार पर भी बरसाए हथियार**

चीख-पुकार सुनकर जब इंद्रजीत की मां रंजीत कौर, पिता हरपाल सिंह और भाई इंदर सिंह उसे बचाने के लिए दौड़े तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। तेजधार हथियारों से किए गए वार में मां रंजीत कौर गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि पिता और भाई को भी चोटें आई। वारदात के दौरान पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत के कारण घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

**भाई ने सुनाई आंखोंदेखी घटना**

मृतक के भाई इंदर सिंह ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे उनका बड़ा भाई इंद्रजीत घर के बाहर गली में खड़ा था। अचानक बाहर से शोर और चीखने-चिल्लाने की आवाजें आने लगीं। जब वह अपने माता-पिता के साथ बाहर पहुंचे तो रवि, आकाश, शिवम, अभिषेक, गगनदीप और हरप्रीत हाथों में तेजधार हथियार लेकर इंद्रजीत पर लगातार हमला कर रहे थे। उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। उनकी मां को गंभीर चोटें आई हैं।

**धमकी देकर मौके से फरार हुए आरोपी**

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पूरे मोहल्ले को अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल इंद्रजीत को तुरंत दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि इंद्रजीत की अभी शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।




**छह आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज**

थाना डाबा पुलिस ने मृतक के परिवार की शिकायत के आधार पर रवि कुमार, गोल्डी, आकाश, शिवम पंडित, अभिषेक, गगनदीप सिंह उर्फ गग्गी और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (हत्या), 191(3) (दंगा-फसाद) और 190 (गैरकानूनी जमावड़ा) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं और न्यायालय द्वारा के कहने वाली वजह से पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही सभी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

# पांच मंजिला इमारत गिरी; एक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के रोहिणी सेक्टर सेक्टर-16 स्थित पॉकेट जी-5 एमसीडी स्कूल के पीछे निर्माणाधीन बिल्डिंग अचानक जमींदोज हो गई। हादसे में एक की मौत की खबर है। वह राहगीर बताया जा रहा है। इसमें कई लोगों के दबे होने की आशंका है और आसपास अफरातफरी का माहौल है। दमकल विभाग के अनुसार शाम करीब 4.20 बजे पुलिस व दमकल विभाग को सूचना इस बारे में मिली। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद राहत और बचाव का काम जारी है।

**पुलिस ने कई लोगों के दबे होने की बात कही**

पुलिस का कहना है कि इमारत में कुछ लोगों के दबे होने की सूचना मिली है और इसके बाद रेस्क्यू टीम लगातार काम कर रही है। फिलहाल फिलहाल हताहत होने वालों की संख्या ज्ञात नहीं हो पाई है। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।बताया जाता है कि बारिश की




वजह से यह हादसा हुआ और यहां पर तीन मंजिला इमारत बनाने का काम चल रहा था। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस ने एहतियातन 50 मीटर के दायरे में मौजूद घरों को खाली करा लिया है।

**5 से 10 लोगों के फंसे होने की आशंका**

दमकल विभाग के अनुसार मलवे से दो लोगों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया है जबकि आशंका जताई जा रही है कि मलबे के नीचे कुछ लोग और फंसे हो सकते हैं। इनकी संख्या 5 से 10 हो बताई जाती है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बहरहाल प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और राहत और बचाव कार्य जारी है।

# मोबाइल डॉक्यूमेंट्री वैन को दिखाई हरी झंडी

## DC हिमांशु जैन ने गुरु रविदास जी की शिक्षाओं और सोच को फैलाने के लिए मोबाइल डॉक्यूमेंट्री वैन को हरी झंडी दिखाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार के साल भर चलने वाले प्रोग्राम के तहत, लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने आज लुधियाना जिले के गांवों के लिए एक वैन को हरी झंडी दिखाई, जो गुरु रविदास जी के जीवन, शिक्षाओं और सोच पर मैसेज फैलाने वाली एक डॉक्यूमेंट्री दिखाएगी। उनके साथ ADC (रूरल डेवलपमेंट) नरिंदर सिंह धालीवाल भी थे। DC हिमांशु जैन ने बताया कि पंजाब सरकार ने लुधियाना जिले के लिए दो खास तौर पर डिजाइन की गई डॉक्यूमेंट्री वैन भेजी हैं। उन्होंने कहा कि हर वैन हर दिन दो गांवों में जाएगी, और गुरु रविदास जी का बराबरी, सामाजिक न्याय, भक्ति और दुनिया भर में भाईचारे का मैसेज सीधे लोगों तक पहुंचाएगी। उन्होंने आगे कहा कि पहले फेज में, वैन समराला और रायकोट सबडिविजन के तहत आने वाले गांवों का दौरा करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि खास तौर पर डिज़ाइन की गई वैन में LED स्क्रीन लगी हैं, जिन पर 30 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी, जिसमें गुरु रविदास जी के जीवन, शिक्षाओं और सोच को दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कैंपेन युवा पीढ़ी को गुरु जी की हमेशा रहने वाली शिक्षाओं से जोड़ेगा और उन्हें एक अच्छा और भेदभाव-मुक्त समाज बनाने के लिए प्रेरित करेगा। DC ने कहा कि यह डॉक्यूमेंट्री कैंपेन पंजाब सरकार के गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को मनाने के बड़े प्रोग्राम का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने जाति-भेद और सामाजिक असमानता से मुक्त एक बराबरी वाले समाज का सपना देखा था। DC ने लोगों, खासकर युवाओं से, बड़ी संख्या में डॉक्यूमेंट्री देखने और गुरु रविदास जी के आदर्शों को अपनी ज़िंदगी में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह कैंपेन आने वाली पीढ़ियों के बीच संत की समृद्ध आध्यात्मिक और सामाजिक विरासत को बनाए रखने और बढ़ावा देने में मदद करेगा।

# तीन नई बन रही गैर-कानूनी कॉलोनियों पर पीला पंजा

## अमृतसर डेवलपमेंट अथॉरिटी के रेगुलेटरी विंग ने पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन की मौजूदगी में कार्रवाई की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**अमृतसर-** पंजाब सरकार की गाइडलाइंस और अमृतसर डेवलपमेंट अथॉरिटी (ADA) के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर नितेश कुमार जैन, IAS और एडिशनल चीफ एडमिनिस्ट्रेटर इनायत, PCS के आदेशों के बाद, ADA के डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर (रेगुलेटरी) विंग ने थाना कंबो की पुलिस की मौजूदगी में तीन नई बन रही गैर-कानूनी कॉलोनियों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। यह कार्रवाई गांव कंबो (रामतीर्थ रोड), गांव खैराबाद (मीरांकोट चौक से रामतीर्थ रोड, वेलकम सिटी के साथ) और गांव दलम (अजनाला रोड) में बन रही गैर-कानूनी कॉलोनियों में की गई, जहां गैर-कानूनी डेवलपमेंट के कामों को गिराया गया। डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर ने बताया कि भविष्य में होने वाले डेवलपमेंट को पक्का करने के लिए इन कॉलोनियों के डेवलपर्स को PAPRA एक्ट-1995 के तहत नोटिस जारी किए गए थे और काम रोकने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस के बावजूद डेवलपमेंट का काम जारी रखने की वजह से 3 जुलाई 2026 को तोड़फोड़ के ऑर्डर जारी किए गए, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गांव कंबो में बनी बिना इजाज़त कॉलोनी के खिलाफ 10 अक्टूबर 2025 को भी तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा चुकी है और कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस डिपार्टमेंट को लिखा गया था।

इसी तरह, गांव दलम में बनी कॉलोनी के खिलाफ भी 12 जून 2026 को तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई थी, लेकिन कॉलोनी डेवलपर्स ने फिर से गैर-कानूनी डेवलपमेंट शुरू कर दिया, जिसकी वजह से नए किए गए डेवलपमेंट के कामों को फिर से तोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि PAPRA एक्ट-1995 (अमेंडमेंट-2024) के मुताबिक, बिना इजाज़त कॉलोनियां बनाने वालों को 5 से 10 साल की जेल और 25 लाख से 5 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इस बारे में पुलिस डिपार्टमेंट को भी रेवेन्यू रिकॉर्ड के आधार पर ज़मीन मालिकों और कॉलोनी डेवलपर्स के खिलाफ ज़रूरी कानूनी कार्रवाई करने के लिए, लिखा जा रहा है। ADA के रेगुलेटरी विंग ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले यह पक्का कर लें कि संबंधित कॉलोनी के पास PUDA/ADA से सही अप्रूवल हो। लोग अमृतसर डेवलपमेंट अथॉरिटी की वेबसाइट पर मौजूद बिना इजाज़त वाली कॉलोनियों की लिस्ट भी ज़रूर देखें ताकि वे पैसे के नुकसान और बेवजह की कानूनी परेशानियों से बच सकें। उन्होंने यह भी अपील की कि ज़िले में किसी भी तरह का कंस्ट्रक्शन शुरू करने से पहले PUDA डिपार्टमेंट से ज़रूरी अप्रूवल लेने के बाद ही कंस्ट्रक्शन किया जाए।

## चंडीगढ़ में पाइपलाइन फटने से सड़कें जलमग्न

**चंडीगढ़।** गांव खुड्डा अलीशेर में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास सड़क पर पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान मंगलवार शाम जेसीबी मशीन से पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर फैल गया। इसके कारण आसपास का क्षेत्र जलमग्न हो गया और लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पाइपलाइन टूटने की सूचना तुरंत नगर निगम के पब्लिक हेल्थ विंग और क्षेत्र की पार्षद को दी गई। पार्षद ने मामले का संज्ञान लेते हुए, निगम अधिकारियों को पाइपलाइन की जल्द मरम्मत कराने और सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सबसे अधिक परेशानी गवर्नमेंट माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को हो रही है। स्कूल आने-जाने के दौरान बच्चों को पानी से भरी सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि पाइपलाइन की मरम्मत तत्काल कराई जाए और पेवर ब्लाक बिछाने का कार्य जल्द पूरा किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को राहत मिल सके।

# हाई कोर्ट ने लगाई दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार

## कहा- पेड़ कटाई की अधिसूचना वापस लें वर्ना मानेंगे अवमानना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पेड़ों की कटाई को कुछ मामलों में छूट देने वाली दिल्ली सरकार की अधिसूचना पर मंगलवार को कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने इसे घोर आपत्तिजनक बताते हुए सरकार से स्पष्ट कहा कि यदि अधिसूचना वापस नहीं ली गई तो अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पहले से ही गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे समय में पेड़ कटाई को छूट देने वाली अधिसूचना न्यायालय के आदेशों के विपरीत है। अदालत ने कहा कि लोगों के जीवन, संपत्ति या यातायात के लिए खतरा बनने वाले पेड़ों को काटने संबंधी प्रविधान पहले से मौजूद हैं, इसलिए नई छूट की आवश्यकता नहीं थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार से पूछा कि यदि अधिसूचना वापस नहीं ली जाती तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। अदालत ने कहा कि यह अधिसूचना उसके पूर्व आदेशों की भावना के विपरीत है और इससे दिल्ली में अंधाधुंध पेड़ कटाई का रास्ता खुल सकता है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता लक्ष्य मंगला ने कहा कि छह जून 2025 की अधिसूचना के जरिए विकास कार्यों के नाम पर बिना पूर्व



अनुमति पेड़ काटने की छूट दी गई है, जो दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम और हाई कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है। अदालत ने फिलहाल इस अधिसूचना के अमल पर रोक जारी रखते हुए मामले की अगली सुनवाई निर्धारित की है।

## चंडीगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं को झटका, अतिरिक्त भार पर देना होगा दोगुना बिल

**चंडीगढ़।** अगर आपने घर या दुकान में एसी, गीजर, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर या अन्य बिजली से चलने वाले उपकरण बढ़ा लिए हैं, लेकिन बिजली कनेक्शन का स्वीकृत लोड नहीं बढ़वाया है, तो अब आपको दोगुना शुल्क चुकाना पड़ सकता है। चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने उपभोक्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे अपनी वास्तविक बिजली खपत के अनुसार स्वीकृत लोड तत्काल अपडेट करा लें। सीपीडीएल के अनुसार, जांच में सामने आया है कि कई उपभोक्ता स्वीकृत लोड से अधिक बिजली का उपयोग कर रहे हैं। इससे बिजली वितरण नेटवर्क पर अतिरिक्त दबाव पड़ने के साथ सुरक्षा संबंधी जोखिम भी बढ़ रहे हैं। कंपनी ने बताया कि संयुक्त विद्युत नियामक आयोग (जेईआरसी) के 30 अक्टूबर 2025 के टैरिफ आदेश के तहत स्वीकृत लोड से अधिक बिजली उपयोग करने पर अतिरिक्त लोड और उससे संबंधित बिजली खपत पर सामान्य टैरिफ की दोगुनी दर से शुल्क वसूला जाएगा।

## दिल्ली में युगांडा की छात्रा की सड़क हादसे में मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** लाजपत नगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में युगांडा की 23 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार वाहन चालक और हादसे में शामिल वाहन की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। वाहन चालक की पहचान के लिए लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। पुलिस ने युगांडा दूतावास के अधिकारियों को छात्रा के मौत की सूचना दी है। पुलिस के मुताबिक, 23 वर्षीय नाका वेमा नोवा मूलतः युगांडा की रहने वाली थी। दिल्ली में वह अपने साथियों के साथ पंचशील विहार स्थित ए-22 में रह रही थीं। वारदात छह व सात जुलाई की दरम्यानी रात करीब एक बजे की है। पुलिस ने बताया कि देर रात करीब 2:20 बजे एम्स ट्रामा सेंटर से 23 वर्षीय विदेशी नागरिक को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मामले की सूचना मिलने पर लाजपत नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। क्राइम टीम और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच और पूछताछ के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस ने मृतका के दोस्तों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि हादसे में शामिल वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके। शुरुआती जांच में पुलिस इसे हादसा मान रही है। हालांकि, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वाहन और चालक की पहचान होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाले मंत्री अरोड़ा को राहत नहीं

**चंडीगढ़।** कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री संजीव अरोड़ा को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर बुधवार को सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। इस पर हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। संजीव अरोड़ा ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में अपनी गिरफ्तारी और इसके बाद पारित रिमांड आदेशों को अवैध बताते हुए उन्हें रद्द किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि उनकी गिरफ्तारी कानून के अनुरूप नहीं की गई, इसलिए इसे निरस्त किया जाए। गौरतलब है कि ईडी ने संजीव अरोड़ा को कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अनुसार मामला फर्जी जीएसटी बिलिंग, रियल एस्टेट लेन-देन और कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है।

## पंजाब में प्रिंसिपल बनने की राह 50 फीसदी अंक की शर्त से अटकी पदोन्नति, स्पीकर ने शिक्षा विभाग को लिखा पत्र

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने सरकारी स्कूलों में प्रिंसिपल पद पर पदोन्नति के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन में 50 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता का मुद्दा उठाया है। उन्होंने स्कूल शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि इस शर्त के कारण बड़ी संख्या में अनुभवी लेक्चरर पदोन्नति से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने विभाग से इस मामले में उचित फैसला लेने और प्रभावित शिक्षकों को राहत देने का आग्रह किया है। स्पीकर ने अपने पत्र में कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने सितंबर 2025 में जारी अधिसूचना के तहत प्रिंसिपल पदोन्नति के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य कर दिए हैं। लेकिन विभाग में कई ऐसे लेक्चरर हैं, जिन्होंने सेवा के दौरान एक से अधिक पोस्ट ग्रेजुएट डिग्रियां हासिल की हैं।उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे मामलों में पात्रता तय करते समय उम्मीदवार की किसी भी पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री में प्राप्त सर्वाधिक अंकों को आधार बनाया जाए, ताकि योग्य शिक्षक केवल तकनीकी कारणों से पदोन्नति से वंचित न रहें।

# जनता की फीडबैक के लिए मैदान पर उतरे नगर आयुक्त अलंकार

## अमृतसर डेवलपमेंट अथॉरिटी के रेगुलेटरी विंग ने पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन की मौजूदगी में कार्रवाई की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत आगे बढ़ते हुए, नगरपालिका आयुक्त ओजस्वी अलंकार ने मंगलवार को विभिन्न शहरी क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया और जमीनी स्तर पर सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए निवासियों से सीधे फीडबैक मांगा। आर.के. रोड, शेरपुर गांव, जमालपुर कालोनी, मेट्रो रोड, चीमा चौक सहित विभिन्न शहरी क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त अलंकार ने शहर के भीतरी क्षेत्रों का दौरा किया और निवासियों से सीधे बातचीत कर जमीनी स्तर पर निवासियों की समस्याओं का जायजा लिया। इस औचक निरीक्षण का उद्देश्य निवासियों से सीधे जानकारी लेना और अधिक कुशलता और पारदर्शिता के साथ सेवाओं को वितरित करना था। नगर आयुक्त अलंकार ने बताया कि स्थानीय सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत कार्यरत नगर निगम अधिकारियों को पहले ही सख्त आदेश जारी किए जा चुके हैं कि स्वच्छता के मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि जमीनी स्तर पर स्थिति और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं यह जानने के लिए नियमित फीडबैक आवश्यक है। क्षेत्रीय आयुक्तों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि रोजाना फील्ड में जाएं और शहर भर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। निवासियों से खुले क्षेत्रों/खाली भूखंडों में गंदगी न करके स्वच्छता सुनिश्चित करने में नगरपालिका का समर्थन करने की अपील करते हुए, नगर आयुक्त अलंकार ने कहा कि वे आने वाले दिनों में भी औचक निरीक्षण करेंगे और अगर जमीनी स्तर पर कोई अनियमितता पाई जाती है। तो सख्त विभागीय कार्यवाही होगी।

# शिरोमणि अकाली दल होशियार पुर के विकास के लिए प्रतिबद्ध

## 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए एकजुट होने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**होशियारपुर-** शिरोमणि अकाली दल होशियारपुर के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इन विचारों का प्रकटीकरण शिरोमणि अकाली दल के हलका प्रभारी संजीव तलवार ने पार्टी उम्मीदवारों के साथ की गई एक विशेष बैठक के दौरान किया। बैठक को संबोधित करते हुए संजीव तलवार ने कहा कि भले ही जनता ने फतवा (जनादेश) आम आदमी पार्टी के पक्ष में दिया है, लेकिन शिरोमणि अकाली दल होशियारपुर के विकास कार्यों के लिए अपना पूर्ण सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि अकाली दल पंजाब की शांति, भाईचारे और अमन के लिए हमेशा अग्रसर रहा है और आने वाले समय में भी इस बात पर पहरा दिया जाएगा। तलवार ने 'तराजू' (तकड़ी) के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने वार्डों में हर जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आएं और पिछड़े हुए विकास कार्यों को पूरा करवाने के लिए प्रयास तेज करें। इस अवसर पर शिरोमणि अकाली दल के जिला होशियारपुर के शहरी अध्यक्ष जतिंदर सिंह लाली बाजवा ने कहा कि अकाली दल हमेशा विकास की राजनीति के लिए जाना जाता है। नगर निगम के विकास के लिए पार्टी द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनाव मैदान में उतरने वाले सभी उम्मीदवारों का पार्टी में पूरा मान-सम्मान किया जाएगा।



**2027 के चुनावों के लिए फूंका बिगुल:** लाली बाजवा ने घोषणा की कि सभी नेता और कार्यकर्ता वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए आज से ही एकजुट होकर काम शुरू करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी उम्मीदवारों ने एक सुर में पार्टी की मजबूती और 2027 के चुनावों में बड़ा योगदान देने का पूर्ण वादा किया। इस मौके पर सभी उम्मीदवारों के साथ पार्टी के अन्य नेता भी उपस्थित थे।

# विद्यालय के मार्ग की दशा दयनीय व चिंताजनक : कांग्रेस नेता विवेक पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** विधानसभा मेजा क्षेत्र के अंदर मेजा खास में जवाहर नवोदय विद्यालय को जाने वाले मार्ग की दशा दयनीय व चिंताजनक, साथ ही वर्षा हो जाने पर जलमग्न हो जाता है यह मार्ग विधानसभा मेजा क्षेत्र के अंदर मेजा खास में विगत कई वर्षों पहले से स्थापित हुए जवाहर नवोदय विद्यालय में पहुंचने का एक अहम मार्ग जो आवागमन के किरदार को निभाता है लेकिन दुर्भाग्यवश यह मार्ग बहुत ही बदहाली के दौर में है। जब कि इस इस मार्ग पर प्रतिदिन छात्रों सहित अन्य लोगों के साथ ही मेजा खास क्षेत्र के अतिरिक्त ग्राम बसहरा, बिगहना, सिटकी, रामनगर के अलावा आदि ग्रामीण अंचलों को यह मार्ग जोड़ता है साथ ही प्रयागराज के कोरांव तहसील के कुछ भागों को जोड़ने का काम करता है। इस मार्ग के अंदर कई स्थानों पर जलभराव रहता है और जलभराव के बीच से ही लोगों का आवागमन करते हुए उक्त पुराने मार्ग के दुर्दशा को झेलने के लिए विवश है।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार के प्रदेश महासचिव व प्रभारी प्रयागराज मंडल विवेक पाण्डेय ने अपने वक्तव्य के माध्यम से कहा कि इस मार्ग पर सफर करना टेढ़ी खीर के साथ बेहद ही दुर्लभ है। और यही नहीं बल्कि वर्तमान में विधानसभा मेजा के अंतर्गत क्षेत्र मेजा खास जिस तरह से विकास के दावे किए जा रहे हैं वह केवल एक कोरे कागज की तरह से आज भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जब कि यह अहम मार्ग नवोदय विद्यालय के अलावा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों सहित शिक्षकों को भी इसी दयनीय स्थिति के मार्ग से गुजरना पड़ता है।

## पति पर पत्नी को जिंदा जलाने और करंट लगाकर मारने की कोशिश का आरोप,मुकदमा दर्ज

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के शाहजी का पुरा से घरेलू हिंसा और जानलेवा हमले का गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र की निवासी रेखा ने अपने पति कैलाश पर मारपीट, जिंदा जलाने का प्रयास तथा बिजली का करंट लगाकर हत्या की कोशिश करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रेखा के अनुसार, घटना की शुरुआत मार्च माह में हुई थी। उसने आरोप लगाया कि शराब के नशे का आदी उसका पति कैलाश उसे घर के भीतर बंधक बनाकर बेरहमी से मारता-पीटता था। आरोप है कि एक दिन आरोपी ने उसे कमरे में बंद कर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया और दरवाजे के नीचे से कपड़ा जलाकर कमरे में आग लगाने का प्रयास किया। महिला ने किसी तरह आग बुझाकर अपनी जान बचाई। पीड़िता का यह भी आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने कमरे में पानी भर दिया और उसमें बिजली का लाइव करंट प्रवाहित कर दिया।

# सरकारी जमीन पर चला बुलडोजर, मामा-भांजा तालाब व डांडी में हटाया गया अवैध कब्जा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी प्रयागराज।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान लगातार तेज किया जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुपालन में तहसील प्रशासन सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है।इसी क्रम में बुधवार को उप जिलाधिकारी करछना तपन मिश्रा पुलिस बल के साथ नैनी क्षेत्र स्थित मामा-भांजा तालाब पहुंचे। यहां कुछ लोगों द्वारा पावर हाउस की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया था। उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इसके बाद प्रशासनिक टीम डांडी क्षेत्र पहुंची, जहां चारागाह की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाकर जमीन को खाली कराया गया। पूरे अभियान के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।उप जिलाधिकारी तपन मिश्रा ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार अतिक्रमण हटाने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पूर्व भी तहसील प्रशासन ने करछना गांव में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भूमि को कब्जा को मुक्त कराया।

# 14 साल पुराने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** थाना बहरिया पुलिस ने वर्ष 2012 से न्यायालय में विचाराधीन एक पुराने मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। यह कार्रवाई माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-21, प्रयागराज द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में की गई। पुलिस के अनुसार बुधवार को थाना बहरिया पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना एवं न्यायालय के निर्देशों के आधार पर कार्रवाई करते हुए मु0नं0-517/12, धारा 306 भारतीय दंड संहिता (आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण) से संबंधित वांछित अभियुक्त ललित कुमार सरोज पुत्र दुखीराम, निवासी ग्राम सरायसुल्तान, थाना बहरिया, कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र लगभग 50 वर्ष, को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उक्त मुकदमा पिछले लगभग 14 वर्षों से न्यायालय में विचाराधीन है। अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी अधिपत्र (वारंट) जारी किया गया था, जिसके अनुपालन में थाना बहरिया पुलिस ने योजनाबद्ध ढंग से कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चन्दन कुमार यादव एवं आरक्षी नीरज सिंह, थाना बहरिया शामिल रहे।

# 'ऑपरेशन दहन' के तहत प्रयागराज पुलिस ने 3.83 करोड़ रुपये का 766.67 किलो गांजा जलाकर किया नष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन दहन' के तहत कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस ने है करीब 3 करोड़ 83 लाख 33 हजार 500 रुपये मूल्य के 7.6667 क्विंटल (766.67 किलोग्राम) अवैध गांजे को उच्च स्तरीय समिति की निगरानी में विधिवत अग्नि में जलाकर नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई कमिश्नरेट प्रयागराज की नारकोटिक्स टास्क फोर्स (अपराध शाखा), थाना सोरांव तथा थाना मऊआइमा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पूरी की गई। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में प्रदेशभर में चल रहे 'ऑपरेशन दहन' अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त गंगानगर, अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर, सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव एवं फूलपुर के नेतृत्व में संपन्न कराई गई। अभियान का उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाना और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूर्व में थाना सोरांव और थाना मऊआइमा पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में मादक पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया था। इस दौरान कई तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए थे। बरामद गांजे को नियमानुसार विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा गया, जहां जांच में यह पुष्टि हुई कि जब्त सामग्री अवैध मादक पदार्थ गांजा ही है। इसके बाद पुलिस ने विवेचना पूरी कर संबंधित मामलों में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। न्यायालय से धारा 52ए एनडीपीएस एक्ट के तहत आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के बाद गांजे के विनष्टीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई।

# मारपीट के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पूरामुफ्ती थाना पुलिसने मारपीट और बलवा के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अवैध .315 बोर का तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी गई हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर बुधवार को थाना पूरामुफ्ती और एसओजी नगर की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के बमरौली मोड़ स्थित शुद्ध डेयरी के सामने गली में घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान दोनों वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मो. एहतेशाम (25 वर्ष) पुत्र सगीर अहमद तथा अबु उजैफा (19 वर्ष) पुत्र समसुलेन, दोनों निवासी अहमदपुर असरौली, थाना पूरामुफ्ती, प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों अभियुक्त थाना पूरामुफ्ती में दर्ज मु0अ0सं0 81/2026 के तहत धारा 191(2), 191(3), 190, 109, 351(2) एवं 324(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के मामले में वांछित चल रहे थे। गिरफ्तारी के दौरान तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक अवैध .315 बोर का तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद मुकदमे में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की भी बढ़ोतरी कर दी गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में वांछित युवक गिरफ्तार, फूलपुर पुलिस ने गांव के पास से दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** थाना फूलपुर पुलिस ने दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पर नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाकर दुष्कर्म करने तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को उसके गांव के समीप से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फूलपुर पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रवीण पटेल को ग्राम आटा स्थित जौनपुर रोड मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रवीण पटेल (19 वर्ष) पुत्र मनोज पटेल, निवासी ग्राम आटा, थाना फूलपुर, कमिश्नरेट प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता के पिता द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, घटना की शिकायत करने पर आरोपी ने पीड़िता और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर में मु0अ0सं0-198/2026 के तहत धारा 64(1), 115(2) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# मक्के के खेत में दौड़ा करंट बना काल, चाचा-भतीजे की दर्दनाक मौत

## धान की रोपाई करने पहुंचे दोनों की मौके पर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


कमलेश अर्पित

**बहरिया (प्रयागराज)।** बहरिया थाना क्षेत्र के खालसा गांव में बुधवार शाम एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। मक्के के खेत की सुरक्षा के लिए कथित रूप से दौड़ाए गए बिजली के करंट की चपेट में आने से चाचा-भतीजे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। मृतकों की पहचान अर्पित (14 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र कुमार तथा कमलेश कुमार (29 वर्ष) पुत्र सीताराम के रूप में हुई है। अर्पित अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, जबकि कमलेश पांच भाइयों में सबसे छोटा था। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे थे और एक ही परिवार के दो सदस्यों की एक साथ मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार शाम करीब पांच बजे बारिश रुकने के बाद दोनों धान की रोपाई करने खेत पहुंचे थे। आरोप है कि पास के मक्के के खेत को जंगली जानवरों से बचाने के लिए अवैध रूप से बिजली का तार बिछाकर उसमें करंट प्रवाहित किया गया था। लगातार बारिश के कारण करंट आसपास के खेतों तक फैल गया। जैसे ही अर्पित और कमलेश खेत में पहुंचे, वे करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पास के खेत में काम कर रही महिलाओं ने घटना होते देख शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। सबसे पहले बिजली आपूर्ति बंद कराई गई और दोनों को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ने अपने खेत की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से बिजली का करंट दौड़ा रखा था। उनकी लापरवाही के कारण दो परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ग्रामीणों ने दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करते हुए लोगों को शांत कराया और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी। वहीं एसीपी फूलपुर विवेक यादव ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर एबीवीपी की छह दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ

**महरौनी।** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित छह दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की महरौनी नगर इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष प्रखर खरे, नगर उपाध्यक्ष रोहित तिवारी, नगर मंत्री ओमकार राजा, नगर सह मंत्री अभय त्रिपाठी, नगर सह मंत्री अजय राजा, नीलकमल शर्मा, प्राशु खजूरिया एवं संदीप राजा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं सहयोगियों में महीपाल राजा एवं हरिशंकर रजक ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के इस जनअभियान में समाज के प्रत्येक व्यक्ति से सहभागी बनने का आह्वान किया।

## महरौनी में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा एवं डीबीटी योजना का शुभारंभ

**महरौनी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र महरौनी में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा एवं डीबीटी योजना के शुभारंभ अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी (बाबा विश्वनाथ की नगरी) से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत महरौनी प्रतिनिधि दुष्यंत बड़ोनिया के मुख्य आतिथ्य तथा खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पुरोहित के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा महरौनी मंडल अध्यक्ष दीपक तिवारी 'मोना' भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक हृदेश देव गोस्वामी ने किया, जबकि अंत में जगदीश सिंह परिहार एवं पूर्व एआरपी राजीव श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# नैनो उर्वरकों के प्रयोग संबंधी इफको में चार दिवसीय विशेष कृषि प्रशिक्षण का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य समेत 10 हिंदी भाषी राज्यों ( बिहार ,छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड ) से आए कुल 52 कृषकों का इफको नैनो उर्वरकों ( नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कापर ) के संतुलित एवं कुशल उपयोग हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ,आज मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट कार्डेट फूलपुर में हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कार्डेट फूलपुर के प्रधानाचार्य डॉ. विवेक दीक्षित ने आए हुए सभी कृषकों का स्वागत किया एवं उन्हें कार्डेट के एवं इफको के क्रियाकलापो से परिचित कराया। साथ ही यह जानकारी दी कि इस चार दिवसीय विशेष कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मृदा परीक्षण की उपयोगिता, खरीफ फसलों में नैनो उर्वरकों तथा जैव उर्वरकों एवं इफको के अन्य उत्पादों के प्रयोग , मौन पालन , पशुपालन एवं आधुनिक कृषि में ड्रोन के महत्व जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने जानकारी दी कि इफको सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाली एक अनोखी संस्था है जो देश के किसानों के बीच उत्कृष्ट कार्य कर रही है। इस दौरान कॉर्डेट की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती सविता शुक्ला, मृदा वैज्ञानिक डॉ. हरिश्चंद्र नीम तेल संयंत्र एवं आईआरडीपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह , प्रभारी प्रशिक्षण मुकेश तिवारी सहित कारडेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'दुल्हनिया ले आएगी' का नया गाना 'कर ले शादी' रिलीज़

## महेश मांजरेकर और खुशाली कुमार ने दिखाई पिता-बेटी की खूबसूरत बॉन्डिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




दया शंकर त्रिपाठी

**ब्यूरो प्रयागराज।** 'दुल्हनिया ले आएगी' का नया गाना 'कर ले शादी, ना समझ इसको बर्बादी' बना पिता की प्यारी नसीहत और बेटी की मजेदार नोकझोंक का जश्न आकाशादित्य लामा निर्देशित 'दुल्हनिया ले आएगी' का नया गाना 'कर ले शादी' रिलीज़ हो गया है। यह मजेदार, चुलबुला और मनोरंजन से भरपूर गीत एक पिता और बेटी के बीच की प्यारी नोकझोंक को बेहद खूबसूरती से दर्शाता है। गाने में महेश मांजरेकर और खुशाली कुमार की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों का दिल जीत लेती है, जहाँ एक स्नेही पिता अपनी बेटी को बड़े ही मजाकिया अंदाज में शादी के लिए मनाने की कोशिश करता है। गाने की सबसे खास बात इसका कैची हुक लाइन 'कर ले शादी, ना समझ इसको बर्बादी' है, जो सुनते ही जुबाँ पर चढ़ जाती है। हल्के-फुल्के अंदाज, मजेदार बोल और पारिवारिक भावनाओं से भरपूर यह गीत फिल्म के माहौल और उसके मनोरंजक अंदाज की एक शानदार झलक पेश करता है। 'कर ले शादी' को जाज़िम शर्मा, दीपाली साठे और रिमी धर ने अपनी आवाज़ दी है। संगीत जाज़िम शर्मा ने तैयार किया है, जबकि इसके दिलचस्प और यादगार बोल जे.पी. गंगवार ने लिखे हैं। जोशीले संगीत, रंगीन विजुअल्स और पिता-बेटी की प्यारी नोकझोंक के साथ यह गीत फिल्म की फैमिली एंटरटेनर भावना को पूरी तरह सामने लाता है। गाने को लेकर निर्देशक आकाशादित्य लामा ने कहा, ''कर ले शादी' ऐसा गीत है, जो दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान छोड़ जाएगा। यह एक पिता और बेटी के बीच की मजेदार बातचीत है, जिसमें हास्य, संगीत और ऐसे बोल हैं, जिन्हें हर कोई गुनगुनाना चाहेगा। 'कर ले शादी, ना समझ इसको बर्बादी' सिर्फ एक लाइन नहीं, बल्कि फिल्म के हल्के-फुल्के और मनोरंजक अंदाज की पहचान है। महेश सर और खुशाली ने अपनी शानदार केमिस्ट्री, गर्मजोशी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से इस गाने को मेरे पसंदीदा हिस्सों में से एक बना दिया है। ' सिद्धार्थ बनर्जी, आकाशादित्य लामा और विकास अग्रवाल द्वारा निर्मित 'दुल्हनिया ले आएगी' में खुशाली कुमार, पियूष मिश्रा और महेश मांजरेकर प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएँगे। फिल्म एक ऐसी पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर कहानी लेकर आ रही है, जिसमें हँसी, इमोशंस, रिश्तों की गर्माहट और कई अप्रत्याशित मोड़ देखने को मिलेंगे। 'कर ले शादी' के रिलीज़ के साथ दर्शकों को फिल्म की दिल छू लेने वाली दुनिया की एक खूबसूरत झलक मिल गई है। ऐसे में, अब 24 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली 'दुल्हनिया ले आएगी' का इंतजार और भी दिलचस्प हो गया है।

# शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारम्भ कार्यक्रम में डिप्टी सीएम मुख्य अतिथि के रूप में हुए सम्मिलित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत 12 लाख शिक्षक एवं उनके परिवारों के सदस्यों को कैशलेस चिकित्सा हेल्थ कार्ड एवं 1.10 करोड़ विद्यार्थियों के डी0बी0टी0 के माध्यम से यूनिफार्म, जूता-मोजा, स्वेटर, बैग व स्टेशनरी हेतु प्रति छात्र-छात्रा हेतु 1200 रूपये वितरण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ प्रदेश स्तर पर बुधवार को वाराणसी जनपद से किया गया। जनपद प्रयागराज में कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी सम्मिलित हुए। उपमुख्यमंत्री जी के द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत बेसिक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत लाभार्थियों को कैशलेस चिकित्सा का डेमो कार्ड वितरित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर लाभार्थी शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षकों तथा मध्यान्ह भोजन योजना की रसोइयों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा का प्रतीकात्मक कार्ड वितरित कर योजना की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत लाभान्वित शिक्षकों, शिक्षामित्रों, रसोईयां, विशेष शिक्षकों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कार्मिकों व उनके परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन प्रदेश के शिक्षा जगत और शिक्षकों के कल्याण के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मैं ईश्वर से यहीं प्रार्थना करता हूं आपको कभी कोई बीमारी न हो, परंतु अगर कोई बीमारी हो ही जाती है, तो आपके वेतन का पैसा इलाज पर खर्च न हो और कैशलेस चिकित्सा सुविधा के माध्यम से आपका इलाज हो जाये, यहीं इस सुविधा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के 12 लाख शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने वाली मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की शुरुआत कर दी गई है। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षकों एवं उनके पात्र आश्रितों को आयुष्मान भारत से संबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है, जो उनके मनोबल को बढ़ाएगी और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करेगी। यह योजना न केवल एक सरकारी कर्मचारी को है बल्कि एक पूरे परिवार का आच्छदित करेगी यह योजना प्रभावी ढंग से लागू होने के उपरान्त एक समाजिक क्रांति का स्वरूप लायेगी। उपमुख्यमंत्री ने आगे बताया कि गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुरूप परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आर्थिक सहयोग के लिए उनके अभिभावकों के खातों में रू 1200 की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा रही है। इस डीबीटी के माध्यम से सम्बन्धित अभिभावक अपने बच्चे के लिए 02 सेट यूनीफार्म, जूत मोजा, स्टेशनरी एवं बैग आदि क्रय कर शिक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक करेगा।

# यूएस ने होर्मुज में पोत हमलों के बाद ईरान पर किए जवाबी हमले



**अमेरिकी हमलों के तुरंत बाद ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ''हर जरूरी कदम उठाएगा।'' इससे युद्ध रोकने के लिए हुए अंतरिम समझौते के टूटने का खतरा बढ़ गया है और पश्चिम एशिया के फिर से व्यापक संघर्ष की चपेट में आने की आशंका पैदा हो गई है। ईरान पर हमले के बाद बहरीन और कुवैत ने बुधवार सुबह उन पर मिसाइल हमले होने के संबंध में अलर्ट जारी किए। बहरीन जहां अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े का ठिकाना है, वहीं कुवैत में अमेरिकी थलसेना मौजूद है।**

अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) में तीन पोतों पर हमले होने के बाद बुधवार तड़के ईरान पर ''जवाबी हमले'' किए और ईरान को वैश्विक बाजार में कच्चा तेल खुले तौर पर बेचने की अनुमति देने वाले लाइसेंस को भी रद्द कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि ईरान ने अमेरिका की इस कार्रवाई के बाद जबाव में बहरीन और कुवैत पर हमले किए। इससे पहले अमेरिका ने कहा था कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन पोतों पर हमला किया था। अमेरिकी हमलों के तुरंत बाद ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ''हर जरूरी कदम उठाएगा।'' इससे युद्ध रोकने के लिए हुए अंतरिम समझौते के टूटने का खतरा बढ़ गया है और पश्चिम एशिया के फिर से व्यापक संघर्ष की चपेट में आने की आशंका पैदा हो गई है। ईरान पर हमले के बाद बहरीन और कुवैत ने बुधवार सुबह उन पर मिसाइल हमले होने के संबंध में अलर्ट जारी किए। बहरीन जहां अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े का ठिकाना है, वहीं कुवैत में अमेरिकी थलसेना मौजूद है। पोतों पर हमले और उसके बाद ईरान पर अमेरिकी हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रम जारी हैं।खामेनेई 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत में अमेरिका और इस्राइल के हमलों में मारे गए थे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम बृहस्पतिवार को समाप्त होंगे। ऐसा माना जा रहा था कि ईरान में शोक की इस अवधि में तनाव कम होगा लेकिन शोक मनाने वाले लोगों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ''हत्या का आह्वान'' कई बार किया है। अमेरिका और ईरान के बीच अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत खामेनेई को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने के बाद शुरू होनी है। इस वार्ता में होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह फिर से खोलने और ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने जैसे कठिन मुद्दों पर चर्चा होनी है लेकिन हालिया हमलों ने इस प्रक्रिया को खतरे में डाल दिया है। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने 'एक्स' पर लिखा, ''धौंस और उगाही का दौर खत्म हो चुका है। इससे कोई नतीजा नहीं निकलेगा। हम झुकते नहीं हैं।'' 'यूएस सेंट्रल कमान' ने कहा कि अमेरिकी बलों ने ''एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग में बेकसूर चालक दल वाले वाणिज्यिक पोतों को निशाना बनाने और उन पर हमला करने की भारी कीमत वसूलने के लिए'' ये हमले किए। उसने कहा कि उसने ईरान के कई ठिकानों को निशाना बनाया जिनमें वायु रक्षा प्रणालियां, रडार और ईरान के अर्द्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली 60 से अधिक छोटी नौकाएं शामिल हैं। उसने कहा कि जलडमरूमध्य में पोतों को परेशान करने में इन नौकाओं की अहम भूमिका रही हैं।

# पुरी रथ यात्रा के लिए हाईटेक सुरक्षा



ओडिशा पुलिस ने 16 जुलाई से पुरी में शुरू होने वाली वार्षिक रथ यात्रा के लिए थल, जल और वायु से निगरानी समेत बहुस्तरीय सुरक्षा योजना तैयार की है। इस रथ यात्रा में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा योजना में मुख्य रूप से भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वहीं हवाई सुरक्षा के लिए ड्रोन और एंटी-ड्रोन उपकरणों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि समुद्री क्षेत्र में भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और ओडिशा पुलिस के समुद्री थाने की संयुक्त गश्त व्यवस्था बनाई गई है। इसके अलावा जहाजों पर त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) भी तैनात किए जाएंगे। ओडिशा पुलिस की सुरक्षा योजना को मंगलवार को हुई समन्वय बैठक में साझा किया गया। रथ यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), भारतीय तटरक्षक बल सहित कई महत्वपूर्ण एजेंसियों की तैनाती की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई. बी. खुरानिया ने की।बैठक में रथ यात्रा के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), एनएसजी के दलों और एनएसजी त्वरित प्रतिक्रिया दलों की तैनाती और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। डीजीपी ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और भारतीय तटरक्षक बल को इस वर्ष सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने का निर्देश दिया। ओडिशा पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार, महत्वपूर्ण स्थानों पर बम निरोधक जांच को और कड़ा किया जाएगा तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बयान में कहा गया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्ता दल को हर समय सतर्क रखने की रणनीति बनाई गई है।इसके अलावा, डीजीपी ने मंदिर के आसपास सुरक्षा वाहनों की तैनाती, के-9 दस्ते, एनएसजी प्रशिक्षित एसओजी टीम और विशेष सामरिक इकाई (एसटीयू) की तैनाती पर भी विस्तार से चर्चा की। पुलिस ने भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की योजना बनाई है। इसके तहत पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था, वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग, बैरिकेड लगाने, जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर त्वरित समस्याओं के समाधान और श्रद्धालुओं के सुचारु दर्शन के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। डीजीपी खुरानिया ने चलती ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर चोरी व लूट करने वाले आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए चिह्नित अपराधियों की तस्वीरें प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, रेलवे स्टेशनों और रेलवे पुलिस थानों के सामने लगाई जाएंगी। इन तस्वीरों को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को भी सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। खुरानिया ने पुरी शहर में अपराध नियंत्रण के लिए सभी पुलिस थानों में विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया है। उन्होंने पुरी जिला पुलिस को होटल, लॉज, मठ, मंदिर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, श्रमिकों के ठहरने के स्थान, धर्मशालाओं और अन्य ऐसे स्थानों की गहन जांच करने को भी कहा है। अधिकारियों के अनुसार, 16 जुलाई से शुरू होने वाली नौ दिवसीय रथ यात्रा के लिए करीब 12,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

# बरसात में संक्रमण से बचाएगी हेल्दी डाइट



**महिलाओं के लिए यह मौसम इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है, कि वे अकसर घर और कार्यस्थल की दोहरी जिम्मेदारियां निभाती हैं। इसलिए इन दिनों खास तौरपर कामकाजी महिलाओं को अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो थकान, कमजोरी और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।जानकारों का मानना है कि मानसून के दिनों में स्वस्थ रहने का एक सबसे आसान और प्रभावी उपाय है -संतुलित, ताजा और पौष्टिक भोजन।**

बारिश का मौसम गर्मी से भले राहत देता है, लेकिन कई तरह की स्वास्थ्य चुनौतियों को भी लेकर आता है। दरअसल इन दिनों वातावरण में नमी काफी ज्यादा बढ़ जाती है। जिससे बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से पनपते हैं। नतीजतन सर्दी, जुकाम, वायरल बुखार, पेट के संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ जाती है। महिलाओं के लिए यह मौसम इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है, कि वे अकसर घर और कार्यस्थल की दोहरी जिम्मेदारियां निभाती हैं। इसलिए इन दिनों खास तौरपर कामकाजी महिलाओं को अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो थकान, कमजोरी और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।जानकारों का मानना है कि मानसून के दिनों में स्वस्थ रहने का एक सबसे आसान और प्रभावी उपाय है - संतुलित, ताजा और पौष्टिक भोजन। सही डाइट इन दिनों महिलाओं की न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है बल्कि स्वस्थ रहने से इनकी ब्यूटी में भी निखार आता है। त्वचा, बालों आदि में स्वस्थ डाइट से असर साफ दिखता है। इसलिए बारिश के मौसम में हेल्दी डाइट का चुनाव करना जरूरी है। आइये जानते हैं यह कैसे संभव है।इन दिनों शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना सबसे जरूरी होता है। इसलिए भोजन में विटामिन सी, एंटी-ऑक्सीडेंट और प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें। अपनी डाइट में जहां सब्जियों के मामले में हरी पत्तेदार सब्जियां, शिमला मिर्च और टमाटर को विशेष रूप से शामिल रखें, वहीं अमरुद, नींबू, संतरा और आंवला भी इन दिनों खाएं ताकि शरीर को भरपूर विटामिन-सी मिल सके। दालों में राजमा, चना, मूंग दाल जरूर खाएं और पनीर को प्रोटीन के लिए प्राथमिकता दें। इस मौसम में प्रोटीनयुक्त मजबूत डाइट महिलाओं के ऊतकों की मरम्मत अच्छी तरह से करती है, जिससे वे स्वस्थ भी रहती हैं और उनकी सुंदरता भी निखरती है। इस मौसम में अपने खानपान को लेकर एक बात का और ध्यान रखें। गर्म और ताजा खाना ही खाएं। मानसून के दिनों में बासी खाने से जितना बचे, उतना अच्छा है। बहुत देर तक फ्रिज में रखा हुआ भोजन भी एवॉइड करें। क्योंकि इसकी गुणवत्ता प्रभावित होती है।

# स्वस्थ बचपन के लिए महत्वपूर्ण विटामिन सी



विटामिन सी एक आवश्यक पोषक तत्व है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, आयरन के अवशोषण में सहायता करने और बच्चों के विकास को बढ़ावा देने में मदद करता है। चूंकि शरीर स्वयं बड़ी मात्रा में विटामिन सी का संश्लेषण या भंडारण नहीं कर सकता, इसलिए बच्चों को यह पोषक तत्व प्रतिदिन अपने आहार के माध्यम से उपलब्ध कराना चाहिए। वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, विटामिन सी कोलेजन के निर्माण में सहायक होता है - जो त्वचा, हड्डियों, उपास्थि, स्नायुबंधन और रक्त वाहिकाओं के विकास के लिए आवश्यक प्रोटीन है। यह एक ऐसा पोषक तत्व भी है जो घाव भरने में सहायक होता है और शरीर में ऊतकों के सामान्य विकास को बनाए रखता है।राष्ट्रीय पोषण संस्थान के अनुसार विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी का सेवन प्रतिरक्षा कोशिकाओं को अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने में मदद करता है, जिससे शरीर को रोगाणुओं से लड़ने में सहायता मिलती है। इसके अलावा, विटामिन सी एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो कोशिकाओं को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। यह पोषक तत्व पौधों से प्राप्त खाद्य पदार्थों से आयरन के अवशोषण को भी बढ़ाता है, जिससे आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया का खतरा कम हो जाता है, जो बच्चों में काफी आम समस्या है। एनआईएच की सिफारिशों के अनुसार, विटामिन सी की दैनिक आवश्यकता है : 1-3 वर्ष की आयु के बच्चे : लगभग 15 मिलीग्राम, 4-8 वर्ष की आयु के बच्चे : लगभग 25 मिलीग्राम व 9-13 वर्ष आयु के बच्चे : लगभग 45 मिलीग्राम। आवश्यक विटामिन सी की अधिकांश मात्रा हरी सब्जियों और ताजे फलों से भरपूर आहार के माध्यम से पूरी की जा सकती है। कई आम खाद्य पदार्थों में विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है और यदि उन्हें सही तरीके से तैयार किया जाए तो वे छोटे बच्चों के लिए उपयुक्त होते हैं।ग्राम अमरूद में लगभग 228 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, जो संतरे से लगभग 2-3 गुना अधिक है। अमरूद में मौजूद विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, कोलेजन निर्माण में सहायक होता है, घाव भरने में मदद करता है और पौधों से प्राप्त आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है। पके हुए, मुलायम अमरूद को काटकर बच्चों को सीधे खाने के लिए दिया जा सकता है या स्मूदी बनाकर पिया जा सकता है। कीवी भी विटामिन सी से भरपूर फलों में से एक है। बता दें कि 100 ग्राम कीवी में लगभग 92-93 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, और यह फाइबर, पोटेशियम, विटामिन ई और फोलेट भी प्रदान करता है। विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट का संयोजन रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करता है, वहीं भरपूर फाइबर से पेट की सेहत बेहतर होती है। अपने प्राकृतिक मीठे-खट्टे स्वाद और मुलायम गूदे के कारण, कीवी बच्चों के स्नैक्स में शामिल करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प है। स्ट्रॉबेरी अपने मीठे और ताज़गी भरे स्वाद के कारण कई बच्चों का पसंदीदा फल है। प्रत्येक 100 ग्राम स्ट्रॉबेरी में लगभग 58-59 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, जो बच्चे की दैनिक आवश्यकता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा करता है। विटामिन सी के अलावा, स्ट्रॉबेरी में भरपूर मात्रा में एंथोसायनिन भी होते हैं - ये एंटीऑक्सीडेंट यौगिक हैं जो फल को इसका विशिष्ट लाल रंग देते हैं। साथ ही इसमें फाइबर भी होता है जो पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। संतरे को लंबे समय से विटामिन सी का प्रतीक माना जाता रहा है। अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के अनुसार, एक मध्यम आकार का संतरा लगभग 70 मिलीग्राम विटामिन सी प्रदान कर सकता है, जो कई छोटे बच्चों की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। विटामिन सी के अलावा, संतरे में पोटेशियम, फोलेट और एंटीऑक्सीडेंट गुणों वाले फ्लेवोनाइड यौगिक भी पाए जाते हैं। बच्चों को केवल जूस पिलाने के बजाय ताजे संतरे देने को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि वे फल के टुकड़ों में मौजूद प्राकृतिक फाइबर का लाभ उठा सकें। ब्रोकली एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जिसे पोषण विशेषज्ञ बच्चों के आहार में नियमित रूप से शामिल करने की सलाह देते हैं। 100 ग्राम ब्रोकोली में लगभग 89 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, और यह विटामिन के, फोलेट और फाइबर भी प्रदान करता है। ब्रोकली सबसे पौष्टिक सब्जियों में से एक है, जो बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करती है। विटामिन सी की कमी को कम करने के लिए, इसे बहुत देर तक पकाने के बजाय भाप में पकाना या जल्दी से भूनना चाहिए। - हील इनिशिएटिव

# मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ, शिक्षकों को मिले स्वास्थ्य सुरक्षा के नए आयाम

## स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज गोण्डा के ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज, गोण्डा के ऑडिटोरियम में 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' के शुभारंभ अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उनके कर-कमलों द्वारा संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, सांसद गोण्डा एवं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि संजीव सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा अकबाल बहादुर तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। 34 शिक्षकों को वितरित किए गए मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के 25 शिक्षकों तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के 9 शिक्षकों, कुल 34 शिक्षकों को योजना के प्रतीकात्मक कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किए गए। कार्ड वितरण के साथ ही योजना का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह योजना शिक्षकों एवं उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। शिक्षकों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु सरकार की महत्वपूर्ण पहल मुख्य अतिथि राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के माध्यम से शिक्षकों को उपचार संबंधी आर्थिक चिंताओं से राहत मिलेगी तथा उन्हें सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने सभी पात्र शिक्षकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षक संगठनों की रही सक्रिय सहभागिता कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा जीतेन्द्र गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राम चन्द्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक संघों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# श्रीभूमि में 8 वर्षीय बच्ची का शव मिलने से सनसनी, दुष्कर्म और हत्या के आरोप; विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि (असम)।** असम के श्रीभूमि जिले के मदनमोहन क्षेत्र में आठ वर्षीय एक बच्ची का शव मिलने के बाद पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन किया और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्ची आज 8 जुलाई बुधवार सुबह से लापता थी। काफी तलाश के बाद उसका रक्तरंजित शव मदनमोहन के समीप एक जंगल से बरामद हुआ। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 19 वर्षीय एक स्थानीय युवक को संदेह के दायरे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। लोगों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और कठोर सजा की मांग करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए श्रीभूमि सदर थाना पुलिस तथा वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया और निष्पक्ष एवं त्वरित जांच का आश्वासन दिया। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए करीमगंज सिविल अस्पताल भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीभूमि में 500 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त, दो गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि।** असम के श्रीभूमि जिले में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल कि लगभग 500 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। इस मामले में एक स्थानीय एजीपी (असम गण परिषद) नेता सहित दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, जिला के बदरपुर और कालिगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने गत 7 जुलाई मंगलवार रात गुप्त सूचना के आधार पर बदरपुर थाना क्षेत्र के भांगा स्टेशन रोड पर अभियान चलाया। इस दौरान एक मोटरसाइकिल (पंजीकरण संख्या ,स10-8883) से 30 साबुन के डिब्बों में छिपाकर ले जाई जा रही करीब 500 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान श्रीभूमि जिले के कनकलच गांव निवासी अनवर हुसैन, जो स्थानीय एजीपी नेता बताए जा रहे हैं, तथा शाकिल उद्दीन के रूप में हुई है। जिले पुलिस का कहना है कि जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। जानकारी के अनुसार, श्रीभूमि की एसएसपी लीना दोले को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कालिगंज वॉच पोस्ट के प्रभारी महिदुज्जमान और मालुआ पीआईसी के प्रभारी शुभम पाल के नेतृत्व में संयुक्त अभियान चलाया गया। मामले की जांच जारी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मादक पदार्थ की खेप कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान तक पहुंचाया जाना था। मामले पर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्रिनयन भुइयां ने भी कार्रवाई की पुष्टि की।

# साइबर अपराधों पर सख्ती के निर्देश, एसपी मो. मुश्ताक ने साइबर क्राइम थाने का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से जुड़ी प्रत्येक शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। एसपी मो. मुश्ताक ने निर्देश दिए कि साइबर फ्रॉड की शिकायत मिलते ही गोल्डन आवर का पूरा लाभ उठाते हुए संबंधित बैंक, वॉलेट, यूपीआई और अन्य वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर अधिकतम धनराशि होल्ड कराई जाए और पीड़ितों को यथाशीघ्र वापस दिलाई जाए।**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने मंगलवार को साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के उद्देश्य से साइबर क्राइम थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, अभिलेखों, आगंतुक रजिस्टर, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर लंबित शिकायतों तथा थाना परिसर की साफ-सफाई का गहन निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से जुड़ी प्रत्येक शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। एसपी मो. मुश्ताक ने निर्देश दिए कि साइबर फ्रॉड की शिकायत मिलते ही गोल्डन आवर का पूरा लाभ उठाते हुए संबंधित बैंक, वॉलेट, यूपीआई और अन्य वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर अधिकतम धनराशि होल्ड कराई जाए और पीड़ितों को यथाशीघ्र वापस दिलाई जाए। उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) एवं हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने साइबर अपराधियों के खिलाफ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा अंतरजनपदीय और अंतरराज्यीय साइबर गिरोहों के विरुद्ध समन्वित अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने आमजन को डिजिटल अरेस्ट, निवेश के नाम पर ठगी, पार्ट-टाइम जॉब, केवाईसी अपडेट, ओटीपी साझा करने, फर्जी कस्टमर केयर कॉल सहित विभिन्न ऑनलाइन साइबर ठगी के तरीकों के प्रति नियमित जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। निरीक्षण के दौरान एसपी ने यह भी निर्देशित किया कि साइबर हेल्प डेस्क पर आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक साइबर प्रकरण की विवेचना में आधुनिक तकनीकी साक्ष्यों का प्रभावी उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।